सूर्योदय 5:51 सूर्यास्त 6:51

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10.0 न्यू | 20.0 अधि |
| धर्मशाला | 15.0 न्यू | 25.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78,494 |
| निफ्टी | 24,354 |

सोना 1,51,200 चांदी 2,48,350

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 18 अप्रैल 2026 | 5 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 109, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### हरिवंश तीसरी बार बने राज्यसभा के उपसभापति



**एजेंसी, नई दिल्ली।** हरिवंश नारायण सिंह तीसरी बार राज्यसभा के उपसभापति बने हैं। उन्हें शुक्रवार को निर्विरोध चुना गया हैं। विपक्ष की ओर से कोई नाम नहीं आया था। पहली बार किसी मनोनीत सदस्य को राज्यसभा का उपसभापति चुना गया है। हरिवंश के समर्थन में राज्यसभा सचिवालय को पांच प्रस्ताव मिले। सदन के नेता जेपी नड्डा ने पहला प्रस्ताव रखा, जबकि दूसरा प्रस्ताव नितिन नवीन ने दिया। पीएम मोदी ने कहा कि लगातार तीसरी बार उपसभापति चुना जाना इस बात का प्रमाण है कि सदन को आप पर गहरा भरोसा है। बीते समय में आपके अनुभव का सदन को लाभ मिला है। आपने सभी को साथ लेकर चलने की कोशिश की है। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस एमएलए विनय कुलकर्णी को उम्रकैद



**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक के भाजपा नेता योगेश गौड़ा गौदार हत्याकांड में बेंगलुरु के स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी समेत 17 दोषियों को उम्रकैद की सजा दी है। कोर्ट ने सभी दोषियों पर 30-30 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। कर्नाटक के धारवाड़ में 15 जून 2016 को बीजेपी नेता और जिला पंचायत सदस्य योगेश गौड़ा की उनके जिम में हत्या कर दी गई थी। शुरुआत में स्थानीय पुलिस ने जांच की, लेकिन राजनीतिक दबाव और आरोपों के चलते 2019 में मामला सीबीआई को सौंप दिया गया था। कोर्ट ने 15 अप्रैल को कांग्रेस विधायक और 16 अन्य लोगों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत दोषी ठहराया था। स्पेशल जज संतोष गजानन भट ने कहा कि सभी दोषियों ने मिलकर हत्या की आपराधिक साजिश रची थी। (अनंत ज्ञान)

### चारधाम यात्रा के लिए शुरू हुआ ऑफलाइन पंजीकरण

**एजेंसी, देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया। राज्य के तीन प्रमुख शहर–हरिद्वार, देहरादून और ऋषिकेश में यात्रियों के लिए काउंटर बनाए गए हैं। हरिद्वार के ऋषिकुल मैदान में 20 काउंटर लगाए गए हैं, जबकि ऋषिकेश के ट्रांजिट कैंप और आईएसबीटी में 30 से अधिक काउंटर बनाए गए हैं। देहरादून के हरबर्टपुर बस स्टैंड पर भी बड़ा रजिस्ट्रेशन काउंटर स्थापित किया गया है। मार्ग के प्रमुख पड़ावों–सोनप्रयाग, जानकीचट्टी, बरकोट (यमुनोत्री मार्ग), हिना (उत्तरकाशी), पंखी (चमोली), जोशीमठ, बद्रीनाथ, गौरीकुंड और गोविंदघाट में भी रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध है। (अनंत ज्ञान)

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- 2300 करोड़ की संभावित धोखाधड़ी रोकी -पेज 2
- प्रदेश कांग्रेस ने घोषित किए 71 ब्लॉक अध्यक्ष -पेज 3
- कांगड़ा जिले में पंचायत चुनाव की सरगर्मियां तेज -पेज 5

# हिमाचल में नौकरियों की बहार, भरे जाएंगे 1590 पद

## सीएम की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में प्राकृतिक फसलों का एमएसपी बढ़ा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में शुक्रवार को प्रदेश के विकास, रोजगार और किसानों के हित से जुड़े कई बड़े फैसलों पर मुहर लगी। शुक्रवार सुबह सचिवालय के शिखर सम्मेलन सभागार में आयोजित इस बैठक में सरकार ने एक साथ रोजगार सृजन, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, प्रशासनिक सुधार और जनसुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में व्यापक निर्णय लिए। इन फैसलों का सीधा असर युवाओं, किसानों और आम जनता पर देखने को मिलेगा।

मंत्रिमंडल ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि करते हुए गेहूं का एमएसपी 60 से बढ़ाकर 80 रुपए प्रति किलोग्राम, मक्की 40 से 50 रुपए, चंबा के पांगी क्षेत्र के जौ 60 से 80 रुपए प्रति किलोग्राम तय किया है। कच्ची हल्दी का एमएसपी 90 से बढ़ाकर 150 रुपए प्रति किलोग्राम किया गया है, जबकि अदरक का एमएसपी 30 रुपए प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है। इस फैसले से प्राकृतिक खेती को मजबूती मिलने के साथ किसानों की आय बढ़ने की उम्मीद है। रोजगार के क्षेत्र में बड़ा निर्णय लेते हुए



मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

**◆ मेडिकल कॉलेजों में रिटायर्ड प्रोफेसरों की नियुक्ति पर मुहर**

मंत्रिमंडल ने प्रदेश में कुल 1590 पद भरने को मंजूरी दी है। इसमें पुलिस विभाग में 1000 कांस्टेबल और वन विभाग में 500 सहायक वन रक्षक शामिल हैं। सहायक वन रक्षक पदों में 50 प्रतिशत आरक्षण वन मित्रों के लिए रखा गया है। इसके अतिरिक्त वन विभाग की प्रशासनिक क्षमता बढ़ाने के लिए राजस्व विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों में से 8 नायब तहसीलदार, 20 कानूनगो और 44 पटवारियों को निश्चित मानदेय पर नियुक्त किया जाएगा।

साथ ही विभाग के 10 क्षेत्रीय मंडलों में 10 विधि सलाहकार भी तैनात किए जाएंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के तहत नए चिकित्सा महाविद्यालयों में क्लीनिकल और गैर–क्लीनिकल विषयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए सेवानिवृत्त फैकल्टी सदस्यों को प्रोफेसर के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दी गई है।

प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से सिरमौर जिले में जल शक्ति विभाग के मंडलों का पुनर्गठन निर्वाचन क्षेत्र के आधार पर किया जाएगा, जिससे लोगों को पेयजल और अन्य सेवाएं अधिक सुचारू रूप से उपलब्ध हो सकेंगी। वहीं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए नियम 10 (2) और (3) में संशोधन करने का भी निर्णय लिया गया है।

### सेना भर्ती के लिए ली जाएगी संजय कुमार की सेवाएं

**युवाओं** को भारतीय सेना में भर्ती के लिए प्रेरित करने हेतु 1 मई से परमवीर चक्र विजेता ऑनरेरी कैप्टन संजय कुमार की सेवाएं लेने का फैसला किया गया है। ऊर्जा क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हाइड्रो पावर पॉलिसी-2006 के तहत पात्र स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों को 71 लघु जल विद्युत परियोजनाएं आवंटित करने का निर्णय लिया गया है। इससे प्रदेश में ऊर्जा उत्पादन बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मंत्रिमंडल ने फायर एनओसी प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने का निर्णय लिया है, जिससे व्यापारियों और भवन मालिकों को राहत मिलेगी तथा अग्नि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। इसके अलावा

### 11 साल में मोदी सरकार पहली बार बिल पास कराने में नाकाम

# महिला आरक्षण बिल 54 वोट से गिरा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

महिला आरक्षण बिल से जुड़ा संविधान (131वां) संशोधन बिल को केंद्र की मोदी सरकार लोकसभा में पास नहीं करवा पाई। इसमें संसद की 543 सीटों से बढ़ाकर 850 सीटें करने का प्रावधान था। 21 घंटे की चर्चा के बाद इस पर वोटिंग हुई। लोकसभा में 528 सांसदों ने वोट डाले। पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े।

**◆ पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े**

बिल को पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। 528 का दो तिहाई 352 होता है। इस तरह ये बिल पास 54 वोट से गिर गया। 11 साल के शासन में यह पहला मौका जब मोदी सरकार सदन में कोई बिल पास नहीं करा पाई। इससे पहले अमित शाह ने एक घंटा स्पीच दी थी। कहा कि अगर ये बिल पास नहीं होते हैं तो इसकी जिम्मेदारी विपक्ष की होगी। देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनकी राह का रोड़ा कौन है। (अनंत ज्ञान)



### इसे देश की महिलाएं कभी नहीं भूलेंगी : शाह

**शाह** ने कहा कि 1992 में नरसिम्हा राव 72 और 73 का संविधान संशोधन लेकर आए और पंचायत में महिलाओं को 33 फीसदी देने का आरक्षण का काम किया। वे कांग्रेस के पीएम थे लेकिन कांग्रेस ने उन्हें कभी अपना पीएम नहीं माना। बीजेपी ने कभी इस बिल का विरोध नहीं किया। कांग्रेस सरकार में उन्हें समर्थन देने वाली पार्टियों ने बिल का विरोध किया। 2023 में मोदी विधेयक लाए। उनको पता था 2024 में चुनाव है कांग्रेस विरोध नहीं कर पाएगी। तब नारी शक्ति वंदन एक्ट पारित हुआ, लेकिन लागू कराने में आए तो फिर से विरोध किया। देश की महिलाएं कभी नहीं भूलेंगी।

### संविधान पर हुए हमले को हरा दिया : राहुल

**राहुल** गांधी ने कहा कि हमने संविधान पर हुए हमले को हरा दिया है। हमने साफ तौर पर कहा है कि यह महिला आरक्षण बिल नहीं है, बल्कि यह भारत की राजनीतिक संरचना को बदलने का एक तरीका है। वहीं, प्रियंका ने कहा कि यह हमारे लोकतंत्र और हमारे देश की एकता के लिए एक बड़ी जीत है। जैसा कि मैंने अंदर कहा, यह संविधान पर हमला था, और हमने इसे विफल कर दिया है, जो कि एक अच्छी बात है। उधर, शशि थरूर ने कहा कि हमने हमेशा कहा है कि हम महिला आरक्षण का पूर्ण समर्थन करते हैं। हालांकि, इसे परिसीमन से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।

# आखिर ईरान ने खोल दिया होर्मुज स्ट्रेट

**एजेंसी, तेहरान**

ईरान ने सीजफायर के दौरान होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह खोल दिया है। विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने ङ्क पर पोस्ट कर बताया कि सभी कमर्शियल जहाजों को गुजरने की इजाजत होगी। यह फैसला लेबनान में सीजफायर के बाद लिया गया है। उन्होंने बताया कि जहाज एक सुरक्षित रास्ते से गुजरेंगे, जिसे ईरान के पोर्ट्स और मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन ने पहले से तय कर रखा है, ताकि सफर के दौरान कोई खतरा न हो। अराघची ने कहा कि इस दौरान जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी, ताकि समुद्री व्यापार प्रभावित न हो। इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ईरान को शुक्रिया कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही होर्मजु स्ट्रेट खुल गया है लेकिन ईरान पर अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी और यह सिर्फ ईरान पर लागू होगी। (अनंत ज्ञान)

**◆ डोनाल्ड ट्रंप बोले- शुक्रिया, लेकिन जारी रहेगी ईरान की नाकाबंदी**

# सीएम सुक्खू आज बंगाल में करेंगे चुनाव प्रचार

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शुक्रवार दोपहर बाद शिमला से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री शनिवार सुबह दिल्ली से कोलकाता जाएंगे, जहां वह कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार अभियान में हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को कांग्रेस ने स्टार प्रचारक के रूप में जिम्मेदारी सौंपी है। इसी के तहत वह पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों में जनसभाएं और संपर्क कार्यक्रम करेंगे। अगले दो–तीन दिनों तक उनका कार्यक्रम तय है, जिसमें वह मतदाताओं तक पार्टी की नीतियों और विचारधारा को पहुंचाने का प्रयास करेंगे। शाम को सीएम कोलकाता में ही रुकेंगे। उनकी वापसी का कार्यक्रम अभी तय नहीं हुआ है।

### राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर के आदेश



**एजेंसी, लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। जज ने कहा कि एफआईआर दर्ज करके मामले को सीबीआई को ट्रांसफर किया जाए। कोर्ट ने यह आदेश कर्नाटक भाजपा के कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर ब्रिटिश नागरिकता लेने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को खारिज करते हुए कहा कि मजिस्ट्रेट को आरोपों की सत्यता पर टिप्पणी करने की आवश्यकता नहीं थी। कोर्ट ने सीबीआई से मामले की जांच के आदेश भी दिए। 28 जनवरी, 2026 को एमपी-एमएलए कोर्ट ने विग्नेश शिशिर की याचिका को खारिज कर दिया था। (अनंत ज्ञान)

# हमीरपुर में जाली नोट चलाने वाले गिरोह के दो सदस्य काबू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर पुलिस ने जाली नोटों के माध्यम से ठगी करने वाले एक शातिर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। यह अंतराज्यीय गिरोह पिछले कुछ दिनों से हिमाचल में घूम रहा था और दुकानदारों को निशाना बना रहा था। पुलिस ने शुक्रवार को इन

**◆ दोनों से 500 के 16 और 200 के 33 जाली नोट बरामद**

दोनों शातिरों को पकड़ा और तलाशी के दौरान इनसे नकली नोट बरामद किए। यह कार्रवाई लोहारड़ा बाईपास रोड के एक 74 वर्षीय दुकानदार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर की गई है। आरोपियों ने 9 अप्रैल, 2026 को झांसा देकर 500 रुपए के असली नोटों के बदले 200 रुपए के जाली नोट थमाकर ठगी की थी।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी निगरानी (आईटीएमएस) और बैंक रिकॉर्ड के विश्लेषण के बाद, अपराध में प्रयुक्त वाहन की पहचान की। 17 अप्रैल को पुलिस टीम ने बैहनाजटा के पास आरोपियों को एक अन्य वाहन (वैगन–आर) में मनाली की ओर जाते समय धर दबोचा। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 500 के 16 और 200 रुपए के 33 जाली नोट बरामद किए गए हैं।

### प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में दुकानदारों को ठग रहे थे

**अब** तक की जांच से यह ज्ञात हुआ है कि आरोपी पिछले कुछ दिनों से हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में घूम रहे थे। अंदेशा है कि उन्होंने अन्य स्थानों पर भी छोटे दुकानदारों और बुजुर्गों को अपनी ठगी का निशाना बनाया है। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि जाली नोट चलाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और शीघ्र कोर्ट में पेश किया जाएगा। उन्होंने जनता से अपील हमीरपुर पुलिस आम जनता, विशेषकर छोटे व्यापारियों से सतर्क रहने की अपील करती है। लेनदेन के समय नोटों के सुरक्षा मानकों की अच्छी तरह जांच करें। यदि किसी व्यक्ति के पास इन संदिग्धों के बारे में कोई जानकारी है, या यदि आप भी इस प्रकार की ठगी के शिकार हुए हैं, तो तुरंत पुलिस अधीक्षक कार्यालय हमीरपुर या थाना सदर हमीरपुर में संपर्क करें। आपकी सूचना इस गिरोह के नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करने में सहायक सिद्ध होगी।

# चिट्टा तस्करी के आरोप में एसबीआई मैनेजर गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिला के जुब्बल क्षेत्र में चिट्टा तस्करी के एक संगठित नेटवर्क का खुलासा करते हुए पुलिस ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के एक लोन मैनेजर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत दबोचा गया है। जांच में सामने आया कि यह मैनेजर स्थानीय स्तर पर सक्रिय तस्करी चैनलों को पंजाब के सप्लायर्स से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रहा था। पुलिस की कार्रवाई के बाद अंतरराज्यीय स्तर पर फैले इस नेटवर्क की परतें खुलने लगी हैं। मामले की शुरुआत 9 फरवरी 2026 को हुई, जब पुलिस ने एक महिला को 13.46 ग्राम चिट्टा सहित गिरफ्तार किया। इसके बाद जांच का दायरा बढ़ाया गया और 17 मार्च को मुख्य आरोपी लुकास उर्फ लक्की को पकड़ा गया।

पुलिस ने जब डिजिटल वित्तीय लेन–देन की गहन पड़ताल की, तो कई संदिग्ध ट्रांजैक्शन सामने आए, जिनसे इस संगठित नेटवर्क की मजबूत सप्लाई चेन का खुलासा हुआ। 6 अप्रैल को तीन और आरोपियों आशीष उर्फ गांधी, मनोज उर्फ सन्नी और खुशी राम उर्फ कुशा को गिरफ्तार किया गया। अब ताजा गिरफ्तारी के साथ अब तक कुल छह आरोपी पुलिस गिरफ्त में आ चुके हैं।

# अडानी बने एशिया के सबसे अमीर शख्स

## ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स में 92.6 अरब डॉलर कुल नेटवर्थ

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स में उनकी नेटवर्थ 92.6 अरब डॉलर यानी करीब 8.59 लाख करोड़ रुपए हो गई है। अभी तक रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी एशिया के सबसे अमीर शख्स थे। उनकी नेटवर्थ 90.8 अरब डॉलर यानी करीब 8.42 लाख करोड़ रुपए है।

**◆ एक दिन में नेटवर्थ 33 हजार करोड़ बढ़ी**

एक दिन में गौतम अडानी की नेटवर्थ 3.56 अरब डॉलर यानी 33.01 हजार करोड़ रुपए बढ़ी है। इसी उछाल ने उन्हें मुकेश अंबानी से आगे निकलने में मदद की। हालांकि, अंबानी की नेटवर्थ में भी 7.67 करोड़ डॉलर यानी 712 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई, लेकिन यह अडानी की रफ्तार के सामने कम रही। वहीं, दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों की लिस्ट में एलन मस्क 656 अरब डॉलर यानी करीब 60 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ पहले नंबर पर बने हुए हैं। उनके बाद लैरी पेज दूसरे और जेफ बेजोस तीसरे नंबर पर हैं। (अनंत ज्ञान)

### इस साल 75 हजार करोड़ रुपए बढ़ गई कुल नेटवर्थ

**अडानी** की इस साल नेटवर्थ 8.1 अरब डॉलर यानी 75.11 हजार करोड़ रुपए बढ़ी है। अडानी ग्रुप के शेयरों में आई तेजी ने इनकी नेटवर्थ को बूस्ट दिया है। वहीं, मुकेश अंबानी की संपत्ति इस साल 16.9 अरब डॉलर यानी 1.57 लाख करोड़ रुपए घटी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में गिरावट इसकी मुख्य वजह रही।

# हिमाचल की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी

## कांगड़ा, मंडी, चंबा और कुल्लू जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम का मिजाज बदल गया है। बीती रात से राज्य की ऊंची पर्वत चोटियों पर ताजा बर्फबारी हुई। लाहौल–स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और चंबा के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में रुक–रुक कर हिमपात हो रहा है, जबकि शिमला और मनाली जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुबह से बादलों का डेरा बना हुआ है। प्रदेश के कई मध्य और निचले क्षेत्रों में भी कहीं धूप तो कहीं बादल छाए रहने से मौसम में ठंडक महसूस की जा रही है।



मौसम विभाग ने कांगड़ा, मंडी, चंबा और कुल्लू जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। वहीं ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर और शिमला जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार 18 और 19 अप्रैल को भी मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम खराब रह सकता है, जबकि 20 अप्रैल को ऊंचे इलाकों में असर बना रहेगा।

### केलांग में 2.5 डिग्री न्यूनतम तापमान

**मौसम** विभाग के अनुसार, इस बदलाव के कारण आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट आ सकती है और ठंड का असर फिर महसूस हो सकता है। तापमान के आंकड़ों पर नजर डालें तो प्रदेश के विभिन्न स्थानों में न्यूनतम तापमान में केलांग 2.5 डिग्री, कुकुमसेरी 3.8 डिग्री, ताबो 5.4 डिग्री, कल्पा 6.6 डिग्री, सराहन 8.3 डिग्री, कुफरी 10.2 डिग्री, सेओबाग 11.4 डिग्री, मनाली 11.9 डिग्री, डलहौजी 12.0 डिग्री, भुंतर 12.6 डिग्री, सोलन 13.0 डिग्री, सुंदरनगर 14.6 डिग्री, बरठीं 14.6 डिग्री, नाहन 15.1 डिग्री, ऊना 15.6 डिग्री, चंबा 15.9 डिग्री, शिमला 16.0 डिग्री, मंडी 16.0 डिग्री, बिलासपुर 17.0 डिग्री, कांगड़ा 18.7 डिग्री दर्ज किया गया।

**चिंता** पिछले साल भारत को सैटेलाइट्स सुरक्षित रखने के लिए बरतनी पड़ी सतर्कता

# अंतरिक्ष में 18 बार खतरे में आए भारतीय उपग्रह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इसरो की इंडियन स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस रिपोर्ट–2025 के मुताबिक, पिछले साल भारत को अपने सैटेलाइट्स को सुरक्षित रखने के लिए बहुत सतर्कता बरतनी पड़ी। 2025 में इसरो के सैटेलाइट्स के लिए करीब डेढ़ लाख से ज्यादा अलर्ट जारी हुए।

ये अलर्ट अमेरिकी स्पेस कमांड से मिले, जिनका विश्लेषण भारतीय वैज्ञानिकों ने अधिक सटीक ऑर्बिटल डेटा के साथ किया। ये आंकड़े साफ संकेत देते हैं कि लो–अर्थ ऑर्बिट अब खतरनाक रूप से भीड़भाड़ वाला हो चुका है। अंतरिक्ष में मलबे के टकराने के खतरों से बचने के लिए इसरो को 18 बार



कोलोजन अवॉइडेंस मैन्यूवर करना पड़ा। यह 14 बार एलईओ सैटेलाइट्स और 4 बार जियो स्टेशनरी सैटेलाइट्स के लिए किया गया। भविष्य के जोखिम को देखते हुए भी इसरो को 84 बार अपनी ऑर्बिट मैन्यूवर प्लानिंग बदलनी पड़ी। गहरे अंतरिक्ष में चंद्रयान–2 के ऑर्बिटर के लिए 2 बार प्लान बदला गया, ताकि नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर से टकराव से बचा जा सके। अकेले चंद्रयान–2 के लिए 2025 में 16 ऑर्बिट मैन्यूवर किए गए। इसरो ने एक मामले में एलवीएम3–एम6 मिशन की लॉन्चिंग को 41 सेकंड तक टालना पड़ा, ताकि मलबे से दूरी सुनिश्चित की जा सके। (अनंत ज्ञान)

### अंतरिक्ष में करीब 12 लाख मलबे के टुकड़े मौजूद

**आईएसएसएआर** 2025 और डब्ल्यूईएफ 2026 की रिपोर्ट के मुताबिक अंतरिक्ष अब 'कचरे का डिब्बा' बनता जा रहा है। शोध के अनुसार, अंतरिक्ष में 10 सेंटीमीटर से बड़े 40,000 और 1 सेंटीमीटर से बड़े करीब 12 लाख टुकड़े मलबे के रूप में मौजूद हैं। 2025 में 328 लॉन्च प्रयास हुए, जिससे 4,198 सैटेलाइट्स स्थापित हुए और कुल 4,651 नए स्पेस ऑब्जेक्ट्स जुड़ गए। स्पेस में कचरा 28,000 किमी/घंटा की रफ्तार से घूम रहा है। एक छोटा सा पेंच भी सैटेलाइट को तबाह कर सकता है।

### दूसरे देश ऐसे कर रहे अपने सैटेलाइट की सुरक्षा

**अमेरिका:** उन्नत रडार नेटवर्क और सेंसर से से 40 हजार मलबों की रियल-टाइम ट्रैकिंग।

**चीन:** विशाल ग्राउंड-बेस्ड टेलीस्कोप और अंतरिक्ष में सैटेलाइट्स को एक कक्षा से दूसरी में ले जाने वाली 'ऑन-ऑर्बिट रीफ्यूलिंग' तकनीक।

**जापान:** निजी कंपनियों के साथ मिलकर चुंबकीय और बिजली के तारों जैसी तकनीकों से मलबे को खींचकर वापस धरती के वातावरण में लाने का प्रयोग।

**यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी:** अत्याधुनिक कोलिजन अवॉइडेंस सॉफ्टवेयर।

# न्यायालयों में लंबित हजारों मामले, फिर भी चुनाव लड़ने की अनुमति पर विवाद

## हिमाचल में अवैध कब्जों पर सवालों के बीच चुनावी छूट पर उठे गंभीर सवाल

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनावों से पहले एक ऐसा विरोधाभासी परिदृश्य सामने आया है, जिसने शासन व्यवस्था और कानून के अनुपालन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर प्रदेश में अवैध कब्जों को हटाने के लिए लगातार न्यायालयों में सुनवाई चल रही है और हजारों मामले हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय से लेकर भारत के सर्वोच्च न्यायालय तक लंबित हैं, वहीं दूसरी ओर ऐसे लोगों को चुनाव लड़ने की अनुमति देने की स्थिति ने पूरे मामले को जटिल और विवादास्पद बना दिया है।

जानकारी बताते हैं कि प्रदेश में अनुमानतः 1,65000 से अधिक अवैध कब्जों के मामले विभिन्न स्तरों पर दर्ज हैं, जिनमें वन भूमि, ग्रीन एरिया और सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण शामिल है। इन मामलों में कई बार न्यायालयों ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए, लेकिन वास्तविक धरातल पर इन आदेशों का क्रियान्वयन अधूरा ही रहा। कई याचिकाएं अभी भी लंबित हैं और कुछ मामलों में स्थगन आदेश (स्टे) भी जारी हैं, जिससे स्थिति और पेचीदा बनी हुई है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब कानून स्पष्ट रूप से यह कहता है कि अवैध अतिक्रमण करने वाला व्यक्ति सार्वजनिक जीवन में पात्रता खो सकता है, तो फिर पंचायत चुनावों में ऐसे व्यक्तियों को भागीदारी की अनुमति कैसे दी जा रही है। यह विरोधाभास न केवल प्रशासनिक निर्णयों पर प्रश्नचिह्न लगाता है, बल्कि आम जनता के बीच भी भ्रम की स्थिति पैदा करता है।

पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी यह मुद्दा अत्यंत गंभीर है। हिमाचल में ग्रीन एरिया पर लगातार हो रहे अतिक्रमण ने प्राकृतिक संतुलन को प्रभावित किया है। बीते वर्षों में अनियमित वर्षा, ओलावृष्टि और बर्फबारी की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है, जिससे जन-जीवन और कृषि-बागवानी दोनों पर असर पड़ा है। विशेषज्ञों का मानना है कि अनियंत्रित निर्माण और अवैध कब्जे इस असंतुलन के प्रमुख कारणों में शामिल हैं।

### राज्य चुनाव आयोग पर टिकी निगाहें

**अब** जबकि पंचायत चुनाव नजदीक हैं, इस पूरे मुद्दे पर राज्य चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यदि स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं दिए गए, तो यह मामला चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर भी प्रश्न खड़े कर सकता है। अंततः यह समय की मांग है कि सरकार, न्यायालय और प्रशासन एक समन्वित और पारदर्शी नीति अपनाएं, ताकि कानून का सम्मान भी बना रहे और लोकतांत्रिक व्यवस्था की गरिमा भी अक्षुण्ण रहे।

◆ **ग्रीन एरिया पर बढ़ते अतिक्रमण से बिगड़ता पर्यावरण संतुलन**

## नेरवा में फंदे से लटका मिला व्यक्ति का शव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नेरवा क्षेत्र के सिलोड़ी गांव में 48 वर्षीय व्यक्ति का शव उसके घर के बाहर बरामदे के नीचे फंदे से लटका हुआ मिला है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर इसे आत्महत्या का मामला माना है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की अंतिम पुष्टि हो सकेगी। पुलिस के अनुसार 16 अप्रैल को स्थानीय निवासी कुलदीप राठौर ने थाना नेरवा को फोन के माध्यम से सूचना दी कि गांव सिलोड़ी, डाकघर केदी, तहसील नेरवा निवासी अमर सिंह (48) ने अपने घर के बरामदे के नीचे फंदा लगा लिया है। सूचना मिलने के बाद उप निरीक्षक नेतर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान मृतक की पत्नी रमला देवी, भतीजा राकेश कुमार व अन्य स्थानीय लोग मौके पर मौजूद थे। पुलिस ने मौके पर मौजूद परिजनों और स्थानीय लोगों के बयान दर्ज किए। पुलिस ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव को सीएचसी नेरवा पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव शुक्रवार परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# हिमाचल में अवैध खनन पर सख्ती, ट्रैक्टर और खच्चरों के चालान मौके पर निपटेंगे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में अवैध खनन के मामलों पर कार्रवाई को लेकर पहले से ज्यादा सख्त हो गई है। इस संदर्भ में पुलिस मुख्यालय ने नई स्पष्ट हिदायतें जारी की हैं। पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने राज्य के सभी जिला पुलिस अधीक्षकों और पुलिस इकाइयों को निर्देश जारी करते हुए बताया है कि खनन कानूनों के तहत मामलों के निपटारे यानी कंपाउंडिंग की प्रक्रिया को लेकर पहले जारी निर्देशों में आंशिक संशोधन किया गया है। यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं।

पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आदेशों के अनुसार अब अवैध या अनियमित खनन गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले ट्रैक्टर जैसे छोटे वाहनों और खच्चरों के मामलों में पुलिस कानून और समय-समय पर जारी सरकारी निर्देशों के अनुसार मौके पर चालान कर कंपाउंडिंग कर सकेगी। हालांकि इसके साथ यह भी स्पष्ट किया गया है कि कंपाउंडिंग केवल उन्हीं मामलों में की जाए जहां इसकी कानूनी अनुमति हो और इसका पूरा रिकॉर्ड सही तरीके से रखा जाए।

वहीं दूसरी ओर टिप्पर, जेसीबी, एक्स्कावेटर और अन्य भारी मशीनरी से जुड़े अवैध खनन मामलों में पुलिस को सख्त रुख अपनाने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे सभी मामलों में इन वाहनों और मशीनों को अनिवार्य रूप से जब्त किया जाएगा और उन्हें संबंधित अधिकार क्षेत्र की सक्षम अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस को साफ निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे भारी वाहनों के मामलों में किसी भी स्तर पर कंपाउंडिंग नहीं की जाएगी।

पुलिस मुख्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि अवैध खनन से जब्त की गई सामग्री के निपटान की प्रक्रिया पहले की तरह ही जारी रहेगी। जब्त खनन सामग्री का निपटान या नीलामी खनन विभाग के माध्यम से तय प्रक्रिया के अनुसार जल्द से जल्द कराई जाएगी, ताकि मामलों के लंबित रहने की स्थिति न बने।

इसके साथ ही सभी थाना प्रभारियों और जांच अधिकारियों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। पुलिस मुख्यालय ने कहा है कि यदि किसी स्तर पर इन निर्देशों की अवहेलना पाई गई तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी और मामले को गंभीरता से लिया जाएगा।

पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने अपने आदेशों में यह भी स्पष्ट किया है कि ये निर्देश 17 जून 2025 को जारी पहले के आदेशों के साथ मिलाकर पढ़े जाएंगे और अवैध खनन के मामलों में कार्रवाई के लिए नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी।

◆ **टिप्पर और जेसीबी के मामले भेजे जाएंगे कोर्ट**

## हिमाचल प्रदेश की धरोहर को संजोने की पहल, शिमला में होगी विशेष कार्यशाला

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पश्चिमी हिमालय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और संजोने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए शिमला में दो दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में हिमाचल की प्राचीन पांडुलिपियों, पारंपरिक लिपियों और उनसे जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों को संरक्षित करने पर गहन चर्चा होगी। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में फैली दुर्लभ पांडुलिपियों के वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटलीकरण और दस्तावेजीकरण को लेकर विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे, जिससे इस अमूल्य धरोहर को नई पीढ़ी तक सुरक्षित पहुंचाया जा सके।

कार्यशाला में इंडोलॉजी और पुरातन लेखनकला के विशेषज्ञ प्रतिभागियों को पांडुलिपियों के अध्ययन, पढ़ने-समझने की तकनीकों और उनके ऐतिहासिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। इसके साथ ही गांव-गांव में मौजूद पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, उनके भौगोलिक और सांस्कृतिक मानचित्रण तथा संरक्षण की आधुनिक विधियों पर भी विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे।

प्रतिभागियों को यह भी बताया जाएगा कि किस प्रकार पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनीक से जोड़कर संरक्षित किया जा सकता है। आयोजन के दौरान विद्वानों द्वारा व्याख्यान, शोध प्रस्तुतियां और विचार-विमर्श के सत्र होंगे, जिनमें हिमाचल की समृद्ध लोक-संस्कृति और इतिहास को नई दृष्टि से समझने का अवसर मिलेगा।

### सुझावों के आधार पर भविष्य की रणनीति की जाएगी तय

**कार्यशाला** के समापन पर प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट और सुझावों के आधार पर भविष्य की रणनीति तय की जाएगी, ताकि प्रदेश की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में ठोस और प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

## 9 मई को सजेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में न्याय व्यवस्था को सरल, सुलभ और त्वरित बनाने की दिशा में 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में धारा 138 एनआई अधिनियम के अंतर्गत चेक बाउंस मामलों, मनी रिकवरी, श्रम विवाद, बिजली-पानी के बिल, भरण-पोषण तथा अन्य कंपाउंडेबल आपराधिक और दीवानी मामलों का निपटारा आपसी सहमति से किया जाएगा। इसका उद्देश्य लंबित मामलों को तेजी से सुलझाकर आम लोगों को राहत प्रदान करना है, ताकि न्याय के लिए वर्षों तक प्रतीक्षा न करनी पड़े और दोनों पक्षों के बीच सौहार्दपूर्ण समाधान संभव हो सके।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण किन्नौर के सचिव अजय कुमार ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस लोक अदालत में वाहन दुर्घटना दावों, वैवाहिक विवाद (तलाक को छोड़कर), भू-अधिग्रहण, सेवा संबंधी वेतन-भत्ते, सेवानिवृत्ति, राजस्व व किराया विवाद सहित विभिन्न मामलों की सुनवाई की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति अपने मामलों के समाधान के लिए रामपुर बुशहर, रिकांग पिओ और आनी स्थित न्यायालय परिसरों या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत न केवल समय और धन की बचत करती है, बल्कि आपसी सहमति से विवादों का स्थायी समाधान भी सुनिश्चित करती है।

## शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विद्यालय पत्रिका 'मशाल' का किया विमोचन



विद्यालय पत्रिका 'मशाल' का विमोचन करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश सचिवालय में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैंताड़ी की पहली विद्यालय पत्रिका 'मशाल' का विधिवत विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिवार द्वारा किए गए इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय पत्रिकाएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और विचारों को अभिव्यक्त करने का प्रभावी मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी बौद्धिक क्षमता का विस्तार होता है।

शिक्षा मंत्री ने विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ साहित्यिक और रचनात्मक गतिविधियां भी विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा रानी धोलटा, प्रवक्ता प्रभु नंद शर्मा, सुपरिंटेंडेंट नरेश सुमन तथा एसएमसी अध्यक्ष निकू राम भी उपस्थित रहे और सभी ने इस पहल को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

# चेस्टर हिल घोटाले में संजय चौहान ने मुख्य सचिव को हटाने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** सीपीआईएम के नेता कॉमरेड संजय चौहान ने प्रदेश में सामने आए चेस्टर हिल भूमि घोटाले को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह मामला केवल एक घोटाला नहीं बल्कि पूरे तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि सैकड़ों करोड़ की जमीन से जुड़े इस प्रकरण में शीर्ष स्तर के अधिकारियों की संलिप्तता सामने आ रही है, जिससे शासन व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक इस मामले की निष्पक्ष व पारदर्शी जांच नहीं होगी, तब तक जनता का भरोसा बहाल नहीं हो सकता।

शिमला में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कॉमरेड संजय चौहान और डॉ. कुलदीप सिंह तंवर ने प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार इस गंभीर मामले को हल्के में लेने का प्रयास कर रही है और इसे अधिकारियों की आपसी खींचतान बताकर असल मुद्दे से ध्यान भटकाया जा रहा है। नेताओं ने मांग की कि घोटाले में संलिप्त मुख्य सचिव को तत्काल पद से हटाया जाए और पूरे मामले की न्यायिक जांच करवाई जाए।

उन्होंने आरोप लगाया कि चेस्टर हिल प्रकरण में प्रशासनिक जांचों को दरकिनार कर मुख्य सचिव द्वारा क्लीन चिट देना पूरी व्यवस्था को कटघरे में खड़ा करता है। यह कदम न केवल कानूनों की अवहेलना है, बल्कि धारा 118 को कमजोर करने की एक सोची-समझी कोशिश भी है। पार्टी के अनुसार, प्रदेश में भू-माफिया, नौकरशाही और राजनीतिक तंत्र के गठजोड़ के कारण गरीब किसानों की जमीनें औने-पौने दामों पर हड़पी जा रही हैं, जो बेहद चिंताजनक है।

### आंदोलन की दी चेतावनी

**सीपीआईएम** ने चेतावनी दी कि यदि इस घोटाले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करेगी और सचिवालय, छोटा शिमला का घेराव करेगी। नेताओं ने कहा कि सरकार की चुप्पी से यह संदेश जा रहा है कि भू-माफिया को संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने दोहराया कि इस मामले में दूध का दूध और पानी का पानी होना चाहिए, अन्यथा जनता को न्याय दिलाने के लिए सड़कों पर उतरना पड़ेगा।

# रामपुर में पार्किंग निर्माण पर चर्चा तेज

## एसडीएम कार्यालय के पास प्रस्तावित पार्किंग का उपमंडलाधिकारी ने किया निरीक्षण



प्रस्तावित पार्किंग स्थल का निरीक्षण करते हुए उपमंडलाधिकारी हर्ष अमरेंद्र। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** रामपुर बुशहर में एसडीएम कार्यालय के समीप प्रस्तावित पार्किंग स्थल को लेकर शुक्रवार को उपमंडलाधिकारी (ना.) हर्ष अमरेंद्र सिंह ने विस्तृत निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ स्थल की भौतिक स्थिति, उपलब्ध भूमि, यातायात दबाव और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पार्किंग निर्माण की संभावनाओं पर गंभीरता से चर्चा की। अधिकारियों ने मौके पर पहुंच मार्ग, भूमि की उपयुक्तता, जल निकासी व्यवस्था तथा सुरक्षा मानकों जैसे तकनीकी पहलुओं का बारीकी से आकलन किया और विभिन्न विकल्पों पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि एसडीएम कार्यालय के आसपास वर्तमान में पार्किंग की कमी के चलते यातायात अव्यवस्था बनी रहती है, जिससे आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। उपमंडलाधिकारी ने कहा कि बढ़ते यातायात व लोगों की आवाजाही को देखते हुए पार्किंग की समुचित व्यवस्था समय की मांग है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक औपचारिकताएं प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरी की जाएं, ताकि क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जा सके और आम जनता को बेहतर सुविधा मिल सके।

# प्रदेश के विद्यालयों में 20 से अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट शिविर होंगे शुरू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** डिजिटल टेक्नोलॉजिज एंड गवर्नेंस विभाग के प्रवक्ता ने आज यहां जानकारी दी कि प्रदेश के विद्यालयों में 20 अप्रैल, 2026 से अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट (एमबीयू) शिविर आयोजित करवाएं जाएंगे। यह शिविर डिजिटल टेक्नोलॉजिज एंड गवर्नेंस , स्कूल शिक्षा विभाग और समग्र शिक्षा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित करवाएं जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य उन बच्चों के आधार का अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट करवाना है जिन्होंने 5 वर्ष और 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है। यूआईडीएआई के दिशा-निर्देशों के अनुसार, इन आयुवर्ग के बच्चों के लिए बायोमीट्रिक विवरण (फिंगरप्रिंट, आइरिस स्कैन और फोटोग्राफ) अपडेट करवाना आवश्यक है, ताकि आधार की वैधता बनी रहे।

उन्होंने बताया कि जिला-वार चरणबद्ध यह शिविर सरकारी और निजी विद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने आग्रह किया कि विद्यार्थी और अभिभावक इस प्रक्रिया को समय पर पूरा करने के लिए विद्यालय प्रशासन और शिविर टीमों का सहयोग करें। अभिभावकों से अनुरोध है कि शिविर में बच्चे के आधार कार्ड की प्रति, आधार से लिंक किया हुआ मोबाइल नंबर (यदि संभव हो) और अभिभावक/संरक्षक की उपस्थिति (आवश्यकता के अनुरूप) सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं और निर्धारित समय अवधि के भीतर पात्र बच्चों का अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट पूरा करवाएं, ताकि भविष्य में आधार-आधारित सेवाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

◆ **5 और 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का अपडेट होगा आधार**

# प्राकृतिक खेती व मृदा स्वास्थ्य सुधार पर फोकस

## संतुलित उर्वरक उपयोग पर सीपीआरआई का बड़ा अभियान शुरू



किसानों को प्राकृतिक खेती पर जागरूक करते सीपीआरआई के वैज्ञानिक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** आईसीएआर-केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान शिमला ने किसानों के बीच उर्वरकों के संतुलित और विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया है।

इस पहल का मुख्य लक्ष्य अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से उत्पन्न समस्याओं को कम करना और मृदा स्वास्थ्य तथा पर्यावरणीय संतुलन को बेहतर बनाना है। संस्थान के निदेशक डॉ. ब्रजेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अभियान की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

अभियान के तहत किसानों को अनुशंसित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग, प्राकृतिक खेती और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के महत्व के बारे में जानकारी दी जाएगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के लिए वैकल्पिक उपायों को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही गांव स्तर पर बैठकों, खेत प्रदर्शन और संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत मेरा गांव मेरा गौरव पहल के जरिए टीमें 45 दिनों तक विभिन्न राज्यों में किसानों के साथ सीधे संवाद करेंगी। यह अभियान उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, मेघालय और बिहार सहित कई क्षेत्रों में चलाया जाएगा। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस पहल से मृदा स्वास्थ्य में सुधार होगा, कृषि उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की लागत कम होने के साथ उनकी आय में भी वृद्धि होगी।

**पारदर्शिता** संचार साथी ऐप और डिजिटल प्लेटफॉर्म से मजबूत हुई साइबर सुरक्षा व्यवस्था

# 2300 करोड़ की संभावित धोखाधड़ी रोकी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** दूरसंचार विभाग के राज्य लाइसेंस सेवा क्षेत्र में तकनीक के प्रभावी उपयोग ने डिजिटल सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता दर्ज की है। पिछले दस महीनों में वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम संकेतक के माध्यम से लगभग 2300 करोड़ रुपए की संभावित वित्तीय हानि को समय रहते रोका गया है, जिससे आम नागरिकों के धन की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

जानकारी के अनुसार वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम संकेतक एक सशक्त तंत्र के रूप में उभरकर सामने आया है, जो संदिग्ध मोबाइल नंबरों को विभिन्न जोखिम श्रेणियों में वर्गीकृत करता है। इस व्यवस्था से बैंक, यूपीआई और अन्य वित्तीय संस्थानों को तुरंत सतर्क होकर आवश्यक कदम उठाने में सहायता मिलती है। परिणामस्वरूप संदिग्ध लेन-देन को समय रहते रोका जा रहा है और लोगों को अग्रिम चेतावनी देकर उन्हें आर्थिक नुकसान से बचाया जा रहा है।

डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ने भी इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जहां विभिन्न हितधारकों के बीच सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान सुनिश्चित हो रहा है। इसके साथ ही संचार साथी पोर्टल और ऐप नागरिकों के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच के रूप में सामने आया है, जिसके माध्यम से लोग अपने खोए हुए मोबाइल को तुरंत अवरुद्ध कर सकते हैं, संदिग्ध कॉल या संदेश की शिकायत दर्ज कर सकते हैं तथा अपने नाम पर जारी मोबाइल कनेक्शनों की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

दूरसंचार क्षेत्र के विस्तार में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। 4जी संतृप्ति और संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के तहत हिमाचल प्रदेश के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च गति इंटरनेट की पहुंच लगातार बढ़ रही है। सैकड़ों नई साइटों की स्थापना और हजारों ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ने की प्रक्रिया ने डिजिटल समावेशन को नई दिशा दी है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि हो रही है।

### तकनीकी संस्थानों के छात्र फैला रहे जागरूकता

**बहरहाल** संचार मित्र योजना के माध्यम से युवाओं को भी इस परिवर्तन यात्रा का भागीदार बनाया गया है, जहां तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थी जन-जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अब तक आयोजित कार्यक्रमों ने लोगों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजग किया है। बदलते समय में यह स्पष्ट हो गया है कि तकनीक केवल सुविधा का माध्यम नहीं, बल्कि सुरक्षा और विश्वास की मजबूत आधारशिला बन चुकी है, जो आने वाले समय में देश के डिजिटल भविष्य को और अधिक सुदृढ़ करेगी।

◆ **फाइनेंशियल फ्रॉड रिस्क इंडिकेटर बना सुरक्षा कवच लाखों नागरिक लाभान्वित**

◆ **भारतनेट और 4जी विस्तार से डिजिटल समावेशन को मिली नई गति**

◆ **हिमाचल में ग्रामीण क्षेत्रों तक तेज इंटरनेट विस्तार से विकास को गति**

## कांग्रेस सरकार कर रही प्रतिशोध की राजनीति: संदीपनी भारद्वाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने हमीरपुर से जुड़े एक मामले को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में सरकार प्रतिशोध की राजनीति कर रही है और सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं तथा उनके परिवारों को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है। उनका कहना था कि जहां एक ओर विपक्ष से जुड़े मामलों में तेजी से कार्रवाई हो रही है, वहीं अन्य गंभीर आरोपों पर सरकार चुप्पी साधे हुए है, जिससे उसकी कार्यशैली पर सवाल उठते हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक है, क्योंकि कानून का समान रूप से लागू होना आवश्यक है। भारद्वाज ने आरोप लगाया कि सरकार निष्पक्ष जांच के बजाय राजनीतिक लाभ के लिए मामलों को दिशा दे रही है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था और जनसमस्याओं पर ध्यान देने के बजाय सरकार विरोधियों को दबाने में व्यस्त है, लेकिन जनता सब देख रही है और समय आने पर इसका जवाब अवश्य देगी।



◆ **एजेंसियों के दुरुपयोग का लगाया आरोप**

◆ **विधायक मामले पर उठाए गंभीर सवाल**

# पेंशन और चिकित्सा बिलों में देरी पर भड़के पेंशनर्स, आंदोलन की चेतावनी



पेंशनर्स कल्याण संगठन इकाई रामपुर एवं रिकांगपिओ की बैठक संपन्न। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** पथ परिवहन पेंशनर्स कल्याण संगठन इकाई रामपुर एवं रिकांगपिओ की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता इकाई के अध्यक्ष प्रितम चौहान द्वारा की गई, जिसमें दोनों इकाइयों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

बैठक में पेंशनरों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। विशेष रूप से लंबित पेंशन, महंगाई भत्ते की बकाया राशि, चिकित्सा बिलों के भुगतान में हो रही देरी तथा अन्य वित्तीय देयों के शीघ्र निपटान की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। सदस्यों ने सरकार एवं संबंधित विभाग से इन समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि शीघ्र ही पैंशनरों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन आगामी समय में आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा। इसके अतिरिक्त, पेंशनरों के हितों की रक्षा के लिए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया। अंत में संगठन के पदाधिकारियों ने सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद किया और आशा व्यक्त की कि सरकार पेंशनरों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र उचित कार्रवाई करेगी। इस दौरान संगठन का प्रतिनिधि मंडल आरएम उमेश ठाकुर से भी मिला और उन्हें कार्यालय में आ रही दिक्कतों से अवगत कराया।

# जिला परिषद चेयरमैन का आरक्षण रोस्टर जारी, करीब 55 फीसदी सीटें की आरक्षित

अनंत ज्ञान

- श्रेणियां जिलावार तय, महिलाओं को मिला आधा प्रतिनिधित्व
- सदस्य चुनाव के बाद होगा चेयरमैन का चयन

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों को लेकर तैयारियां अब निर्णायक चरण में पहुंच गई हैं। इसी कड़ी में पंचायतीराज विभाग ने शुक्रवार को जिला परिषद चेयरमैन पद के लिए आरक्षण रोस्टर जारी कर दिया है। इससे पहले पंचायत प्रधान, वार्ड सदस्य, बीडीसी सदस्य और जिला परिषद वार्डों का आरक्षण तय किया जा चुका था। रोस्टर जारी होते ही प्रदेश भर में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं और संभावित उम्मीदवार अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुट गए हैं।

जारी रोस्टर के अनुसार प्रदेश में कुल मिलाकर लगभग 55 प्रतिशत सीटें आरक्षित रखी गई हैं, जबकि महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलने से सामान्य (ओपन) सीटों का दायरा करीब 45 प्रतिशत रह गया है। जिलावार स्थिति में सिरमौर और सोलन में एससी महिला, मंडी में एससी, किन्नौर में एसटी, लाहौल-स्पीति में एसटी महिला, कांगड़ा में ओबीसी महिला, हमीरपुर और चंबा में सामान्य महिला सीटें आरक्षित की गई हैं। वहीं शिमला, कुल्लू, ऊना और बिलासपुर जिलों में चेयरमैन पद ओपन श्रेणी में रखा गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार रोस्टर पूरी तरह नियमानुसार और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत तैयार किया गया है, जिसमें सामाजिक न्याय और क्षेत्रीय संतुलन का विशेष ध्यान रखा गया है। उल्लेखनीय है कि जिला परिषद चेयरमैन का चुनाव सीधे जनता द्वारा नहीं किया जाता, बल्कि पहले जिला परिषद सदस्य चुने जाते हैं और बाद में वही सदस्य अपने बीच से चेयरमैन का चयन करते हैं। ऐसे में जिला परिषद सदस्य के चुनाव इस बार बेहद अहम माने जा रहे हैं और राजनीतिक समीकरणों में भी तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। अधिकारियों का कहना है कि आगामी दिनों में चुनाव प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत कार्यक्रम भी घोषित किया जाएगा, जिससे नामांकन, मतदान और मतगणना की तिथियां स्पष्ट होंगी। वहीं संभावित प्रत्याशी अब जमीनी स्तर पर संपर्क अभियान तेज कर रहे हैं, ताकि चुनाव में बेहतर समर्थन हासिल किया जा सके।

# प्रदेश कांग्रेस ने घोषित किए 71 ब्लॉक अध्यक्ष

## 17 एससी व 8 एसटी नेताओं को मिली जिम्मेदारी, पूरे ब्लॉक में एक भी महिला नहीं, संगठन के संतुलन पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान

- डेढ़ साल के बाद हुई संगठनात्मक नियुक्तियां
- जिला स्तर पर भी नई टीम का गठन शुरू

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने लंबे इंतजार के बाद 71 ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति कर संगठन को सक्रिय करने की कवायद शुरू की है, लेकिन इस पूरी प्रक्रिया ने एक बड़े सवाल को जन्म दे दिया है। सबसे अहम और चौंकाने वाली बात यह रही कि किसी भी ब्लॉक में एक भी महिला को अध्यक्ष नहीं बनाया गया। ऐसे समय में जब देश में महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ाने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का कानून लागू हो चुका है, यह फैसला संगठन की सोच और प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

जानकारी के अनुसार नियुक्तियों में कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश जरूर दिखाई है, जहां 17 अनुसूचित जाति और 8 अनुसूचित जनजाति नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है, वहीं महिलाओं को पूरी तरह दरकिनार कर देना पार्टी के भीतर ही असंतोष की वजह बनता दिख रहा है। राजनीतिक गलियारों में इस फैसले को लेकर चर्चा तेज हो गई है और इसे संगठन की बड़ी चूक माना जा रहा है।

डेढ़ साल से अधिक समय तक संगठनात्मक ढांचा अधूरा रहने के बाद यह नियुक्तियां की गई हैं। पार्टी की पुरानी कार्यकारिणी भंग होने के बाद ब्लॉक स्तर पर गतिविधियां ठप सी हो गई थीं, ऐसे में अब नए अध्यक्षों की तैनाती के जरिए संगठन को दोबारा खड़ा करने की कोशिश की जा रही है। आने वाले समय में कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया भी तेज होने की संभावना है। जिला चंबा में चुराह से भूपेंद्र सिंह ठाकुर, भरमौर से संजू राम, पांगी से सुभाष चौहान, चंबा से ओम प्रकाश, डलहौजी से अमित शर्मा और भटियात से विजय कंवर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांगड़ा जिले में नूरपुर से संदेश कुमार डढवाल, इंदौरा से देवेंद्र मनकोटिया, फतेहपुर से कैप्टन जीत कुमार शर्मा, ज्वाली से चैन सिंह गुलेरिया, देहरा से कमलेश कुमार, जसवां परागपुर से नायक सुलतान सिंह, ज्वालामुखी से प्रताप राणा, जयसिंहपुर से जसवंत डढवाल, सुलह से बालकृष्ण चौधरी, नगरोटा बगवां से मान सिंह चौधरी, कांगड़ा से नागेश्वर मनकोटिया, शाहपुर से सुरेश पटाकू चौधरी, धर्मशाला से हरभजन चौधरी, पालमपुर से त्रिलोक चंद और बैजनाथ से शशि राणा को अध्यक्ष बनाया गया है।

ऊना जिले में चिंतपूर्णी से डॉ. रविंद्र कुमार शर्मा, गगरेट से सुरेंद्र सिंह कंवर, हरोली से संदीप अग्निहोत्री, ऊना से रजनीश कुमार और कुटलेहड़ से विवेक मिका को अध्यक्ष बनाया गया है। बिलासपुर जिले में झंडूता से विजय कौशल, घुमारवीं से कैप्टन चमेल सिंह, बिलासपुर से मस्तराम वर्मा और श्रीनैना देवी क्षेत्र का दायित्व अमर जीत बंगा को दिया गया है।

कुल्लू जिले में मनाली से वीर सिंह ठाकुर, कुल्लू से गोपाल सिंह, बंजार से मोहर सिंह ठाकुर और आनी से गोविंद शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। लाहौल-स्पीति जिले में काजा से दोरजे छेरिंग, केलांग से सुरेंद्र कुमार और उदयपुर से कुशाल ठाकुर को अध्यक्ष बनाया गया है।

सोलन जिले में अर्की से सतीश कश्यप, नालागढ़ से बाबू राम ठाकुर, दून से कुलतार सिंह ठाकुर, सोलन से मनीष ठाकुर और कसौली से देवेंद्र शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। सिरमौर जिले में पच्छाद से सुनील शर्मा, नाहन से ज्ञान चंद चौधरी, श्रीरेणुकाजी से तपेंद्र चौहान, पांवटा साहिब से हरप्रीत सिंह और शिलाई से कल्याण धामटा को अध्यक्ष बनाया गया है।

शिमला जिले में चौपाल से दिनेश चौहान, ठियोग से संजय शर्मा, शिमला ग्रामीण से गोपाल शर्मा, जुब्बल-कोटखाई से जितेंद्र मेहता, रामपुर से लाल चंद शर्मा और रोहड़ू से शिव पाल ठाकुर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं किन्नौर जिले में कल्पा से विक्रम नेगी, निचार से अनिल नेगी और पूह से प्रेम सिंह को अध्यक्ष बनाया गया है।

### करसोग से गोपाल ठाकुर को मिली कमान

**मंडी** जिले में करसोग से गोपाल ठाकुर, सुंदरनगर से जसवंत सिंह, नाचन से दीप कुमार, सिराज से जगदीश रेड्डी, द्रंग से देवेंद्र कुमार, जोगिंदरनगर से इंद्र सिंह धीमान, धर्मपुर से प्रकाश चंद, मंडी सदर से हेमराज ठाकुर, बल्ह से पवन ठाकुर और सरकाघाट से धर्मपाल ठाकुर को जिम्मेदारी मिली है। हमीरपुर जिले में भोरंज से विजय कुमार बनियाल, सुजानपुर से राजेंद्र वर्मा, हमीरपुर से सुनील कुमार, बड़सर से संजय शर्मा और नादौन से कैप्टन पृथ्वी चंद को कमान सौंपी गई है।

# हिमाचल के स्कूलों में अनिवार्य होगी डिजिटल कुंडली: डॉ. राजेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने नई शिक्षा नीति के तहत प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया है कि अब हर विद्यार्थी की अपनी एक विशिष्ट डिजिटल पहचान होगी, जिसे परमानेंट एजुकेशन नंबर (पेन) और आटोमेटेड परमापेंट अकेडमिक अकाउंट रजिस्टरी (अपार)आईडी के नाम से जाना जाएगा। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक अभिलेखों का संपूर्ण डिजिटलीकरण करना है। बोर्ड ने सभी शिक्षण संस्थानों को आगामी 31 अगस्त 2026 तक इस कार्य को अनिवार्य रूप से पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की है।



डॉ. शर्मा के अनुसार, पेन एक 11 से 12 अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या है जो यूडाइज+ पोर्टल के माध्यम से जनरेट की जाती है। यह संख्या विद्यार्थी की पूरी शैक्षणिक यात्रा के दौरान एक समान रहेगी, जिससे उनकी प्रगति को ट्रैक करना आसान होगा। वहीं,अपार आईडी के माध्यम से छात्रों के प्रमाण पत्रों का केंद्रीकृत संग्रहण और डिजिटल सत्यापन संभव हो सकेगा, जिससे भविष्य में कॉलेज प्रवेश या नौकरी के समय कागजी कार्रवाई का बोझ कम होगा। यह व्यवस्था न केवल रिकॉर्ड को सुरक्षित रखेगी, बल्कि पूरी प्रवेश प्रक्रिया को भी पारदर्शी और सरल बनाएगी।

बोर्ड अध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि यदि किसी विद्यालय ने निर्धारित समय के भीतर अपने छात्रों के लिए ये आईडी जनरेट नहीं कीं, तो आगामी शैक्षणिक सत्र में उनका पंजीकरण संभव नहीं हो पाएगा। उन्होंने कहा कि कई स्कूलों द्वारा इस कार्य में ढिलाई बरती जा रही है, जो स्वीकार्य नहीं है। 31 अगस्त के बाद होने वाली किसी भी असुविधा या पंजीकरण रुकने की स्थिति में संबंधित विद्यालय प्रबंधन स्वयं उत्तरदायी होगा। बोर्ड ने सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए हैं कि वे इसे प्राथमिकता के आधार पर लें ताकि विद्यार्थियों का शैक्षणिक भविष्य बाधित न हो।

# नई दिल्ली में सीएम सुक्खू से राज्यसभा सदस्य अनुराग शर्मा ने की शिष्टाचार भेंट



***अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नव निर्वाचित राज्यसभा सदस्य अनुराग शर्मा ने शुक्रवार को नई दिल्ली में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के बाद यह उनकी औपचारिक मुलाकात थी, जिसमें प्रदेश से जुड़े विभिन्न विषयों पर सौहार्दपूर्ण चर्चा भी हुई।*

# मनाली में होटल में ठहरी 2 साल की मासूम से शारीरिक दुर्व्यवहार

अनंत ज्ञान

- लुधियाना के परिवार को दी जान से मारने की धमकी

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली से एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक निजी होटल में अपनी छुट्टियों का आनंद लेने आए पंजाब के लुधियाना निवासी परिवार की दो वर्षीय मासूम बच्ची के साथ शारीरिक दुर्व्यवहार का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना ने न केवल पर्यटन नगरी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि देवभूमि को भी शर्मसार किया है। पुलिस को सौंपी गई शिकायत के अनुसार, लुधियाना का यह परिवार 15 अप्रैल को मनाली घूमने पहुंचा था। घटना रात करीब 9:40 बजे की है, जब होटल परिसर में ही एक अज्ञात व्यक्ति ने बच्ची के साथ घिनौनी हरकत की। इस घटना के बाद दो साल की मासूम बुरी तरह सहमी हुई है और उसे गहरा मानसिक आघात पहुंचा है। जब परिजनों ने आरोपी की संदिग्ध हरकतों को भांपकर उससे पूछताछ करने की कोशिश की, तो आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इससे परिवार गहरे डर और आक्रोश में है।

### पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला किया दर्ज

**मामले** की गंभीरता को देखते हुए मनाली पुलिस ने बिना देरी किए परिजनों की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस होटल के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपी की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। इस घटना के बाद से मनाली के स्थानीय लोगों और अन्य पर्यटकों में भी भारी रोष है। पर्यटन नगरी में इस तरह की घटना से सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित परिवार वर्तमान में गहरे दहशत में है और न्याय की गुहार लगा रहा है।

> **इस** मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी की पहचान के लिए पुलिस की टीमें जुटी हुई हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। पर्यटकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और ऐसे अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।
>
> **-मदनलाल कौशल, एसपी, कुल्लू**

# पंचायती राज व निकाय चुनावों में युवा कांग्रेसियों को मिलेगा अवसर : विनय

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि आगामी पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस विचारधारा से जुड़े कर्मठ कार्यकर्ताओं, विशेषकर युवा पीढ़ी को आगे आने का पूरा अवसर दिया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद शुक्रवार को जारी एक बयान में उन्होंने बताया कि पार्टी के सभी अग्रणी संगठनों और विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे जमीनी स्तर पर सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं को पहचान कर उन्हें नेतृत्व की भूमिका में आगे बढ़ाएं। बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए कई महत्त्वपूर्ण सुझाव सामने आए हैं, जिन पर गंभीरता से विचार करते हुए आगामी रणनीति तैयार की जाएगी।



विनय कुमार ने बताया कि बैठक में महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में छात्र संगठनों तथा एससीए चुनावों की बहाली का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा, जिस पर प्रदेश सरकार के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्र राजनीति लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है और इसके पुन: प्रारंभ होने से युवाओं में राजनीतिक जागरूकता बढ़ेगी। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस 'एक व्यक्ति, एक पद' के सिद्धांत पर चलते हुए संगठन में नई नियुक्तियां करेगी तथा प्रत्येक पदाधिकारी के कार्यों की हर तीन माह में समीक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में एक विशेष कनेक्टिंग कक्ष स्थापित किया गया है। बैठक में अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह भी निर्णय लिया गया कि कोई भी नेता या कार्यकर्ता पार्टी लाइन से हटकर बयानबाजी नहीं करेगा और संगठन के निर्देशों का पूर्ण पालन अनिवार्य होगा।

# पहली मई तक वार्ता को न बुलाया तो चार को होगा निगम मुख्यालय का घेराव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश की आठ पर्यटन इकाइयों को निजी हाथों में देने के सरकार के फैसले पर हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी)कर्मचारी महासंघ का विरोध लगातार जारी है। महासंघ ने दो टूक कहा है कि सरकार ने पहली मई को महासंघ को वार्ता हेतू नहीं बुलाया तो 4 मई को एचपीटीडीसी मुख्यालय धर्मशाला का घेराव किया जाएगा। यह निर्णय शुक्रवार को धर्मशाला में आयोजित हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) कर्मचारी महासंघ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में लिया गया। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष हुकम राणा ने कार्यसमिति की अध्यक्षता की, जबकि भामसं प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष शशी पाल शर्मा, राजीव सोनी व अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि महासंघ की ओर से आठ पर्यटन इकाइयों को निजी हाथों में देने को लेकर लगातार विरोध जताया जा रहा है। भामसं प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा ने कहा कि कांग्रेस सरकार एचपीटीडीसी के 8 यूनिट्स को ओएन बेसिस (ठेके पर निजी हाथों में) देने जा रही है, जिसका कर्मचारी लगातार विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन पर्यटन इकाईयों को सरकार निजी हाथों में देने जा रही है, यह सभी इकाईयां कमाऊ पूत हैं, इसके बावजूद इनका निजीकरण किया जा रहा है।

- एचपीटीडीसी कर्मचारी महासंघ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में लिया निर्णय

# लोकसभा में राहुल गांधी ने किया सदन के नियमों के उल्लंघन : अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान



- बोले-सदन की गरिमा बनाए रखना सभी सदस्यों की जिम्मेदारी

**हमीरपुर।** लोकसभा में शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने प्वाइंट ऑफ ऑर्डर के माध्यम से विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा सदन के नियमों के कथित उल्लंघन का मुद्दा उठाया। अनुराग ठाकुर ने सदन की कार्यवाही के दौरान नियमों का हवाला देते हुए कहा कि लोकसभा की कार्यप्रणाली और कार्य संचालन के नियमों के अनुसार, विशेष रूप से नियम 349 (17) में स्पष्ट उल्लेख है कि कोई भी सदस्य अपने भाषण के तुरंत बाद सदन को नहीं छोड़ सकता।

इसके बावजूद राहुल गांधी द्वारा अपने भाषण के तुरंत पश्चात सदन से प्रस्थान किया गया, जो स्थापित संसदीय परंपराओं और नियमों के विपरीत है। उन्होंने इस विषय पर पीठासीन अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि सदन की गरिमा और अनुशासन बनाए रखना सभी सदस्यों की जिम्मेदारी है। नियमों का पालन न केवल संसदीय मर्यादा का प्रश्न है, बल्कि यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती से भी जुड़ा हुआ है। अनुराग ठाकुर ने आग्रह किया कि इस मामले का संज्ञान लिया जाए और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि सदन के प्रत्येक सदस्य को नियमों और परंपराओं का पालन करना चाहिए, ताकि लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा अक्षुण्ण बनी रहे।

# ऊना में कैफे में लगी आग, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में हमीरपुर रोड स्थित एक कैफे में अचानक भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में घटना को लेकर काफी दहशत का माहौल देखा गया। मिली जानकारी के अनुसार आग की शुरुआत कैफे की रसोई से हुई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी रसोई को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेज थी कि रसोई में रखा फ्रिज और अन्य जरूरी सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। जिला अग्निशमन अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि सुबह करीब 6:40 बजे आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां तुरंत मौके के लिए रवाना की गईं। अग्निशमन कर्मियों ने करीब आधे घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया। इस अग्निकांड में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच जारी है।

- दमकल विभाग ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

# महिला सशक्तिकरण के लिए मील का पत्थर नारी शक्ति वंदन अधिनियम : जयराम ठाकुर



कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू में शुक्रवार को आयोजित 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक 'युगांतकारी कदम' बताया। जयराम ने कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का संवैधानिक प्रावधान महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करता है, बल्कि देश के विकास में उनकी सक्रिय भूमिका को भी नई दिशा देता है।

उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का यह सबसे बड़ा निर्णय आज पूरे विश्व में चर्चा का विषय बना हुआ है और यह लोकतंत्र के भीतर महिलाओं की भूमिका को और अधिक प्रभावशाली बनाएगा। इस अवसर पर बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी, पार्टी महासचिव पायल वैद्य, जिला भाजपा अध्यक्ष अमित सूद, वरिष्ठ नेता नरोतम ठाकुर व दानवेंद्र सिंह, भाजपा नेत्री धनेश्वरी ठाकुर, जिला सह प्रभारी प्रियंता शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। जयराम ठाकुर ने अंत में कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को और मजबूत करेगा।

### चुनावी राज्यों में जाकर झूठे दावे कर रहे सुक्खू : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वे चुनावी राज्यों में जाकर झूठे दावे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में असम दौरे के दौरान सुक्खू ने अपनी सरकार की गारंटियों को पूरा करने को लेकर भ्रामक बयान दिए। जयराम के अनुसार, महिलाओं को मासिक सहायता और युवाओं को रोजगार देने जैसे वादों को लेकर वास्तविक स्थिति कुछ और है, लेकिन बाहर जाकर इन्हें पूरा बताया जा रहा है। जयराम ठाकुर शिमला से जारी एक बयान में मुख्यमंत्री के पश्चिम बंगाल दौरे पर भी तंज कसते हुए कहा कि उनका वहां जाना भाजपा के लिए लाभकारी साबित होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले बिहार और राजस्थान में भी कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा और अब पश्चिम बंगाल में भी यही स्थिति बनने जा रही है। जनता अब सच्चाई समझ चुकी है।

# सांसद प्रो. सिकंदर कुमार बने भारतीय ग्रैपलिंग संघ के चेयरमैन



प्रो. सिकंदर को अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए समर्थक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भारत में ग्रैपलिंग खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद प्रो. सिकंदर कुमार को सर्वसम्मति से भारतीय ग्रैपलिंग संघ का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। इस निर्णय से खेल जगत में उत्साह की लहर है और इसे ग्रैपलिंग के विस्तार के लिए अहम माना जा रहा है।

भारतीय ग्रैपलिंग संघ के महासचिव सुबोध कुमार यादव द्वारा जारी आधिकारिक पत्र में उन्हें इस जिम्मेदारी के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रो. सिकंदर कुमार के प्रशासनिक और शैक्षणिक अनुभव को देखते हुए यह उम्मीद जताई जा रही है कि उनके नेतृत्व में संघ को नई दिशा मिलेगी। इससे खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं, प्रशिक्षण और आधारभूत ढांचे के विकास में मदद मिलेगी।

बता दें कि ग्रैपलिंग को भविष्य के संभावित ओलंपिक खेल के रूप में देखा जा रहा है और यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल है। ऐसे में प्रो. सिकंदर कुमार का मार्गदर्शन भारतीय खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगा। उनकी नियुक्ति से खेल अकादमियों के विस्तार और युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने के प्रयासों को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

**निर्णय** पर्यावरण संरक्षण और बच्चों की सेहत को लेकर सरकार का बड़ा कदम

# स्कूली बच्चों को मिलेंगी स्टेनलेस बोतलें

अनंत ज्ञान

- सभी जिलों से मांगी छात्रों और आवश्यक बोतलों की विस्तृत जानकारी

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उन्हें स्टेनलेस स्टील की पानी की बोतलें उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। यह योजना प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च माध्यमिक कक्षाओं तक के सभी छात्रों को कवर करेगी, जिससे बच्चों को सुरक्षित पेयजल के साथ-साथ पर्यावरण के अनुकूल विकल्प भी मिल सकेगा।

जानकारी के अनुसार यह घोषणा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा पूर्व में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिमला स्थित पीटरहॉफ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान की गई थी। सरकार का उद्देश्य प्लास्टिक के उपयोग को कम करना और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाना है। अब इस घोषणा को धरातल पर उतारने के लिए स्कूल शिक्षा निदेशालय ने प्रक्रिया तेज कर दी है।

वहीं निदेशालय की ओर से सभी जिला उपनिदेशकों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यरत ब्लॉक परियोजना अधिकारियों की सूची, उनके संपर्क विवरण, कुल छात्र संख्या और आवश्यक बोतलों की मांग का पूरा ब्यौरा तैयार कर निर्धारित समय सीमा के भीतर भेजें। यह जानकारी 30 अप्रैल तक उपलब्ध करानी अनिवार्य की गई है, ताकि योजना को समयबद्ध तरीके से लागू किया जा सके। इस योजना के तहत प्री-प्राइमरी से लेकर 12वीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि विद्यालयों से सही और अद्यतन आंकड़े जुटाकर प्रस्ताव शीघ्र भेजे जाएं, जिससे वितरण प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो।

इस पहल से विद्यार्थियों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल मिलेगा और राज्य में प्लास्टिक बोतलों के उपयोग में कमी आने की उम्मीद है। स्टेनलेस स्टील बोतलें लंबे समय तक उपयोगी हैं, जिससे कचरा घटेगा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे प्लास्टिक के स्थान पर सुरक्षित विकल्प अपनाएंगे। शिक्षा विभाग का मानना है कि यह योजना जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना को मजबूत करेगी। ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों के स्कूलों में भी इसका समान लाभ पहुंचेगा, जिससे शिक्षा में समानता का संदेश जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि योजना को शीघ्र लागू कर सभी छात्रों तक लाभ पहुंचाया जाए। आने वाले समय में ऐसी पर्यावरण हितैषी योजनाएं शुरू हो सकती हैं, जिससे हिमाचल प्रदेश को हरित राज्य बनाने की दिशा में मजबूती मिलेगी। यह कदम बच्चों और समाज दोनों के लिए दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव पैदा करेगा स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों में।

### प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने में मिलेगी मदद

**यह** पहल प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने में सहायक होगी, बल्कि विद्यार्थियों में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगी। आने वाले समय में यह योजना प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में एक सकारात्मक बदलाव के रूप में देखी जाएगी और बच्चों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगी।

# प्रदेश विवि में चाणक्य से मोदी तक शासन कला की परंपरा पर हुआ विमर्श



व्याख्यान के दौरान मुख्य वक्ता डॉ. जोगिंदर सकलानी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में स्टूडेंट्स फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट ऑफ ह्यूमैनिटी' शोध इकाई द्वारा 'भारतीय शासन कला में राजनीतिक और रणनीतिक विचारों को समझना, चाणक्य से मोदी तक' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

एमबीए विभाग के सम्मेलन कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, जिसके बाद स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में सीडीओई के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. जोगिंदर सकलानी ने भारतीय रणनीतिक चिंतन की निरंतरता और उसकी गहराई को विस्तार से स्पष्ट किया। डॉ. सकलानी ने प्राचीन और आधुनिक रणनीतिक दृष्टिकोणों के बीच मजबूत संबंध स्थापित करते हुए चाणक्य के मंडल सिद्धांत और सप्तांग सिद्धांत जैसे शास्त्रीय आधारों को वर्तमान वैश्विक परिदृश्य से जोड़ा। उन्होंने बताया कि किस प्रकार यह परंपरागत ज्ञान आज की भारतीय विदेश नीति में भी परिलक्षित होता है। इज़राइल, ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के संदर्भ में भारत की संतुलित कूटनीति, ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक स्वायत्तता पर विशेष जोर दिया गया।

# धर्मशाला में गरजे के जिलेभर के श्रमिक

## चेताया : जल्द क्लेम सेटल नहीं हुए तो होगा उग्र आंदोलन

◆ 3 साल से सरकार कर रही श्रमिकों की अनदेखी : रविंद्र

अनंत ज्ञान



प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते श्रमिक। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला में शुक्रवार को जिलेभर के श्रमिक गरजे। कचहरी अड्डा में श्रमिकों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द क्लेम सेटल न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

वहीं, श्रमिकों ने प्रदेश सरकार पर अनदेखी का आरोप भी लगाया। ट्रेड यूनियन को-ऑर्डिनेशन सेंटर के राज्य महासचिव रविंद्र सिंह के नेतृत्व में पहुंचे श्रमिकों ने कहा कि उनके क्लेम को लेकर तरह-तरह के ऑब्जेक्शन लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण कामगार लाभार्थियों को 3 वर्ष से सहायता राशि प्राप्त नहीं हो रही है। कानूनी सामाजिक सुरक्षा योजनाएं केवल दीवारों और बसों पर चिपकाई जा रही है। उन्होंने कहा कि 1400 करोड़ रुपए बोर्ड के पास अपना है, इसके बावजूद क्लेम लटके हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कल्याण बोर्ड पिछले 3 वर्ष से क्रमिक ऑब्जेक्शन लगाता जा रहा है। मजदूरों के आवेदन बोर्ड के कार्यालय में धूल चाट रहे हैं। यहां तक ही नहीं दिसंबर 2025 में जो मृत्यु और छात्रवृत्ति के क्लेम पास किए थे उनको आज तक बैंक खाते में सहायता राशि नहीं आई है। इसलिए अब मजदूरों का धैर्य टूट रहा है और वे उग्र आंदोलन के लिए उतारु हो गए हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजे गए हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

उन्होंने कहा कि लापरवाह अधिकारियों पर नकेल कसने के बजाय सरकार श्रमिकों का शोषण कर रही है। इसके बाद निर्माण श्रमिकों ने मुख्यमंत्री को 16 मांगों को लेकर ज्ञापन भी जिला प्रशासन के माध्यम से प्रेषित किया है। जिसमें सरकार को चेताया कि यदि पंद्रह दिन के भीतर लंबित मांगों को पूरा नहीं किया गया तो धरने सडक़ों पर किए जाएंगे और चक्काजाम भी किया जाएगा, क्योंकि तीन वर्ष से मजदूर अपनी योजनाओं का लाभ लाभ लेने की आस लगाए बैठे हैं और अब उनका सब्र का बांध टूट गया है।

### सहायता हेतू 160 करोड़ बजट पास, जारी किए 20 करोड़

**यूनियन** नेताओं ने आरोप लगाया कि निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड ने पिछले वर्ष 160 करोड़ रुपये की सहायता राशि का बजट पास किया था, लेकिन 31 मार्च 2026 तक केवल 20 करोड़ रुपये ही जारी किए गए। इससे मजदूरों के हितों की अनदेखी हो रही है। उन्होंने कहा कि बोर्ड में तीन साल से सचिव का पद खाली है और करीब तीन हजार आवेदन लंबित पड़े हैं। 2600 आवेदनों को एतराज लगाकर वापस भेज दिया गया है, जिससे कामगारों में रोष बढ़ रहा है।

# मुल्तान सिंह बने जसवां-परागपुर ब्लॉक कांग्रेस के नए अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** जसवां-परागपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नए अध्यक्ष के रूप में मुल्तान सिंह की नियुक्ति की गई है। बलियाना पंचायत के निवासी मुल्तान सिंह पूर्व में भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और उन्हें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुरिंदर मनकोटिया का बेहद करीबी माना जाता है। अपनी इस नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने के बाद मुल्तान सिंह ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित पीसीसी अध्यक्ष विनय कुमार और महासचिव सुरिंदर मनकोटिया का आभार प्रकट किया है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए भरोसा जताया है और जो दायित्व उन्हें सौंपा है वह उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे और संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करेंगे।



# नगरोटा सूरियां में गैस संकट, 45 दिन बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर



बुकिंग के बावजूद गैस गाड़ी समय पर रूट पर नहीं पहुंच रही है। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**शिव गुलेरिया, नगरोटा सूरियां।** नगरोटा सूरियां स्थित भारत गैस एजेंसी से उपभोक्ताओं को 45 दिन बाद भी सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जिससे लोगों में भारी रोष है।

क्षेत्र के उपभोक्ताओं को खाना बनाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बुकिंग के बावजूद गैस गाड़ी समय पर रूट पर नहीं पहुंच रही, जिससे स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। यह एजेंसी हरसर, घाड जरोट, अमलेला, लंज, मसरूर सहित कई पंचायतों को सप्लाई देती है, जहां करीब 10 हजार उपभोक्ता जुड़े हैं। लोगों का आरोप है कि एक ही कंपनी अन्य क्षेत्रों में नियमित सप्लाई दे रही है, लेकिन यहां वितरण व्यवस्था प्रभावित है। उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने के लिए 500 से 1000 रुपए खर्च कर दूर जाना पड़ रहा है, फिर भी गैस मिलने की गारंटी नहीं है। हाल ही में लुदरेट में 50 सिलेंडरों की सप्लाई आने पर भी भीड़ अधिक होने से कई लोग खाली हाथ लौटे। भारत गैस के सेल्स अफसर नवीन ने कहा कि सप्लाई बढ़ाई गई है और जल्द स्थिति सामान्य होगी। वहीं फूड सप्लाई इंस्पेक्टर तरुण सूद ने बताया कि शिकायतें मिली हैं और व्यवस्था पर नजर रखी जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### रोजमैरी स्कूल हरिपुर में मनाया स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान, देहरा।** भोरंज में सुनील कुमार ने बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) के पद पर कार्यभार संभाल लिया है। इससे क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की उम्मीद बढ़ी है। सुनील कुमार पूर्व में सांख्यिकी सहायक के रूप में चम्बा, हमीरपुर, टौणीदेवी और घुमारवीं में सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने पारदर्शिता व प्रभावशीलता के साथ योजनाएं लागू करने का भरोसा दिलाया। उनकी नियुक्ति पर स्थानीय लोगों ने खुशी जताई है।

### डिजिटल पुस्तकालय का उद्घाटन आज

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय, बैजनाथ में 18 अप्रैल को डिजिटल पुस्तकालय के उद्घाटन और बॉक्सिंग रिंग के ऊपर बनने वाले रूफटॉप का शिलान्यास किया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक किशोरी लाल मुख्य अतिथि होंगे। प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा ने बताया कि डिजिटल पुस्तकालय से विद्यार्थियों को ई-रिसोर्सेज और आधुनिक अध्ययन सामग्री उपलब्ध होगी। वहीं रूफटॉप बनने से खेल सुविधाओं में सुधार होगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू होगा, जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। महाविद्यालय स्टाफ और विद्यार्थी तैयारियों में जुटे हैं।

### सिया हत्या मामले में आक्रोश, दी चेतावनी

**अनंत ज्ञान, गरली।** मंडी में बेटी सिया के साथ हुई हृदयविदारक घटना को लेकर प्रदेशभर में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी जिला कांगड़ा की अध्यक्ष शिवांगी ठाकुर ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि अब बेटियों पर अत्याचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों को जल्द और कठोर सजा नहीं मिली तो लोग सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। उन्होंने प्रदेश में बढ़ती नशाखोरी को अपराधों की बड़ी वजह बताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### विद्यार्थियों को लैपटॉप अनुदान राशि वितरित की

**अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर।** लंज कॉलेज में शुक्रवार को मेधावी छात्रों को कंप्यूटर व लैपटॉप के लिए अनुदान राशि बाउचर वितरित किए गए। 5 छात्रों को यह बाउचर वितरित किए गए। इन विद्यार्थियों में शिवाली शर्मा कला स्नातक व मानवी और पूजा शर्मा वाणिज्य स्नातक से हैं। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार शर्मा ने इन सभी मेधावी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर महाविद्यालय लंज के अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

### थुरल स्कूल ने सम्मानित किए खिलाड़ी



**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थुरल में प्राधानाचार्य अनुपम वाला तथा स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा सत्र 2025-26 के अंडर-14 व अंडर-19 के राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी कंगना, शीतल, साक्षी, यश्वी, सिमरन, नव्या मुस्कान, अंशु, आरजू, अलीशा, रुचि, गुलाल, नेहा आदि को राष्ट्रीय स्तर की हॉकी खेल प्रतिस्पर्धाओं में जीत हासिल करने पर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या अनुपम ने इसका पूरा श्रेय बच्चों की कड़ी मेहनत तथा स्कूल की शारीरिक शिक्षिका शुगुन डोगरा को दिया।

# रावी के बहाव से भंगाल गांव और हेलिपैड बचाव के लिए 7 माह बाद भी नहीं हुए प्रयास

## धर्मशाला में ग्रामीणों ने एडीसी के समक्ष रखी बड़ा भंगाल की समस्या

अनंत ज्ञान



समस्या का जल्द समाधान का आग्रह किया। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले के दुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल में रावी नदी के बहाव से बड़ा भंगाल गांव व हेलिपैड बचाव के अभी तक कोई प्रयास नहीं हुए हैं, जबकि मई के बाद नदी का जलस्तर बढ़ना शुरू हो जाता है। यदि बरसात से पहले बचाव के लिए कार्य न किया गया तो गांव व हेलिपैड को भारी नुकसान होगा। शुक्रवार को बड़ा भंगाल के ग्रामीणों ने धर्मशाला में एडीसी जिला कांगड़ा के समक्ष बड़ा भंगाल की समस्या को उठाते हुए जल्द समाधान का आग्रह किया। ग्रामीणों का कहना है कि रावी नदी में आई बाढ़ के सात माह बाद भी बचाव के कोई प्रयास नहीं किए गए हैं। बड़ा भंगाल से आई पवना कुमारी व अन्यों ने बताया कि गत वर्ष रावी नदी में आई बाढ़ से नदी के बाएं किनारे के सभी सरकारी भवन, सरकारी स्कूल, सोसायटी सहित सराय भी बह गए थे, यही नहीं हेलिपैड की ओर भी कटाव हुआ था, जिससे अब नदी के किनारे दाएं ओर बसे गांव को भी खतरा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव व हैलीपैड को बचाने के लिए सुरक्षा दीवार लगाना बेहद जरूरी है, अन्यथा बरसात में गांव व हैलीपैड को बचाना मुश्किल हो जाएगा।

### सीयू रिपोर्ट पर स्थायी समाधान के होंगे प्रयास : एडीसी

**एडीसी** विनय कुमार ने कहा कि बड़ा भंगाल दुर्गम क्षेत्र है, पिछली बरसात में जो नुकसान हुआ था, उस दिशा में कार्य के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। सेंट्रल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश के माध्यम से बड़ा भंगाल में जो नुकसान हुआ है, उसे स्टडी करवाया गया है, जिसकी रिपोर्ट आने उपरांत प्रॉपर मिटीगेशन करते हुए समस्या के स्थायी समाधान बारे विचार किया जाएगा। रिपोर्ट के हिसाब से जो भी एस्टीमेट बनेगा, उसके अनुरूप धन राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रयास रहेगा कि बरसात से पहले समस्या का समाधान सुनिश्चित हो सके।

# विकास ठप, सुलह के साथ विश्वासघात कर रही सरकार: परमार

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बीते साढ़े तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश को विकास की राह से भटकाकर आर्थिक और प्रशासनिक अव्यवस्था की ओर धकेल दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार का पूरा कार्यकाल केवल झूठे वादों, खोखली घोषणाओं और जनता को गुमराह करने में ही व्यतीत हुआ है। परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू हर दिन नए-नए शगूफे छोड़कर प्रदेश की जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब प्रदेश की जागरूक जनता इनके झूठ और वास्तविकता के बीच के अंतर को भली-भांति समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान दी गई तथाकथित गारंटियां आज भी अधूरी हैं और सरकार पूरी तरह से अपने वादों को निभाने में विफल साबित हुई है। परमार ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के सत्ता में आते ही सुलह विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के समय शुरू किए गए विकास कार्यों की रफ्तार पूरी तरह थम गई है। जो परियोजनाएं पहले तीव्र गति से आगे बढ़ रही थीं, वे आज अधर में लटकी हुई हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि सुलह क्षेत्र की जनता के साथ सीधा अन्याय है।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में हिमाचल ने बनाई देश में मजबूत पहचान : जग्गी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** गुणात्मक शिक्षा के क्षेत्र में किए गए व्यापक सुधारों के परिणामस्वरूप हिमाचल प्रदेश ने एक बार फिर देश के अग्रणी राज्यों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। नेशनल एचीवमेंट टेस्ट-2025 में प्रदेश ने देशभर में 5वां स्थान प्राप्त किया है, जबकि वर्ष 2021 में यह स्थान 21वां था। प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए इस वर्ष के बजट में 9,660 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यह बात धर्मशाला के बीएड कॉलेज में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 2026 में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे धर्मशाला के पूर्व महापौर देवेंद्र जग्गी ने कही। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन व्यक्ति के भविष्य की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण समय होता है। इस दौरान किया गया परिश्रम ही उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए किए गए प्रयासों के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति और समाज के समग्र विकास का सबसे प्रभावी माध्यम है। शिक्षा से ही सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। इस अवसर पर जग्गी ने बीएड कॉलेज धर्मशाला की चारदीवारी निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जबकि प्रधानाचार्य बीएड कॉलेज ने वार्षिक उपलब्धियां प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर धर्मशाला की मेयर नीनू शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष हरभजन चौधरी, पार्षद अनुराग धीमान, संजीव शर्मा तथा हरीश चौधरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# रेनबो स्कूल की अनविता जेटली ने 97.2 फीसदी अंक लेकर किया टॉप




विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर दी शुभकामनाएं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां के छात्रों ने सीबीएसई की दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्शाते हुए स्कूल व अभिभावकों के नाम को गौरवान्वित किया।

प्रधानाचार्य डॉ. छवि कश्यप ने कहा कि अनविता जेटली ने 97.2 फीसदी अंक प्राप्त कर टॉप किया। अर्चित शर्मा, कृति भारद्वाज,और तनिशा कटोच ने 96 फीसदी, किंजल कौंडल 95.6 फीसदी, समृद्धि सुपेहिया ने 95 फीसदी, श्रीन सिंह 94.4 फीसदी, संसृति खंगर ने 94 फीसदी संस्कृति राणा ने 93.8. फीसदी, राघव सूद 93.6 फीसदी, शिवांश कौंडल 93.6, हर्षिता चौधरी ने 92.4, आश्वी शर्मा ने 92, आस्था ने 91.6, युक्ति पॉल ने 91.4 और आरोही ने 91 फीसदी अंक प्राप्त किए। इसके अलावा 54 छात्रों ने 80 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रधानाचार्य ने बच्चों का मुंह मीठा करवाते हुए उनके भावी भविष्य के लिए शुभ कामनाएं दी। इस अवसर पर स्कूल की एडमिनिस्ट्रेटिव मैनेजर मधु चौधरी, एकैडमिक हेड रेणू मराठा, सीबीएसई इंचार्ज अर्पणा भारद्वाज व स्कूल के अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे।

# 10 करोड़ से बनेगा आईटीआई शाहपुर में अत्याधुनिक कार्यशाला भवन: पठानिया

## उपमुख्य सचेतक ने किया प्रशिक्षण कार्यशाला भवन का लोकार्पण

अनंत ज्ञान



आईटीआई में डेयरी टेक्नोलॉजी कोर्स शुरू होगा। अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** आईटीआई शाहपुर में 10 करोड़ रुपए की लागत से एक नया अत्याधुनिक कार्यशाला भवन बनाया जाएगा। यह बात शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने 43 लाख रुपए की लागत से निर्मित ड्राफ्ट्समैन व्यवसाय के कौशल प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यशाला भवन के लोकार्पण के दौरान कही।

उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में आईटीआई शाहपुर में मशीनरी, नवाचार और अन्य विकास कार्यों पर लगभग 4 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी का आभार जताया। विधायक ने कहा कि नए सत्र से आईटीआई में डेयरी टेक्नोलॉजी कोर्स शुरू होगा, जिससे युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही हाईवे पर 20 दुकानों के निर्माण की योजना भी है। इस अवसर पर नगर पंचायत के लिए कूड़ा उठाने वाली दो गाड़ियों को हरी झंडी दिखाई गई तथा नल-जल कर्मियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत में 12.73 करोड़ रुपए के विकास कार्य किए गए हैं।

### 31 जुलाई तक तैयार होगा शाहपुर का मॉडर्न थाना भवन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आज शाहपुर में लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन मॉडर्न थाना भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर 31 जुलाई तक हर हाल में पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से लैस यह थाना भवन पुलिस व्यवस्था को मजबूत करेगा और आम जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर जिला कांगड़ा के पुलिस अधीक्षक अशोक रत्न, एसडीएम शाहपुर गणेश ठाकुर, एचआरटीसी बीओडी निदेशक विवेक राणा आदि उपस्थित रहे।

# कांगड़ा घाटी रेल को पठानकोट तक चालू किया जाए : मनजीत

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** किसान नेता एवं समाजसेवी मनजीत डोगरा की अगुवाई में शुक्रवार को पंचरुखी क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधिमंडल, जिसमें स्थानीय व्यापारी ,पंचायती राज के प्रतिनिधि तथा छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रतिनिधिमंडल ने रेल मंत्री भारत सरकार को तहसीलदार पंचरुखी के माध्यम से ज्ञापन भेजा। इसमें स्थानीय व्यापारी, पंचायत प्रतिनिधि और छात्र बड़ी संख्या में शामिल रहे। ज्ञापन में कांगड़ा घाटी रेलवे को सुचारु रूप से चलाने और पठानकोट से चक्की बैंक को अंतिम स्टेशन बनाए जाने का विरोध किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि इस रूट को पूरी तरह पठानकोट तक बहाल किया जाए। मनजीत डोगरा ने कहा कि यह रेल सेवा क्षेत्र के व्यापारियों, सेना के जवानों, पर्यटकों और आम जनता के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन पिछले चार वर्षों से सेवा बाधित होने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने रेल मंत्री से शीघ्र पूर्ण बहाली की मांग की।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट का परिणाम शानदार

◆ प्रगुन शर्मा ने 99% अंकों के साथ किया टॉप

अनंत ज्ञान



**पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। 30 विद्यार्थियों ने 90% और उससे अधिक अंक प्राप्त किए। मेधावी विद्यार्थियों के बीच मिठाइयां वितरित की गई। प्रगुन शर्मा ने 99% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया और संस्थान का गौरव बढ़ाया। प्रज्ञान प्रतीक और शगुन उपाध्याय ने 97% अंक, असीम मुमताज मिर्जा ने 96.4%, जबकि ज्ञान स्तुति ने 96% और आस्था यादव ने 95.4% अंक प्राप्त किए। रुद्रांश सिंह ने 94.2%, अंशिका ठाकुर ने 94%, जबकि सौमिली कुंडू और नेहन ने 93.2% अंक प्राप्त किए। स्वास्तिका ने 93%, गौरव भगत, मोहम्मद फैजान और संयम दत्ता ने 92.2% अंक हासिल किए। बिशंभर धवन ने 91.2%, जबकि निहारिका शर्मा, उज्ज्वल सिंह और शौर्य ठाकुर ने 91% अंक प्राप्त किए। उपलब्धि सूची को आगे बढ़ाते हुए वरुण बाली ने 90.4% अंक प्राप्त किए, जबकि गर्गी राजपूत, प्रियान धनखड़ और आर्यन ठाकुर ने 90.2% अंक हासिल किए। मुस्कान, अर्नव जसरोतिया, सक्षम रंधवाल, आशीष वत्स, उमंग शर्मा, रयांश प्रताप सिंह और कुशेष खजूरिया ने 90% अंक प्राप्त कर इस उत्कृष्ट परिणाम में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके अलावा 48 विद्यार्थियों ने 80% से 90% के बीच अंक प्राप्त कर विद्यालय के समग्र परिणाम को और भी उत्कृष्ट बनाया। निदेशक सनी महाजन ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि 20 वर्षों की उत्कृष्टता का यह सफर अभिभावकों के विश्वास और शिक्षकों के अथक प्रयासों का परिणाम है। प्रधानाचार्या सुभ्रा रानी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी।

# उपमंडल इंदौरा के तहत ब्यास में डूबे किशोर का शव बरामद

अनंत ज्ञान



विधायक मलेंद्र भी पहुंचे। अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** उपमंडल इंदौरा के तहत ब्यास नदी में डूबे 17 वर्षीय युवक कृष का शव शुक्रवार को बरामद कर लिया गया। प्रशासन, पुलिस व एनडीआरएफ की संयुक्त टीम की ओर से चलाए जा रहे अभियान में मृतक का शव मंढ मियानी पुल के पास एक पेड़ में फंसा हुआ मिला।

उल्लेखनीय है कि किशोर कृष बैसाखी के अवसर पर अपने परिजनों के साथ मोक्ष क्रिया के लिए नदी किनारे गया था, जहां उसने नहाने की इच्छा जताई। नहाने के दौरान वह तेज बहाव की चपेट में आ गया और लापता हो गया। घटना के बाद से ही प्रशासन द्वारा लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। घटनास्थल पर स्थानीय विधायक मलेंद्र राजन भी मौजूद रहे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को 25 हजार की फौरी राहत प्रदान की गई है, जबकि शेष 3.75 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करवाकर शीघ्र ही उपलब्ध करवाई जाएगी। एसडीएम सुरेंद्र ठाकुर, तहसीलदार अपूर्व शर्मा तथा पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।

◆ प्रशासन ने परिजनों को 25 हजार रुपए की फौरी राहत दी

# पंचायत चुनाव : डीसी ऑफिस पहुंची किसान सभा

## अवैध कब्जाधारी और एफआरए के तहत आवेदनकर्ता बारे स्थिति की जाए स्पष्ट

अनंत ज्ञान



जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पंचायत चुनावों को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी बीच शुक्रवार को किसान सभा बैजनाथ के पदाधिकारी अक्षय जसरोटिया के नेतृत्व में धर्मशाला स्थित डीसी कार्यालय पहुंचे और एडीसी विनय कुमार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में अवैध कब्जाधारियों तथा एफआरए (वन अधिकार अधिनियम) के तहत आवेदनकर्ताओं की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की गई। अक्षय जसरोटिया ने पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 122(1)(सी) का हवाला देते हुए कहा कि अतिक्रमण करने वाले व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्य निर्धारित अवधि तक चुनाव नहीं लड़ सकते।

किसान सभा ने यह भी मांग उठाई कि वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत लंबित आवेदनों को अतिक्रमण की श्रेणी में न रखा जाए और ऐसे मामलों में चुनावी अयोग्यता लागू न की जाए। जिला प्रशासन से इस पर स्पष्ट दिशा-निर्देश देने की अपील की गई है।

> कई लोगों ने सरकारी भूमि पर कब्जा किया होता है तथा कई ऐसे आवेदक होते हैं, जिन्होंने एफआरए के माध्यम से आवेदन दिए होते हैं। इसको लेकर किसान सभा का कहना है कि जब तक एफआरए का कोई निर्णय न हो, तब तक उन्हें कब्जाधारी न माना जाए तथा पंचायत का चुनाव लड़ने के लिए डिसक्वालीफाई न किया जाए। किसान सभा ने अलग-अलग दिशानिर्देशों की प्रतिलिपियां भी हैं, इसका अध्ययन किया जाएगा और कानूनी तौर पर समाधान होगा, उसके माध्यम दिशानिर्देश जारी करने के प्रयास किए जाएंगे, जिससे किसी भी व्यक्ति को इससे नुकसान न हो। इस बारे में आवश्यक दिशानिर्देश जो भी होंगे, वो पीओ डीआरडीए और डीपीओ के माध्यम से ब्लॉकस को भेज दिए जाएंगे, जिससे कि कानून के अनुसार ही इस बारे निर्णय लिया जा सके।
>
> -विनय कुमार, एडीसी, जिला कांगड़ा

## न्यूज ब्रीफ

### केसीसी बैंक गढ़ जमूला में लौटाया आभूषण



**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** केसीसी बैंक गढ़ जमूला में 16 मार्च को एक ग्राहक का कीमती आभूषण लॉकर के बाहर रह गया, जो बैंक कर्मचारी सुमन को नीचे गिरा हुआ मिला। सुमन ने तुरंत इसकी जानकारी शाखा प्रबंधक सुनील राणा को दी। प्रबंधक ने जांच के बाद आभूषण असली मालिक को सौंप दिया। ग्राहक ने बैंक स्टाफ की ईमानदारी की सराहना की। सुनील राणा ने ग्राहकों से लॉकर का उपयोग सावधानी से करने की अपील की।

### पालमपुर में 120 पदों के लिए इंटरव्यू, 22 चयनित

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सिस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर की ओर से उप रोजगार कार्यालय पालमपुर में सिक्योरिटी गार्ड और सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 120 पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित किया गया। प्रभारी नीरज सूद ने बताया कि न्यूनतम योग्यता दसवीं पास रखी गई थी। इस दौरान 51 युवाओं ने भाग लिया, जिनमें से 22 का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को 17,500 से 23,000 रुपए दिए जाएंगे।

### यज्ञ से सौभाग्य, समृद्धि का मार्ग : स्वामी राम स्वरूप

**अनंत ज्ञान, मनोज चंदेल, योल।** वेद मंदिर योल में चारों वेदों के यज्ञानुष्ठान के अंतर्गत धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें योगाचार्य स्वामी राम स्वरूप जी ने अमावस्या के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अमावस्या केवल तिथि नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर दिन है। सूर्य और चंद्रमा के एक साथ स्थित होने को उन्होंने इसका वैज्ञानिक और आध्यात्मिक आधार बताया। स्वामी जी ने वेदों का उल्लेख करते हुए कहा कि यज्ञ से सौभाग्य, समृद्धि और कल्याण की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की बात कही।

### एचपीसीए क्रिकेट ट्रायल का सफल आयोजन



**अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, नगरोटा सूरियां।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सब सेंटर गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां में 17 अप्रैल को क्रिकेट ट्रायल का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल व आसपास के क्षेत्रों के 9 से 16 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 40 लड़के-लड़कियों ने भाग लिया। ट्रायल के दौरान अभिभावक भी मौजूद रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। एचपीसीए कोचों ने खिलाड़ियों का चयन उनकी प्रतिभा के आधार पर निष्पक्ष रूप से किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक निदेशक डॉ. गुलशन कुमार, निर्देशिका किरण लता वैद्य और प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### पंचरुखी में सप्तम निर्वाण महोत्सव संपन्न

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पंचरुखी क्षेत्र के स्वर्गाश्रम मच्छयाल घाट, अंद्रेटा (अगोजर) में परमपूज्य सद्गुरु परमहंस डॉ. स्वामी हनुमन्तानंद सरस्वती महाराज का सप्तम निर्वाण महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में श्रद्धा अर्पित की। 16 से 17 अप्रैल तक संगीतमय अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया, जिसके बाद हवन और भंडारा हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही रोटरी आई हॉस्पिटल, मारंडा के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें मरीजों को जांच, दवाइयां और परामर्श दिया गया।

### धर्मशाला कॉलेज में एआई पर व्याख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के एमबीए एवं एमसीए विभाग द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तहत विद्यार्थियों को उभरती तकनीकों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. वसु सिंह, मेडिकल निदेशक, यूनिवर्सिटी ऑफ पिट्सबर्ग मेडिकल सेंटर रहीं। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई की भूमिका, रोग निदान, मरीज देखभाल और चिकित्सा अनुसंधान में इसके उपयोग पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. विक्रम श्रीवत्स और डॉ. संजय जसरोटिया ने भी विचार रखे। विद्यार्थियों ने संवाद सत्र में सक्रिय भागीदारी दिखाई और प्रश्न पूछे।

### कर्मचारियों की समस्याओं पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश विद्युत तकनीकी कर्मचारी संघ इकाई पालमपुर की बैठक 33केवी सब स्टेशन कुरल में पालमपुर इकाई के प्रधान अक्षय कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की। राज्य विद्युत बोर्ड तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर सिंह ठाकुर और महासचिव चमन लाल शर्मा मौजूद रहे। जिला कांगड़ा के तकनीकी कर्मचारी संघ के वरिष्ठ उपप्रधान बलदेव सिंह ठाकुर, विक्रम सिंह मुख्य सलाहकार जिला कांगड़ा, हंस राज इकाई प्रधान लंबागांव और पालमपुर के तकनीकी कर्मचारियों ने भाग लिया। यह जानकारी प्रधान सचिव सतीश कुमार ने दी।

### प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना बनी दुर्घटना में सहारा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पंजाब एंड सिंध बैंक धर्मशाला शाखा के एक श्रमिक ग्राहक, जिन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 20 रुपए वार्षिक प्रीमियम वाली पॉलिसी ली थी, का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। इसके बाद बैंक की तत्परता से दावा प्रक्रिया पूरी करवाई गई। शाखा प्रबंधक अभिषेक शर्मा और अधिकारी अमन वर्मा की टीम ने समय पर कार्रवाई कर मृतक की पत्नी को 2 लाख रुपए की बीमा राशि उपलब्ध करवाई। यह राशि उनके दो बच्चों के भविष्य के लिए सहायक होगी। बैंक ने ग्राहकों से ऐसी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

# जिले में पंचायत चुनाव की सरगर्मियां तेज

## 6131 प्रत्याशियों का भाग्य तय करेंगे करीब 12 लाख मतदाता

◆ कांगड़ा जिले में नए बने हैं तीन विकास खंड

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** प्रदेश के सबसे बड़े कांगड़ा जिले में पंचायत चुनावों को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं।

जिले में वार्ड पंच से लेकर पंचायत प्रधान व उपप्रधान, पंचायत समिति सदस्यों व जिला पार्षद पदों के लिए 6131 प्रत्याशी मैदान में होंगे, जिनके भाग्य जिले के करीब 12 लाख मतदाता तय करेंगे। जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय के अनुसार, 16 अप्रैल तक जिले में कुल पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 11 लाख, 84 हजार, 100 है, जबकि मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया 24 अप्रैल तक चलनी है, ऐसे में कहा जा सकता है कि करीब 12 लाख मतदाता पंचायत चुनाव में विभिन्न पदों के लिए चुनावी रण में उतरने वाले प्रत्याशियों की जीत-हार तय करेंगे। कांगड़ा जिले में तीन नए विकास खंड पालमपुर, बड़ोह और सुराणी शामिल भी बने हैं, ऐसे में तीन पंचायत समिति भी बढ़ गई हैं।

**अब हैं 18 विकास खंड**

कांगड़ा जिले में 18 विकास खंडों की 846 पंचायतों में प्रधान व उपप्रधान, 4854 वार्ड पंचों, 54 जिला परिषद वार्डों में पार्षद व 377 ब्लॉक समिति सदस्यों के लिए चुनाव होगा। 16 अप्रैल तक पंजीकृत 11 लाख, 84 हजार, 100 मतदाताओं में से 5,98,695 पुरुष, जबकि 5,85,405 महिला मतदाता शामिल हैं, जबकि अभी नए मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया जारी है।

**सोशल मीडिया पर ठोंकी जा रही ताल**

रोस्टर जारी होने के बाद चुनाव लड़ने के इच्छुकों ने भी अपनी पकड़ मजबूत बनाने की दिशा में कार्य शुरू कर दिया है। इसके लिए न केवल लोगों से संपर्क साध रहे हैं, बल्कि इंटरनेट मीडिया का भी इस्तेमाल शुरू हो गया है, ताकि हर मतदाता के पास पहुंचा जा सके।

> इस बार करीब 12 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कांगड़ा जिले में पंचायतीराज संस्थानों के विभिन्न पदों के होने वाले चुनाव में प्रयोग करेंगे। नवंबर माह से नए वोटरों का पंजीकरण किया जा रहा है। 18 वर्ष पूरा करने वाले युवक व युवतियों के वोट बनाए जा रहे हैं।
> -सचिन ठाकुर, जिला पंचायत अधिकारी, जिला कांगड़ा।

## नूरपुर पुलिस ने 2 दिन में 8 वाहन किए जब्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस जिला नूरपुर द्वारा पिछले 2 दिनों में अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस थाना इंदौरा के तहत चौकी ठाकुरद्वारा क्षेत्र में नाकाबंदी व पेट्रोलिंग के दौरान लगभग 20-25 वाहनों की जांच की गई, जिसमें 4 टिप्पर बिना एक्स-फॉर्म के पकड़े गए। सभी वाहनों को माइनिंग एक्ट के तहत इम्पाउंड कर चालान किए गए तथा मामले न्यायालय में भेजे गए। इसके अलावा पुलिस थाना जवाली के तहत पुलिस चौकी नगरोटा सूरियां क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान 2 ट्रैक्टर रेत से लदे हुए पाए गए, जिन्हें इम्पाउंड कर चालान किए गए तथा मामले न्यायालय में भेजे गए। पुलिस थाना डमटाल के तहत थाना क्षेत्र डमटाल में कार्रवाई के दौरान 1 ट्रैक्टर बिना वैध दस्तावेजों के पकड़ा गया। इसके अतिरिक्त, पुलिस चौकी ढांगूपीर के आईसी द्वारा स्टाफ के साथ रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान 1 डम्पर बिना एक्स-फॉर्म के पकड़ा गया। दोनों वाहनों को माइनिंग एक्ट के तहत इम्पाउंड कर चालान किया गया है तथा चालान न्यायालय में पेश किया जाएगा। एसपी नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने कहा कि नूरपुर पुलिस द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा उन्होंने जनता से नियमों का पालन करने की अपील की है।

## खड़ानाल पंचायत के युवक की डूबने से मौत

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ के समीप लगती पंचायत खड़ानाल के एक युवक की पुन्न खड्ड में डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान 19 वर्षीय आयुष कुमार पुत्र राम सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि वीरवार को आयुष अपने दोस्त के साथ घूमने निकला था। इस दौरान आयुष अपने दोस्त के साथ खड्ड में नहाने चला गया। इस दौरान आयुष ने खड्ड में छलांग लगाई, जिसके बाद वह चिल्लाने लग पड़ा। बैजनाथ के एसएचओ यादेश ने बताया कि पुलिस को वीरवार रात को इस बात की जानकारी दी गई। इसके बाद आयुष को खड्ड से बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि आयुष के माथे पर चोट लगी हुई थी। उन्होंने बताया कि आयुष का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

## चौधरी हरभजन सिंह फिर बने धर्मशाला कांग्रेस अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, गगल।** धर्मशाला में कांग्रेस ने चौधरी हरभजन सिंह को दोबारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया है। बगली पंचायत निवासी हरभजन सिंह संगठन में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं और 2011 से 2016 तक जिला परिषद के खनियारा वार्ड (अब झिकली इच्छी) से सदस्य रह चुके हैं। वे 2009 में युवा कांग्रेस अध्यक्ष और 2012 में ओबीसी विभाग के प्रदेश महासचिव व उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। 15 मार्च 2024 को भी उन्हें ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया था। कार्यकारिणी भंग होने के बाद भी वे क्षेत्र के 90 से अधिक बूथों में लगातार सक्रिय रहे। उनकी पुनर्नियुक्ति पर कांग्रेस महासचिव देवेंद्र जग्गी, मेयर नीनू शर्मा सहित कई नेताओं ने बधाई दी। हरभजन सिंह ने कहा कि वे पार्टी नेतृत्व के भरोसे पर खरा उतरते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

## सिया हत्या के विरोध में निकाला कैंडल मार्च, हो सख्त कार्रवाई

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय की एबीवीपी इकाई द्वारा सरकाघाट में युवती सिया के साथ हुई दुखद घटना के विरोध एवं शोक प्रकट करने हेतु विश्वविद्यालय परिसर में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। कैंडल मार्च के दौरान अभिवाप अध्यक्ष शैफाली ठाकुर के नेतृत्व में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर शैफाली ने विश्वविद्यालय प्रशासन से महिला सुरक्षा की स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। शैफाली ने याद दिलाया कि इससे पूर्व पालमपुर में भी एक अत्यंत शर्मनाक घटना घटित हुई थी। दुर्भाग्यपूर्ण है कि उस घटना के बाद भी ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। अभाविप इकाई ने प्रशासन से मांग की है कि छात्राओं की सुरक्षा हेतु प्रभावी व्यवस्था लागू की जाए, दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए स्पष्ट नीति बनाई जाए। अभाविप इकाई ने पीड़िता के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की तथा समाज से आह्वान किया कि महिला सुरक्षा के मुद्दे पर एकजुट होकर आवाज उठाएं।

## देवी पंचायत में 39 लोगों का स्वास्थ्य जांचा



भारद्वाज मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल अरला ने लगाया शिविर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**डरोह।** हिमाचल डायबिटीज स्ट्रोक सोसायटी के सहयोग से भारद्वाज मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल अरला की ओर से देवी पंचायत के शिव मंदिर परिसर में शुक्रवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों के लिए निशुल्क मधुमेह परीक्षण सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच की गई तथा जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। यह स्वास्थ्य शिविर हिमाचल डायबिटीज स्ट्रोक सोसायटी की अध्यक्ष मैडम राधिका शर्मा के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशों में आयोजित किया गया, जिसमें अस्पताल की अनुभवी एवं विशेष मेडिकल टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। कुल 39 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिन्हें चिकित्सकों द्वारा उचित परामर्श भी दिया गया। लोगों ने अस्पताल प्रबंधन के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. प्रेम भारद्वाज ने बताया कि भविष्य में भी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## नशे में धुत्त व्यक्ति ने सिविल अस्पताल में किया हंगामा

**अनंत ज्ञान, कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** सिविल अस्पताल में वीरवार देर रात के समय तनावपूर्ण स्थिति बन गई, जब नशे में धुत्त एक व्यक्ति ने अस्पताल का माहौल बिगाड़ दिया। जानकारी के अनुसार दाड़ी क्षेत्र निवासी सतीश कुमार बिना पहचान पत्र के अस्पताल में घुस आया और ड्यूटी पर तैनात महिला स्टाफ के साथ अभद्र व्यवहार करने लगा। समझाने पर वह गाली-गलौज पर उतर आया, जिसके बाद स्टाफ ने पुलिस को बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस के साथ भी आरोपी ने बदसलूकी की, जिसके चलते उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया। यह पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। अस्पताल स्टाफ और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। उधर, बीएमओ नगरोटा बगवां डा. रूबी भारद्वाज ने कहा कि स्टाफ नर्स के साथ बदतमीजी की फिर पुलिस को बुलाकर पुलिस के हवाले कर दिया है।

## टोल-फ्री नंबर 1800-180-1916 पर दें वनों में लगी आग की सूचना : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश में वनों में आग की घटनाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक राज्य स्तरीय टोल-फ्री नंबर 1800-180-1916 स्थापित किया गया है। डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि यह टोल-फ्री नंबर प्रदेश में वनाग्नि से संबंधित शिकायतों एवं सूचनाओं के लिए उपयोग में लाया जाएगा, जिससे घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। आम जनता किसी भी वनाग्नि की घटना की सूचना इस पर दे सकती है। आम नागरिकों से भी अपील की कि वे वन संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें तथा जंगलों में किसी भी प्रकार की आग की घटना की जानकारी तुरंत इस टोल-फ्री नंबर पर दें, जिससे समय रहते नुकसान को रोका जा सके।

## गढ़ जमूला स्कूल में नए विद्यार्थियों का स्वागत



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ जमूला में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर हवन और नवागंतुक स्वागत समारोह आयोजित हुआ, जिसमें प्रधानाचार्या मीनू सूद सहित स्टाफ और विद्यार्थियों ने भाग लिया। हवन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। पुराने विद्यार्थियों ने नए छात्रों का तिलक कर स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन का महत्व बताया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरित किया गया।

## जसवंत डढवाल तीसरी बार बने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** विधानसभा जयसिंहपुर से जसवंत डढवाल को तीसरी बार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, मंत्री एवं विधायक यादविंद्र गोमा सहित समस्त शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। डढवाल ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उसके लिए आभारी हैं और पूरी ईमानदारी से संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही बूथ स्तर पर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, जिसमें समर्पित और ईमानदार कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाएगा।

## निजी कॉलेजों में बढ़ती घटनाओं पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, हिमाचल प्रदेश की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने निजी विश्वविद्यालयों में लगातार सामने आ रही गंभीर घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि हिमाचल, जो शिक्षा के लिए सुरक्षित माना जाता था, आज ऐसी घटनाओं के कारण सवालों के घेरे में है। उन्होंने सोलन स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में छात्र द्वारा आत्महत्या के प्रयास और अन्य विश्वविद्यालयों में हुई हिंसक घटनाओं का उल्लेख करते हुए प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए। एबीवीपी ने उच्च स्तरीय जांच, सख्त कार्रवाई और हर विश्वविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने की मांग की है।

## पठानकोट के आकाश बने छिंज विजेता

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** सकोह में सिद्ध बाबा घासी राम तीन दिवसीय बैसाखी मेले का आयोजन किया गया, जिसका समापन समारोह जसवंत डढवाल की उपस्थिति में हुआ। उन्होंने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिन्हें संरक्षित रखना सभी का कर्तव्य है। मेले में आयोजित छिंज मुकाबले में आकाश पठानकोट विजेता बना, जिसे 31,000 रुपए का नकद पुरस्कार मिला। उपविजेता पहलवान मुकेश कोहली को 21,000 रुपए दिए गए। इस अवसर पर मेले की कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## शशि राणा बने बैजनाथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से शशि राणा को बैजनाथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया है। शशि राणा ने कहा कि वे पूरी ईमानदारी से जिम्मेदारी निभाएंगे और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने 2027 के चुनावों में मिशन रिपीट के लिए काम करने का संकल्प लिया। विधायक किशोरी लाल ने उनकी नियुक्ति पर प्रसन्नता जताई और इसे पार्टी के लिए लाभकारी बताया। इस मौके पर कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दिल्ली कॉन्वेंट स्कूल देहरा का परीक्षा परिणाम 100% परिणाम




अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** देहरा क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान दिल्ली कॉन्वेंट स्कूल देहरा का सीबीएसई की 10वीं कक्षा में 100 फीसदी परीक्षा परिणाम रहा है। 70 से अधिक विद्यार्थियों ने 10वीं की परीक्षा दी थी और सभी विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया।

ईशान ने 95 फीसदी अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। अंशिता ने 94 फीसदी, प्रिक्षित ने 92 फीसदी, विपुल परमार ने 92 फीसदी तथा पूजा रानी ने 91 फीसदी अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त आर्यंश, मन्नत, अनन्या, मन्या और प्रियंशी राणा ने भी 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। स्कूल प्रबंध निदेशक डॉ. प्रवीण राजपूत तथा प्रधानाचार्य गुंजन परमार ने बताया कि यह सफलता केवल अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास, अनुशासित वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। स्कूल लगातार विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा, नैतिक मूल्यों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित करता आ रहा है।

### शाहपुर में आयोजित राज्यस्तरीय फुटबाल चैंपियनशिप संपन्न

## किन्नौर ने ऊना को हराकर जीती ट्रॉफी




प्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के महासचिव दीपक ने विजेता व उप विजेता टीम को किया सम्मानित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** जिला फुटबाल एसोसिएशन की ओर से शाहपुर में आयोजित स्वामी विवेकानंद अंडर-20 पुरुष राज्यस्तरीय फुटबाल चैंपियनशिप का संपन्न हो गई। जिसमें डीएफए किन्नौर ने खिताबी जीत हासिल की।

प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेल प्रेमियों को दो सेमीफाइनल और एक शानदार फाइनल मुकाबला देखने को मिला। पहले सेमीफाइनल में वाईएफसी खड्ड (ऊना) ने बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन करते हुए डीएफए शिमला को 2-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में डीएफए किन्नौर ने आक्रामक खेल दिखाते हुए शुक्राणा एफसी को 3-1 से मात दी। खराब मौसम की संभावना को देखते हुए आयोजन समिति ने फाइनल मुकाबले का समय बदलकर दोपहर 2:00 बजे कर दिया था। खिताबी भिड़ंत वाईएफसी खड्ड और डीएफए किन्नौर के बीच हुई। किन्नौर की टीम ने अपने शानदार खेल के दम पर ऊना को 3-1 के अंतर से पराजित कर चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। समापन समारोह में हिमाचल फुटबाल एसोसिएशन के महासचिव दीपक शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विजेता व उप-विजेता टीमों को सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के जज्बे की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में फुटबाल प्रेमी मौजूद रहे।

## कमला नेहरू अस्पताल की गायनी ओपीडी शिफ्ट करने के फैसले का विरोध

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने कमला नेहरू अस्पताल की गायनी ओपीडी को आईजीएमसी स्थानांतरित करने के सरकारी निर्णय की कड़ी आलोचना की है। समिति की राज्य अध्यक्ष रंजना जरेट और राज्य सचिव फालमा चौहान ने इस फैसले को महिलाओं के हितों के खिलाफ बताते हुए तुरंत आदेश वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी में सुविधाओं की कमी के चलते हाल ही में ऑपरेशन और ओपीडी सेवाएं फिर से कमला नेहरू अस्पताल में ही संचालित करनी पड़ीं। समिति का कहना है कि कमला नेहरू अस्पताल में पहले से ही ब्लड बैंक और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे महिलाओं को एक ही स्थान पर इलाज मिलता है। यदि सेवाएं आईजीएमसी स्थानांतरित की गईं, तो महिला मरीजों को जांच के लिए लंबी कतारों में लगना पड़ेगा। साथ ही, बढ़े हुए यूजर चार्जेज के बावजूद बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। समिति ने सरकार से मांग की है कि कमला नेहरू अस्पताल में ही नए भवन का निर्माण कर आधुनिक सुविधाएं जैसे आईवीएफ और रोबोटिक सर्जरी उपलब्ध करवाई जाएं। चेतावनी दी गई है कि यदि फैसला वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

## पंचायत भूमि पर लंबे समय पर रहे ग्रामीणों ने भी मांगा मुआवजा

◆ एयरपोर्ट विस्तार से विस्थापित होने वाले लोग एसडीएम कांगड़ा से मिले

**अनंत ज्ञान, गगल।** कागड़ा हवाई अड्डे के विस्तार कार्य के बीच अब शामलात देह (पंचायत देह) भूमि पर लंबे समय से कब्जा कर रह रहे परिवारों ने भी मुआवजे की मांग उठाई है। इस संबंध में गगल पंचायत की पूर्व प्रधान रेणु पठानिया के नेतृत्व में ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल उप-मंडलाधिकारी (एसडीएम) कांगड़ा इशांत जसवाल से मिला और अपनी समस्या उनके समक्ष रखी। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 60 से 70 वर्ष पहले ग्राम पंचायत गगल द्वारा उन्हें शामलात देह भूमि के कुछ हिस्से आवासीय और कृषि उपयोग के लिए आवंटित किए गए थे, जिन पर वे लंबे समय से काबिज हैं और अपनी आजीविका चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार और विकास कार्यों के दौरान उनकी यह भूमि भी प्रभावित हुई है, लेकिन इसे अधिग्रहण की आधिकारिक प्रक्रिया और अवार्ड में शामिल नहीं किया गया। इसके चलते उन्हें न तो किसी प्रकार का मुआवजा मिला है और न ही पुनर्वास से जुड़ी कोई राहत। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि उनकी कब्जे वाली भूमि का सत्यापन कर उसे अधिग्रहण प्रक्रिया में शामिल किया जाए तथा सरकारी नियमों के तहत उचित मुआवजा और पुनर्वास लाभ प्रदान किए जाएं। साथ ही उन्होंने मामले के शीघ्र समाधान की भी गुहार लगाई है। इस पर एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने बताया कि प्रशासन द्वारा प्रभावित भवनों का मूल्यांकन कर रिपोर्ट सरकार को भेज दी गई है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी मांग से संबंधित प्रस्ताव भी सरकार को भेजा जाएगा, ताकि उचित निर्णय लिया जा सके।

## एंजल स्कूल भवारना में हवन यज्ञ के साथ सत्र का शुभारंभ



एंजल स्कूल में नए सत्र के शुभारंभर हवन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**डरोह।** एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ किया गया। प्रधानाचार्य समीर अमिताभ सूद, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया गया। सभी ने ईश्वर से नए सत्र के सफल और मंगलमय होने की प्रार्थना की। इस अवसर पर नर्सरी कक्षा के नन्हे बच्चों का विद्यारंभ संस्कार भी संपन्न किया गया। बच्चों को अक्षर ज्ञान की शुरुआत करवाई गई, जिससे उनके शैक्षिक जीवन की पहली सीढ़ी रखी गई। विद्यालय के प्रधानायार्य ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए प्रसाद वितरण भी किया गया। इस पावन आयोजन के साथ विद्यालय में नए सत्र की सकारात्मक शुरुआत हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### 25 को होगी जब्त सामग्री की नीलामी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विधिक माप विज्ञान (तोल तथा माप) विभाग की हमीरपुर वृत्त-2 के निरीक्षक कार्यालय के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण और छापेमारी के दौरान जब्त की गई सामग्री की नीलामी 25 अप्रैल को सुबह 11 बजे कार्यालय परिसर में की जाएगी। विभाग के निरीक्षक ने बताया कि इच्छुक व्यापारी और अन्य लोग निर्धारित समय पर कार्यालय परिसर में पहुंचकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। उच्चतम बोली लगाने वाले व्यक्ति को बोली की पूरी राशि मौके पर ही जमा करवानी होगी। अधिक जानकारी के लिए विभाग के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### पेंशनरों की मांगों व समस्याओं पर मंथन

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ बिझड़ी इकाई की मासिक बैठक गीता पैलेस मैहरे में खंड प्रधान नरेंद्र सिंह बन्याल की अध्यक्षता में हुई। महासचिव तोता राम जंजुआ ने गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष केसी गौतम सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान दो सदस्यों के निधन पर शोक व्यक्त कर मौन रखा गया। पेंशन संशोधन, बकाया राशि, महंगाई भत्ता व चिकित्सा बिलों के भुगतान जैसी समस्याओं पर चर्चा हुई। सरकार से लंबित देनदारियां जल्द जारी करने की मांग उठाई गई। बैठक में राज कुमार चौधरी को सर्वसम्मति से महासचिव चुना गया।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** उपमंडल नादौन के बदारन पंचायत के साथ लगते बलोह गांव में शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के आयोजकों में से सुशील कुमार ने बताया कि कथा का समापन 23 अप्रैल को होगा जिसमें 2:00 से 5:30 तक कथा का आयोजन व महिलाओं द्वारा संगीत कीर्तन किया जाएगा ऋषिकेश से आए स्वामी सदाशिव नित्यानंद जी महाराज ने कथा के प्रथम दिवस पर भगवान की दिव्य लीलाओं का वर्णन किया।

### सुनील ने संभाला सीडीपीओ पद का कार्यभार



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज में सुनील कुमार ने बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) के पद पर कार्यभार संभाल लिया है। इससे क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की उम्मीद बढ़ी है। सुनील कुमार पूर्व में सांख्यिकी सहायक के रूप में चम्बा, हमीरपुर, टौणीदेवी और घुमारवीं में सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने पारदर्शिता व प्रभावशीलता के साथ योजनाएं लागू करने का भरोसा दिलाया। उनकी नियुक्ति पर स्थानीय लोगों ने खुशी जताई है।

### रुचि शर्मा को चुना एसएमसी अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** राजकीय उच्च विद्यालय करेर में कार्यकारी मुख्यध्यापक राकेश कुमार की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति के चुनाव संपन्न हुए। इस दौरान सर्वसम्मति से रुचि शर्मा को एसएमसी अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों का भी चयन किया गया। कार्यकारी मुख्यध्यापक राकेश कुमार ने बताया कि पूर्व एसएमसी का कार्यकाल पूर्ण हो चुका था, जिसके चलते नए शैक्षणिक सत्र के लिए नई एसएमसी का गठन किया गया है। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ सदस्य कुलदीप कुमार, विक्रम चंद, रजनी देवी, पुष्पा रानी, पूनम शर्मा, अमिता शर्मा सहित अन्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### नादौन में 200 पदों के लिए साक्षात्कार 20 को

**अनंत ज्ञान, नादौन।** मोहाली की कंपनी एलेना ऑटो इंडस्ट्रीज लिमिटेड हेल्पर और मशीन ऑपरेटर सहित 200 पदों को भरने के लिए 20 अप्रैल को उप रोजगार कार्यालय नादौन में साक्षात्कार लेगी। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए आठवीं, दसवीं और बारहवीं पास और टर्नर, फिटर एवं मशीनिस्ट ट्रेड के आईटीआई डिप्लोमा धारक उम्मीदवार पात्र होंगे। चयनित उम्मीदवारों को 13000 से 14000 रुपये तक मासिक वेतन दिया जाएगा। अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

### लापता बच्ची का तीसरे दिन भी सुराग नहीं

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** विधानसभा बड़सर की कड़साई पंचायत के कलवाड़ा गांव से रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हुई सात वर्षीय बच्ची का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। बुधवार को बच्ची घर के पास खेलते समय अचानक लापता हो गई, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर खेतों, जंगलों और आसपास के क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया। दूसरे दिन ड्रोन की मदद से भी तलाश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। शुक्रवार को एसडीआरएफ की चार टीमों ने मौके पर पहुंचकर नाले, झाड़ियों और चेक डैम क्षेत्रों में गहन तलाशी ली, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। एडीएसपी बड़सर एम शर्मा ने बताया कि सर्च अभियान जारी है और पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है। उन्होंने परिजनों से धैर्य रखने की अपील की है।

### डीसी ने बाबा बालक नाथ मॉडल स्कूल का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बाबा बालक नाथ विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) की बैठक उपायुक्त हमीरपुर गंधर्वा राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आय-व्यय सहित विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा की गई और लंबित मामलों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि दियोटसिद्ध धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है, इसलिए सभी निर्माण कार्यों में नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम का पालन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में दुकानों को खाली करवाने सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इसके बाद उपायुक्त ने मॉडल स्कूल और गौ सदन का निरीक्षण भी किया।

### विधायक कैप्टन रणजीत लगातार बोल रहे झूठ

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर भाजपा मंडल ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में विधायक कैप्टन रणजीत सिंह पर तीखा हमला बोला। मंडल अध्यक्ष प्रो. विक्रम राणा और जसवंत ठाकुर ने आरोप लगाया कि विधायक लगातार झूठ बोल रहे हैं और संवैधानिक पद की गरिमा का पालन नहीं कर रहे हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि विधायक को पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के नाम का फोबिया हो गया है और वे बेबुनियाद आरोप लगाते हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि विधायक अपनी पार्टी को लेकर स्पष्ट स्थिति बताएं। सुजानपुर मैदान की बदहाल स्थिति और सफाई न होने पर भी सवाल उठाए गए।

# पुरानी टीम पर ही 'भरोसा', जिला अध्यक्ष से लेकर ब्लॉक अध्यक्षों तक 'नो-कंट्रोवर्सी'

## अब जिला और ब्लॉक कार्यकारिणियों के शीघ्र ऐलान की उम्मीद जगी

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** किसी भी तरह की नई कंट्रोवर्सी' के मोल लेने से परहेज करते हुए जिले में पहले जिला अध्यक्ष और अब ब्लॉक अध्यक्षों की तैनाती के मामले में 'पुरानों' पर ही भरोसा कांग्रेस के नेताओं ने जताया है।

लेकिन एक और उम्मीद यह भी जगी है कि पंचायत चुनावों के ऐलान से पहले क्या जिला कार्यकारिणी और ब्लॉक कार्यकारिणियों का गठन भी संभव है। सीएम के इस गृह जिले में एक बात साफ हो गई है कि 'नो-कंट्रोवर्सी' के आधार पर ही चलना बेहतर समझ गया है। हालांकि, जिले में विस उपचुनावों के दरमियान काफी उल्टफेर हुआ था, तब सवाल भी उठे थे। मगर कारण यह भी था की बदलाव करने की यह कोई

**कौन-कौन बने ब्लॉक अध्यक्ष**



विजय कुमार बनयाल, भोरंज | संजय ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, बड़सर। | सुनील हमीरपुर ब्लॉक अध्यक्ष | राजेंद्र ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, सुजानपुर। | पृथ्वी चंद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नादौन

**ये पिछली मर्तबा भी अपने-अपने ब्लॉक के अध्यक्ष थे**

उपयुक्त बेला भी नहीं है। जिन्हें रिपीट किया है उनकी पिछली पारी भी अधूरी रही थी, इसीलिए मझधार में छूटी दूसरी पारी को आगे बढ़ाने के लिए सत्ता में बैठे नेताओं ने उन्ही पुराने धुरंधरों को विश्वास का पात्र बनाया है। अब यही लोग संगठनात्मक ढांचे को पहले पंचायत चुनाव में और फिर आने वाले विधानसभा चुनावों के लिए खड़ा करने की जवाब देही पर सवार होंगे। हमीरपुर जिला में पांच विधानसभा सीटें हैं और यहां पांच ही ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। तीन सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है और दो पर भाजपा काबिज है। लेकिन अब देखने वाली बात यह होगी कि पहले पंचायत चुनावों में नए अध्यक्ष पार्टी संगठन की इस चुनावी प्रक्रिया पर कितने खरे उतर पाएंगे? क्या जिले में पंचायतीराज व्यवस्था में समर्थकों को जितवा पाने में नेतृत्व की उम्मीदों पर खरा उत्तर पाएंगे। क्योंकि भरोसा तो इन्हीं पर जताया गया है।

भाजपा के मुकाबले पर कांग्रेस का संगठन इस जिला में हमेशा ही उसे स्टार का नहीं रहा है जिस स्तर पर भाजपा का संगठन काम करता आया है, लेकिन अब क्योंकि जिला और ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्तियां हो गई हैं उम्मीद यही जताई जा रही है कि बहुत जल्दी इनके कार्यकारिणियों का भी गठन हो जाएगा। यदि ऐसा होता है तो पंचायत चुनावों में पार्टी को कई चीजें आसान रह बन जाएंगी।

# हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में दो वाटर कूलर पड़े खराब



वाटर कूलर में आरओ तक नहीं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में मरीजों और तीमारदारों के लिए लगाए गए वाटर कूलरों की हालत खराब है। प्रतिदिन हजारों लोगों की आवाजाही के बावजूद यहां केवल चार वाटर कूलर लगाए गए हैं, जिनमें से दो लंबे समय से खराब पड़े हैं। इस कारण मरीजों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि प्राचार्य कार्यालय के सामने लगाए गए कूलर भी खराब स्थिति में हैं, लेकिन उनकी मरम्मत नहीं की गई। इसके अलावा आपातकालीन वार्ड के बाहर लगा कूलर भी पहले खराब होने पर हटा दिया गया था। मरीजों को आरओ और ठंडे पानी की सुविधा भी पर्याप्त रूप से नहीं मिल पा रही है।

वहीं, सीनियर सिटीजन काउंसिल द्वारा लगाए गए कूलरों में आरओ और गर्म पानी की व्यवस्था उपलब्ध है, जिससे मरीजों को राहत मिल रही है। मेडिकल कॉलेज के स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ. देश राज शर्मा ने कहा कि खराब कूलरों को जल्द ठीक कराया जाएगा और इसके लिए बजट की व्यवस्था की जा रही है।

## भाजपा जिला शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा के शिक्षक प्रकोष्ठ की पहली संगठनात्मक बैठक शुक्रवार को हमीरपुर बस अड्डे के समीप भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश संयोजक पुरुषोत्तम शर्मा मुख्य अतिथि और जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक यशवीर जम्वाल ने की, जिसमें जिला व मंडल स्तर के पदाधिकारियों सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए। पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा की वैचारिक मजबूती का महत्वपूर्ण आधार है, जो शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करता है। उन्होंने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाला वर्ग बताते हुए उनकी समस्याओं को संगठन के माध्यम से सरकार तक पहुंचाने पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने शिक्षक प्रकोष्ठ को संगठन की रीढ़ बताते हुए कहा कि यह प्रकोष्ठ पार्टी की नीतियों को बौद्धिक वर्ग तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने शिक्षकों से सामाजिक जागरुकता बढ़ाने में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। जिला संयोजक यशवीर जम्वाल ने कहा कि यह प्रकोष्ठ शिक्षकों को एक मजबूत मंच प्रदान करेगा और संगठन व शिक्षा जगत के बीच सेतु का कार्य करेगा। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। इसके साथ ही बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रविंद्र ठाकुर, जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, प्रदेश सह संयोजक सतीश शर्मा एवं प्रेम सिंह भरमोरिया तथा जिला संयोजक त्रिलोक नाथ उपस्थित रहेंगे।

## कन्या स्कूल नादौन को मर्ज करने के खिलाफ अभिभावकों ने किया प्रदर्शन



बेटियों को गर्ल्स स्कूल नादौन में ही पढ़ाने की मांग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नादौन।** पीएम श्री उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन में नए सत्र की शुरुआत के साथ ही को-एजुकेशन व्यवस्था को लेकर अभिभावकों ने शुक्रवार को स्कूल परिसर में विरोध जताया। अभिभावकों ने मांग की कि कन्या स्कूल नादौन को अलग ही बनाए रखा जाए, ताकि छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि नए भवन का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसे पूरा होने में डेढ़ से दो साल लग सकते हैं, ऐसे में पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका है। अभिभावकों ने चेतावनी दी कि यदि मांग नहीं मानी गई तो वे धरना प्रदर्शन करेंगे। अभिभावकों का कहना है कि कन्या स्कूल लंबे समय से शिक्षा और अनुशासन के लिए जाना जाता रहा है और वे इससे संतुष्ट हैं। वहीं, प्रिंसिपल राजेश धीमान ने बताया कि निर्माण कार्य के चलते कक्षाओं का अस्थायी रूप से पुनर्वितरण किया गया है और व्यवस्था के अनुसार अलग-अलग भवनों में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

# राणा बोले- स्टोन क्रशर मामले में पुलिस ही शिकायतकर्ता, 'कठपुतली' बनी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** सुजानपुर के पूर्व विधायक और हिमाचल भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र राणा शुक्रवार को अचानक हमीरपुर पुलिस स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने स्टोन क्रशर मामले में पुलिस रिमांड पर चल रहे विधायक आशीष शर्मा के भाई और चाचा से मुलाकात की। मीडिया से बातचीत में राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि निजी राजनीतिक खुन्नस के चलते पुलिस का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में शिकायतकर्ता, जांच और गवाही तीनों ही पुलिस के पास हैं, जिससे निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस कठपुतली बनी है। राणा ने दावा किया कि संबंधित लोगों से 100 घंटे से अधिक पूछताछ हो चुकी है और उन्हें 45 बार पुलिस स्टेशन बुलाया गया, फिर भी कार्रवाई जारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ अधिकारी सरकार के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं। उन्होंने एक सरकारी सलाहकार पर भी गंभीर आरोप लगाए और देहरा उपचुनाव के दौरान महिला मंडलों को धन वितरण के मामले की जांच की मांग की।

### सुजानपुर मेला ग्राउंड की बदहाल स्थिति पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुजानपुर मेला ग्राउंड की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय विधायक पर निशाना साधते हुए प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने चौगान मैदान का निरीक्षण कर कहा कि इस बार जैसी अनदेखी पहले कभी नहीं हुई। राणा ने बताया कि 5 अप्रैल को मेला संपन्न होने के बाद भी 17 अप्रैल तक मैदान की सफाई नहीं हो पाई है, जबकि पहले यह कार्य समय पर पूरा हो जाता था। उन्होंने कहा कि गंदगी का स्तर चिंताजनक है और इससे महामारी फैलने का खतरा भी बन सकता है। उन्होंने प्रशासन से पूछा कि क्या सफाई की जिम्मेदारी तय करते समय कोई शर्तें रखी गई थीं। राणा ने एक सप्ताह के भीतर मैदान को साफ कर पूर्व स्थिति में लाने की मांग की और चेतावनी दी कि कार्रवाई न होने पर आंदोलन किया जाएगा।

### जाहू बाइपास पर दो गुटों में लड़ाई, आठ लोग हिरासत में

**अनंत ज्ञान, जाहू।** जाहू पुलिस चौकी के नजदीक जाहू बाइपास पर वीरवार देर रात दो गुटों के बीच झड़प हुई। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर बोतलें और पत्थर फेंके, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही जाहू पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ लोगों को हिरासत में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, झगड़े के दौरान अज्ञात लोगों ने सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों और खाली जगहों पर बोतलें फेंकी और पथराव किया, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि दोनों गुटों के लोग बाहरी थे। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें एक महिला और एक पुरुष को पथराव करते हुए साफ देखा जा सकता है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# गुब्बर में सम्मान समारोह में 37 मंडल किए सम्मानित



विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने सम्मान समारोह में की शिरकत। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** गुब्बर में आयोजित महिला मंडल सम्मान समारोह में मुख्यातिथि के रूप में विधायक कैप्टन रणजीत सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुमित्रा देवी ने शिरकत की।

कार्यक्रम में 400 महिलाएं मौजूद रहीं। समारोह के दौरान कुल 37 महिला मंडलों को सम्मानित किया गया। विधायक ने कहा कि जब विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का समय था, तब पूर्व विधायक चंडीगढ़ में समय बिताने में व्यस्त रहे। आज जब क्षेत्र विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तो उन्हें इस प्रगति से खुशी होने के बजाय असंतोष हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इसी कारण पूर्व विधायक लगातार अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं, जो न केवल तथ्यहीन है, बल्कि जनता को भ्रमित करने का प्रयास भी है। विधायक ने स्पष्ट किया कि वर्तमान सरकार और जनप्रतिनिधि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और जनता के हित सर्वोपरि हैं।

### विद्युत उपमंडल-1 में व्यावसायिक उपभोक्ताओं ने लगवाए स्मार्ट मीटर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-1 हमीरपुर के सहायक अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि उपमंडल के तहत आने वाले झनियारी, मसियाणा, अमरोह, कुठेड़ा, धनेड़ और नाल्टी अनुभाग में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य जारी है। इन अनुभागों में सभी एनडीएनसी एवं व्यावसायिक विद्युत कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। इसी प्रकार, अन्य अनुभागों में भी इन श्रेणियों के लगभग 95 प्रतिशत उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगवा चुके हैं। सहायक अभियंता ने बताया कि ये सभी स्मार्ट मीटर सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं और किसी भी उपभोक्ता की ओर से कोई शिकायत नहीं आई है। उपमंडल के अन्य उपभोक्ताओं के मीटर भी बदलने की प्रक्रिया जारी है, इसलिए सभी उपभोक्ता सहयोग करें और अपने-अपने घरों में स्मार्ट मीटर अवश्य लगवाएं। सहायक अभियंता ने बताया कि अगर कोई उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगवाने में सहयोग नहीं करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।

### हिम अकादमी में अटल टिंकरिंग कम्युनिटी-डे' का आयोजन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में अटल टिंकरिंग लैब के अंतर्गत अटल कम्युनिटी-डे' का आयोजन अंबेडकर जयंती के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम में हब्स ऑफ लर्निंग के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों से लगभग 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरपर्सन प्रो. आरसी लखनपाल, वाइस चेयरपर्सन सीपी लखनपाल तथा उप-प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार द्वारा किया गया। अटल टिंकरिंग लैब इंचार्ज विवेक ठाकुर एवं लैब सहायक अंकित कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स से जुड़ी रोचक एवं व्यावहारिक गतिविधियों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न रोबोटिक मॉडल तैयार किए तथा यह समझा कि रोबोट कैसे बनाए जाते हैं और किस प्रकार कार्य करते हैं। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए एक उत्कृष्ट शिक्षण अनुभव साबित हुआ, जिसने उनमें रचनात्मकता, नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों एवं शिक्षकों की सराहना की।

# सैनिक स्कूल टिहरा का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा का सीबीएसई 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। 21 कैडेट्स ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

सिद्धार्थ पंत ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, जबकि अर्नव राणा ने 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्पर्श चौहान एवं अथर्व शर्मा ने 94.8 प्रतिशत अंक हासिल की तीसरा व पार्थ पंत एवं पीयूष पटियाल ने



94.2 प्रतिशत अंकों के साथ चौथा स्थान हासिल किया। वंश भारद्वाज ने 93.8% अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन रचना जोशी, प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल राजेंद्र सिंह, उपप्रधानाचार्य कमांडर अक्षय साहू एवं समस्त शिक्षकों ने कैडेट्स को हार्दिक बधाई दी।

**मिसाल** हरनेड़ गांव के दंपती ने दो मरले जमीन में तैयार किया दो क्विंटल आलू

# बुजुर्ग दंपती ने प्राकृतिक खेती से पैदा की बंपर फसल

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** प्राकृतिक खेती में अपनी एक अलग पहचान बना चुके हमीरपुर के निकटवर्ती हरनेड़ गांव के एक और किसान परिवार ने प्राकृतिक खेती में उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। लगभग 15 कनाल भूमि पर विभिन्न फसलों को पूरी तरह से प्राकृतिक विधि से उगाने वाले इसी गांव के एक बुजुर्ग दंपती ने अभी हाल ही में केवल दो मरले जमीन पर प्राकृतिक विधि से आलू की फसल उगाकर लगभग 200 किलोग्राम की पैदावार प्राप्त करके कृषि विशेषज्ञों को भी आश्चर्यचकित कर दिया है।



विकास खंड बमसन के हरनेड़ गांव की 76 वर्षीय तीर्थू देवी और उनके 83 वर्षीय पति रिखी राम शर्मा कई वर्षों से अपनी लगभग 15 कनाल भूमि पर गेहूं और मक्की की खेती कर रहे थे। उनका एक बेटा लुधियाणा में नौकरी कर रहा है तो दूसरा बेटा सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद बिजली बोर्ड में कार्यरत है। तीर्थू देवी और उनके परिवार को गेहूं और मक्की की खेती से ज्यादा लाभ नहीं हो रहा था। उन्हें हाईब्रिड बीज और रासायनिक खाद पर भी काफी खर्च करना पड़ता था। लगभग ढाई वर्ष पहले तीर्थू देवी को प्रदेश सरकार की राजीव गांधी प्राकृतिक खेती, खुशहाल किसान योजना के बारे में पता चला और कृषि विभाग के अधिकारियों की प्रेरणा से उन्होंने प्राकृतिक खेती आरंभ की। अब उनका परिवार प्राकृतिक खेती से ही गेहूं और मक्की के साथ-साथ अरबी, हल्दी, धनिया, मैथी, सरसों, सोयाबीन, भिंडी और अन्य सब्जियों की खेती कर रहा है। पिछले सीजन में तीर्थू देवी ने केवल दो मरले के छोटे से खेत में आलू की बिजाई की। इतने छोटे खेत में ही उन्हें लगभग 200 किलोग्राम की बंपर पैदावार हुई। तीर्थू देवी ने बताया कि उनके खेत का आलू स्थानीय बाजार में ही 25 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से हाथों-हाथ बिक गया।

प्राकृतिक खेती से बुजुर्ग दंपती ने अपनी आय में अच्छी-खासी वृद्धि की है। उनकी कामयाबी को देखकर गांव के अन्य किसान भी प्राकृतिक खेती को अपनाने लगे हैं। आत्मा परियोजना हमीरपुर के परियोजना निदेशक राकेश धीमान ने बताया कि राजीव गांधी प्राकृतिक खेती, खुशहाल किसान योजना के तहत जिले के लगभग 25 हजार किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ा गया है तथा 3000 से अधिक हेक्टेयर भूमि को प्राकृतिक खेती के अंतर्गत लाया गया है तथा किसानों को एक करोड़ 68 लाख रुपए की सब्सिडी दी जा चुकी है।

# बिझड़ी स्कूल के पास जाम लगने से लोग हुए परेशान



बिझड़ी स्कूल के पास लगा लंबा जाम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बिझड़ी में जाम की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। शुक्रवार को पीएम श्री आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिझड़ी के पास लंबा जाम लगने से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ व्यापारी पीक टाइम में ही बड़े वाहनों से सामान लोड-अनलोड करते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। स्कूल से पोस्ट ऑफिस तक बाजार का रास्ता संकरा होने के कारण स्थिति और खराब हो जाती है। लोगों ने प्रशासन से नियमों का सख्ती से पालन करवाने और उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही, बाईपास निर्माण की पुरानी मांग को भी जल्द पूरा करने की अपील की गई है।

# सड़क नहीं, तो वोट नहीं

## चंबा के जडेरा पंचायत के ग्रामीणों का चुनाव बहिष्कार का ऐलान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा की ग्राम पंचायत जडेरा के अंतर्गत आने वाले थल्ला, ढेरी और गुआड़ी गांवों के करीब 1000 ग्रामीणों का गुस्सा अब खुलकर सामने आ गया है।

ग्रामीणों ने शुक्रवार को डीसी मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपते हुए ओयल से ढेरी तक प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य के अधर में लटकने से परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए पंचायत चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दी है। ग्रामीणों के अनुसार, इस सड़क का निर्माण कार्य अक्तूबर 2023 में बड़े जोर-शोर से शुरू किया गया था, जिससे लोगों में विकास की उम्मीद जगी थी, लेकिन कुछ ही समय बाद यह कार्य रहस्यमयी तरीके से बीच में ही रोक दिया गया। हालात यह हैं कि ओयल से महज 200-300 मीटर तक ही सड़क बनाई गई व बाकी निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया, जबकि करीब 1 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए बजट भी स्वीकृत हो चुका था। सबसे हैरानी की बात यह है कि ग्रामीणों ने विकास की उम्मीद में अपनी निजी भूमि तक सरकार के नाम कर दी। बावजूद इसके उन्हें आज तक सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है।



ग्रामीण डीसी मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क उनके गांवों के लिए मुख्य संपर्क मार्ग है व इसके बिना रोजमर्रा की जिंदगी कठिन हो गई है। बीमारों को अस्पताल पहुंचाना हो या बच्चों को स्कूल भेजना, हर काम जोखिम व परेशानी से भरा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन को साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं किया गया, तो वे इस बार पंचायत चुनाव का बहिष्कार करेंगे। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस बढ़ते जनाक्रोश को कैसे संभालता है और क्या वर्षों से अधूरी पड़ी इस सड़क को आखिरकार पूरा किया जाएगा या नहीं।

## सिविल अस्पताल डलहौजी में लगेगी आधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन, मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत

अनंत ज्ञान



**डलहौजी/चंबा।** जिला चंबा के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। सिविल अस्पताल डलहौजी को अब एक अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन की सुविधा मिलने जा रही है, जिससे क्षेत्र के हजारों मरीजों को सीधा लाभ पहुंचेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम सिंह भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आधुनिक मशीन चमेरा पावर स्टेशन-1 के महाप्रबंधक (जीएम) खैरी द्वारा जनहित में भेंट स्वरूप प्रदान की गई है।

मशीन को औपचारिक रूप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस अत्याधुनिक सुविधा के शुरू होने से सिविल अस्पताल डलहौजी में स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। खासकर गर्भवती महिलाओं, आपातकालीन मरीजों और विभिन्न जांचों के लिए अब लोगों को दूर-दराज के अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर ही त्वरित व बेहतर जांच सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों का समय और पैसा दोनों बचेगा। डॉ. भारद्वाज ने CPS-1 प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह का सहयोग स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी विभिन्न संस्थाएं व संगठन इसी तरह जनहित में आगे आते रहेंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मशीन को जल्द ही सिविल अस्पताल डलहौजी में स्थापित कर आम जनता के लिए इसकी सेवाएं शुरू कर दी जाएंगी।

## भरमौर के जंगलों में दिखा दुर्लभ सफेद बंदर

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** तुंदा वाइल्डलाइफ सेंचुरी के अंतर्गत बड़ाग्रां बीट में एक दुर्लभ प्रजाति के सफेद बंदर (एल्बिनो रीसस मकाक) के देखे जाने का मामला सामने आया है। इस अनोखी घटना ने स्थानीय लोगों व वन्यजीव प्रेमियों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। वन विभाग के कर्मचारियों ने इस बंदर की तस्वीरें और वीडियो भी अपने कैमरों में कैद किए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, सफेद रंग का बंदर आमतौर पर एल्बिनिज्म (रंगहीनता) के कारण दिखाई देता है, जो एक दुर्लभ जैविक स्थिति है। ऐसे बंदर सामान्य भूरी प्रजाति के रीसस मकाक के साथ ही रहते हैं, जैसा कि इस क्षेत्र में भी देखा गया है। लगभग एक महीने पहले तुंदा बीट में भी इसी तरह का सफेद बंदर देखे जाने की सूचना मिली थी। इसके अलावा, हाल ही में कुगती वाइल्डलाइफ सेंचुरी क्षेत्र में सफेद हिमालयी थार के दिखने की घटना भी सामने आई थी। डीएफओ वन विभाग कुलदीप ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बंदर पूर्ण रूप से एल्बिनो न होकर आंशिक रंग परिवर्तन (ल्यूसीज्म) का मामला भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस पर वैज्ञानिक अध्ययन किया जाएगा।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम अब तक लागू नहीं : मनीष

अनंत ज्ञान

**डलहौजी।** महिला आरक्षण कानून को लेकर केंद्र की एनडीए सरकार एक बार फिर विपक्ष व सामाजिक कार्यकर्ताओं के निशाने पर है। डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से 2022 के पूर्व प्रत्याशी व सामाजिक कार्यकर्ता मनीष सरीन ने सरकार पर 'राजनीतिक छल' का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि 'कानून बनाकर भी उसे लागू न करना, महिलाओं के अधिकारों के साथ खुला अन्याय है।'



सरीन ने कहा कि वर्ष 2023 में पारित संविधान (106वां संशोधन) अधिनियम, जिसे 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के नाम से प्रचारित किया गया, आज तक केवल कागजों में सिमट कर रह गया है। 'संसद से सर्वसम्मति से पास होने व राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बावजूद यह कानून जमीन पर लागू नहीं हुआ। मनीष सरीन ने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर महिला आरक्षण को जनगणना व सीमांकन से जोड़कर टाल रही है, जब खुद सरकार यह मान रही है कि नई जनगणना प्रक्रिया 2027 तक पूरी होगी, तो 2026 में ही सीमांकन व आरक्षण से जुड़े नए विधेयकों को लाने की जल्दबाजी क्यों? 'एक तरफ नई जनगणना पर हजारों करोड़ खर्च किए जा रहे हैं, दूसरी तरफ पुराने आंकड़ों के आधार पर राजनीतिक नक्शा बदलने की तैयारी हो रही है।

सरीन ने यह भी आशंका जताई कि सीमांकन के बहाने लोकसभा सीटों का पुनर्वितरण राजनीतिक फायदे के लिए किया जा सकता है। इससे उत्तर भारत के अधिक जनसंख्या वाले राज्यों को लाभ और दक्षिण भारत के राज्यों को नुकसान हो सकता है। सरीन ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार वास्तव में महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर गंभीर है, तो मौजूदा 543 लोकसभा सीटों में ही 33% आरक्षण तुरंत लागू किया जा सकता है। 'महिला आरक्षण को सीमांकन से जोड़ना बताता है कि प्राथमिकता महिलाओं का अधिकार नहीं, बल्कि सत्ता का गणित है।

## अनन्या ने रचा इतिहास, 98 .6% अंक लेकर चंबा जिले में बनी टॉपर

अनंत ज्ञान

**चंबा।** दुर्गम पहाड़ियों व सीमित संसाधनों के बीच भी प्रतिभा कैसे ऊंचाइयों को छूती है, इसका जीता-जागता उदाहरण बनी हैं चंबा की मेधावी छात्रा अनन्या शर्मा।



सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) की दसवीं कक्षा की परीक्षा में 98.6 प्रतिशत अंक हासिल कर अनन्या ने पूरे जिला चंबा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जिससे न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व की लहर दौड़ गई है। पंचायत छतराड़ी के गांव मासू से संबंध रखने वाली अनन्या वर्तमान में हरदासपुरा (ठुकरेड), चंबा में रहकर डीएवी विद्यालय, हरदासपुरा में अध्ययनरत हैं। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और सीमित सुविधाओं के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत, अनुशासन व अटूट संकल्प से यह मुकाम हासिल कर यह साबित कर दिया कि हालात चाहे जैसे भी हों, हौसलों की उड़ान को कोई नहीं रोक सकता। अनन्या के पिता केवल शर्मा पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चंबा में इतिहास के प्रवक्ता हैं, जबकि उनकी माता किरण शर्मा हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज विभाग में कार्यरत हैं। शिक्षा व संस्कारों से सशक्त इस परिवार ने अनन्या की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विशेष बात यह है कि अनन्या कक्षा छठी से लेकर दसवीं तक लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हर वर्ष शीर्ष स्थान हासिल करती रही हैं। अपनी इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने गुरुजनों, माता-पिता व विशेष रूप से अपनी दादी चंचल शर्मा को दिया, जिनके आशीर्वाद व मार्गदर्शन ने उन्हें हमेशा प्रेरित किया। अनन्या की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, स्थानीय प्रशासन व क्षेत्रवासियों ने गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## देश में बढ़ती कट्टरपंथी गतिविधियों पर हो सख्त एक्शन

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा में 'बजरंग दल' के कार्यकर्ताओं ने देश में कथित रूप से बढ़ती कट्टरपंथी गतिविधियों, अवैध कब्जों और सामाजिक असंतुलन से जुड़े मुद्दों को लेकर विश्व हिंदू परिषद हिमाचल प्रदेश के प्रांत अध्यक्ष डॉ. केशव वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

यह ज्ञापन डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल के माध्यम से प्रेषित किया गया, जिसमें विभिन्न घटनाओं का हवाला देते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई गई है। ज्ञापन में संगठन ने कहा कि देश के सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित करने वाली गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं, जो आंतरिक सुरक्षा व सांप्रदायिक सौहार्द के लिए चुनौती बन सकती हैं। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कुछ मामलों में सुनियोजित तरीके से समाज में वैमनस्य फैलाने की कोशिशें हो रही हैं, जिनमें महिलाओं की संलिप्तता भी सामने आई है। ज्ञापन के मुख्य बिंदुओं में तथाकथित 'लव जिहाद' के मामलों, महिलाओं के शोषण, जबरन धर्मांतरण व शैक्षणिक संस्थानों के कथित दुरुपयोग जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। साथ ही, विभिन्न शहरों में सरकारी, रेलवे और सेना की जमीनों पर अवैध कब्जों को भी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया गया। संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि खान-पान से जुड़ी कुछ घटनाओं के माध्यम से धार्मिक भावनाओं को आहत करने व समाज में तनाव पैदा करने की कोशिशें हो रही हैं। इसके अलावा, अल्पसंख्यक क्षेत्रों में रह रहे कुछ समुदायों के उत्पीड़न और पलायन जैसे मुद्दों को भी उजागर किया गया। अंत में 'बजरंग दल' ने केंद्र सरकार से इन सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि देश में शांति, सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखा जा सके।



डीसी चंबा के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजते हुए। अनंत ज्ञान

## संजय ठाकुर को मिली भरमौर ब्लॉक कांग्रेस की कमान, संगठन को मिलेगी नई मजबूती

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** लंबे इंतजार के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति करते हुए भरमौर ब्लॉक कांग्रेस की जिम्मेदारी संजय ठाकुर को सौंपना संगठन के लिए एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।



उनके अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं व समर्थकों में उत्साह की लहर है और इसे कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में अहम फैसला माना जा रहा है। संजय एक अनुभवी व जमीनी नेता के रूप में अपनी पहचान रखते हैं। उन्होंने पहले भी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। उनकी कार्यशैली मिलनसार और सभी को साथ लेकर चलने वाली रही है, जिससे वे कार्यकर्ताओं के बीच खासे लोकप्रिय हैं। वर्षों से पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा व ईमानदारी ही उन्हें इस मुकाम तक लेकर आई है। युवाओं में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है, जो संगठन को नई ऊर्जा देने में सहायक साबित हो सकती है। वे पूर्व मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी के करीबी माने जाते हैं और ठाकुर सिंह के कार्यकाल में उन्हें हिमाचल प्रदेश स्टेट फॉरेस्ट कॉरपोरेशन में निदेशक की जिम्मेदारी भी मिल चुकी है, जिससे उनके प्रशासनिक अनुभव को भी मजबूती मिली है। इसके अलावा, वे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अमित भरमोरी के विश्वसनीय सहयोगी भी माने जाते हैं। अपनी नियुक्ति के बाद संजय ठाकुर ने कहा कि वे पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। उनका लक्ष्य सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट कर संगठन को मजबूत बनाना व प्रदेश में कांग्रेस सरकार को दोबारा स्थापित करना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ब्लॉक स्तर पर हर कार्यकर्ता को पूरा सम्मान दिया जाएगा।

## 18 अप्रैल को करियां में बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सहायक अभियंता तेजू राम ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि बिजली उपमंडल चंबा नं.1 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में 18 अप्रैल (शनिवार) को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि करियां ट्रांसफार्मर तथा स्ट्रीट लाइटों के प्रतिस्थापन कार्य के चलते बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान करियां ट्रांसफार्मर से जुड़े क्षेत्र करियां, करियां बाजार, उप्पर करियां, गांव सेली तथा गांव जिल्लो आदि में प्रात:10 बजे से सायं 3 बजे तक अथवा कार्य पूर्ण होने तक बिजली सेवा बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह कार्य मौसम की अनुकूल परिस्थितियों पर निर्भर भी करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 642 ग्राम चरस के साथ आरोपी को दबोचा

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में नशे के खिलाफ जारी सख्त अभियान के तहत स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट (एसआईयू) ने इंस्पेक्टर गगन की अध्यक्षता में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक युवक को 642 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। यह पूरी कार्रवाई शुक्रवार को लगभग दोपहर 2 बजे धुड़ी मोड़, चनेड से लगभग एक किलोमीटर के पास गश्त के दौरान हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान देवी सिंह (34) पुत्र किशन चंद, निवासी चुराह, जिला चंबा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, एसआईयू टीम मौके पर पहले से ही घात लगाकर गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक युवक के घबराए हुए हाव-भाव व संदिग्ध गतिविधियों ने पुलिस का ध्यान अपनी ओर खींचा। युवक के चेहरे पर डर साफ झलक रहा था, जिससे पुलिस को शक हुआ। तत्परता दिखाते हुए टीम ने उसे रोककर तलाशी ली, तो उसके बैग से भारी मात्रा में चरस बरामद हुई। यह पूरा ऑपरेशन इंस्पेक्टर गगन के नेतृत्व में अंजाम दिया गया। इसमें मुख्य आरक्षक अवनीश सहित एसआईयू टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है व आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ कड़ा संदेश गया है कि चंबा में अब नशे के कारोबार पर पूरी तरह शिकंजा कस दिया गया है।

### मारपीट व अवैध शराब पर पुलिस की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए अलग-अलग मामलों में 3 अभियोग दर्ज किए हैं। सभी मामलों में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इन घटनाओं में जहां एक ओर खेत विवाद ने हिंसक रूप लिया, वहीं दूसरी ओर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ भी कार्रवाई तेज कर दी है। पहला मामला पुलिस थाना तीसा में दर्ज हुआ, जहां सेब के बागान को लेकर विवाद हिंसा में बदल गया। शिकायतकर्ता रफी मुहम्मद ने आरोप लगाया कि भगदीन, बशीर मुहम्मद सहित अन्य लोगों ने अपनी भेड़ें उसके सेब के खेत में छोड़ दीं। विरोध करने पर आरोपियों ने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि लाठियों से हमला कर दिया। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है और पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरा मामला पुलिस थाना भरमौर में सामने आया, जहां गश्त के दौरान पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लामू निवासी अशोक कुमार की दुकान से करीब 9000 एमएल शराब बरामद की। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तीसरी कार्रवाई पुलिस थाना सदर क्षेत्र में हुई, जहां गश्त के दौरान चमनो की दुकान से 3 लीटर देशी शराब बरामद की गई। इस मामले में भी आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

### पठानकोट-भरमौर एनएच पर 19 को चक्का जाम

**भरमौर/चंबा।** पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे की जर्जर हालत को लेकर अब लोगों का गुस्सा खुलकर सामने आ गया है। भरमौर के विधायक डॉ. जनकराज ने 19 अप्रैल को इस मार्ग पर चक्का जाम करने का ऐलान किया है। उन्होंने इसे केवल विरोध नहीं, बल्कि जनता की आवाज बताया, जिसे लंबे समय से अनसुना किया जा रहा है। यह हाईवे तहसील भरमौर को शेष दुनिया से जोड़ने वाला एकमात्र प्रमुख मार्ग है, लेकिन आज इसकी हालत इतनी खराब हो चुकी है कि यहां सफर करना किसी खतरे से कम नहीं। जगह-जगह गहरे गड्ढे, कच्ची सड़क, भूस्खलन व टूटी सतह यात्रियों के लिए रोजाना जान जोखिम में डालने जैसा बन चुकी है। स्थिति और भी गंभीर इसलिए है, क्योंकि कुछ ही महीनों में उत्तर भारत की प्रसिद्ध धार्मिक यात्रा मणिमहेश यात्रा शुरू होने वाली है। हर साल हजारों श्रद्धालु इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए यह यात्रा भी खतरे में पड़ती नजर आ रही है। खराब सड़क का सीधा असर पर्यटन और स्थानीय कारोबार पर भी पड़ रहा है। डॉ. जनकराज ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क की हालत नहीं सुधारी गई, तो आंदोलन और उग्र होगा।

### लिल्ह से 8 बेसहारा गोवंश को दिलाया सुरक्षित आश्रय

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** लिल्ह क्षेत्र में लंबे समय से सड़कों और खेतों में बेसहारा घूम रहे गोवंश को आखिरकार राहत मिल गई है। बजरंग दल के प्रखंड संयोजक कार्तिक ठाकुर ने एक सराहनीय पहल करते हुए आठ बेसहारा गायों व बैलों को सुरक्षित रूप से मंजीर गोशाला पहुंचाया। नीले आसमान के नीचे भूख-प्यास व दुर्घटनाओं के खतरे से जूझ रहे इन बेजुबान पशुओं की स्थिति को देखते हुए कार्तिक ने समाजसेवी पंडित बंटी शर्मा के सहयोग से विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत क्षेत्र में घूम रहे पशुओं को पकड़कर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया गया, जिससे न केवल पशुओं को सहारा मिला बल्कि स्थानीय लोगों को भी राहत मिली। कार्तिक ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य बेसहारा पशुओं को संरक्षण देना व क्षेत्र में बढ़ती समस्याओं विशेषकर किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान का समाधान करना है।

## नॉन आईटीआई सहायकों को एकमुश्त बनाया जाए लाइनमैन

अनंत ज्ञान

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड में कार्यरत नॉन आईटीआई सहायक लाइनमैनों के लिए बने भर्ती व पदोन्नति नियमों में 26 अगस्त 2023 को किया गया संशोधन आफत बन गया है।

बोर्ड के ऐसे 350 से भी अधिक सहायक लाइनमैन हैं, जिनके पास बोर्ड में तकनीकी कार्य का लंबा अनुभव है, लेकिन उनकी पदोन्नति पूरी तरह ठहर गई है। हैरानी व रोष यह है कि कई तो 30 व 35 साल की सेवा के बाद भी बिना पदोन्नति के लिए रिटायर भी हो गए हैं और कई रिटायरमेंट की ओर बढ़ रहे हैं। हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली परिषद लिमिटेड तकनीकी कर्मचारी संघ जिला मंडी के प्रधान तनुज व सचिव प्रताप सिंह ने इन संशोधनों के कारण नॉन आईटीआई वर्ग के कर्मचारी, जिनके लिए पहले 90 प्रतिशत पदोन्नति कोटा रखा गया था, उनके लिए अब पदोन्नति अवसर ही खत्म हो गए हैं। यह कोटा उल्ट कर 10 प्रतिशत कर दिया है, जबकि 90 प्रतिशत आईआईटी होल्डर के लिए कर दिया गया है। नॉन आईटीआई कर्मचारियों के पास फील्ड का लंबा अनुभव होने के बावजूद भी उनकी पदोन्नति पूरी तरह से ठहर गई है, जहां आईटीआई होल्डर वर्ग के सभी कर्मचारी पदोन्नत हो चुके हैं।

वहीं, नॉन आईटीआई अनुभव होते हुए भी सैंकड़ों की तादाद में अपनी पदोन्नति की बाट जोहते-जोहते निराश व हताश होने लगे हैं। सहायक लाइनमैन के अलावा सब स्टेशन हेल्पर भी इसी तरह से पदोन्नति से वंचित रह गए हैं। संघ ने स्थानीय प्रबंधन के माध्यम से प्रदेश सरकार व बोर्ड प्रबंधन से आग्रह किया है कि संशोधन से प्रभावित कर्मियों को एकमुश्त पदोन्नत करने की समाधान नीति बनाई जाए या इसके लिए भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में आवश्यक संशोधन किया जाए ताकि नॉन आईटीआई व आईटीआई होल्डर को न्यायपूर्ण पदोन्नति के अवसर मिल सकें।



## राजपूत कल्याण सभा पुखरी के प्रवेश ठाकुर फिर बने अध्यक्ष

अनंत ज्ञान

**पुखरी।** पुखरी क्षेत्र में राजपूत समाज को संगठित व सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए राजपूत कल्याण सभा पुखरी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान प्रवेश ठाकुर पर एक बार फिर भरोसा जताते हुए उन्हें सर्वसम्मति से दोबारा अध्यक्ष चुना गया। नई कार्यकारिणी में अशोक कुमार को वरिष्ठ उपप्रधान, टेकचंद को सचिव, अभि को सह सचिव, धर्म सिंह को कोषाध्यक्ष, संतोष कुमार को प्रेस सचिव, भारत भूषण को ऑडिटर, संतोष कुमार को मुख्य सलाहकार तथा हेमराज को कानूनी सलाहकार की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा कई सदस्यों को भी कार्यकारिणी में शामिल किया गया।

बैठक में सामाजिक सरोकारों को लेकर गंभीर चर्चा हुई, जिसमें विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की सहायता, बेरोजगार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

## कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्षों की लिस्ट जारी

अनंत ज्ञान

**चंबा।** लंबे इंतजार व लगातार उठते सवालों के बीच आखिरकार हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्तियों की सूची जारी कर दी, लेकिन सूची आते ही राहत से ज्यादा चर्चा इस बात की होने लगी कि आखिर कांग्रेस इतने अहम फैसले लेने में लगातार देर क्यों कर रही है? चंबा जिले में चुराह (एससी) से भूपेंद्र सिंह ठाकुर, भरमौर (एसटी) से संजू राम, पांगी-भरमौर (एसटी) से सुभाष चौहान, चंबा से ओम प्रकाश, डलहौजी से अमित शर्मा और भटियात से विजय कंवर को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जब संगठन लंबे समय तक नेतृत्व विहीन रहा, कार्यकर्ता असमंजस में रहे व जमीनी पकड़ कमजोर होती गई तब फैसले क्यों टाले गए? क्या यह देरी पार्टी की अंदरूनी खींचतान का नतीजा है या रणनीतिक चूक? राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज है कि कांग्रेस की यही 'लेट-लतीफ' कार्यशैली उसे लगातार नुकसान पहुंचा रही है। विपक्ष पहले ही आक्रामक मोड में है और ऐसे में संगठनात्मक ढीलापन पार्टी के लिए खतरे की घंटी माना जा रहा है, अब नई नियुक्तियों के बाद सबसे बड़ी चुनौती इन ब्लॉक अध्यक्षों के सामने हैं। बिखरे संगठन को एकजुट करना, नाराज कार्यकर्ताओं को मनाना और जनता के बीच फिर से भरोसा कायम करना। विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर यह नई टीम सिर्फ नाम की रह गई, तो आने वाला समय कांग्रेस के लिए और मुश्किल हो सकता है, लेकिन अगर ये अध्यक्ष जमीनी स्तर पर आक्रामक रणनीति के साथ काम करते हैं, तो पार्टी को नई ऊर्जा मिल सकती है। फिलहाल एक बात साफ है फैसला भले ही देर से आया हो, लेकिन अब हर कदम कांग्रेस के भविष्य को तय करेगा।


**कार्यालय खंड विकास अधिकारी**
**विकास खंड धनोटू जिला मंडी (हि.प्र.)**

**सार्वजनिक सूचना**

*क्रमांक: 5165-97* *दिनांक: 17-4-26*

***ग्राम पंचायत सलवाहन में स्थापित प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई (PWMU) के संचालन हेतु सील्ड कोटेशन आमंत्रित करने बारे***

सर्व-साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि विकास खंड धनोटू के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सलवाहन में स्थापित प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई (Plastic Waste Management Unit) के सुचारू संचालन एवं रख-रखाव के लिए इच्छुक व्यक्तियों/फर्मों/वेंडरों से निम्न शर्तों के आधार पर सील्ड कोटेशन आमंत्रित किये जाते हैं:

***कार्य का विवरण एवं मुख्य शर्तें:***

1. ठेका प्राप्तकर्ता को विकास खण्ड धनोटू की समस्त ग्राम पंचायतों से अपने वाहन एवं अपने व्यय पर प्लास्टिक कचरा पंचायत मुख्यालय से नियमित रूप से एकत्र करना होगा। 2. एकत्रित प्लास्टिक कचरे को ग्राम पंचायत सलवाहन स्थित PWMU में लाना, वहाँ लगी मशीनों (Dust Remover, Shredder एवं Baling Machine) के माध्यम से प्रोसेस करना तथा श्रेडेड/बेल्ड प्लास्टिक को सुरक्षित रखना होगा। 3. प्रत्येक ग्राम पंचायत से एकत्रित प्लास्टिक कचरे का तिथिवार रजिस्टर (Log Book) रखना अनिवार्य होगा। 4. श्रेडेड एवं बेल्ड प्लास्टिक का अलग से रिकॉर्ड रखना होगा तथा इसकी मासिक लिखित रिपोर्ट प्रत्येक माह की 5 तारीख तक खंड विकास अधिकारी, धनोटू को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करनी होगी। 5. कोटेशन कचरा एकत्र करने, परिवहन, प्रोसेसिंग एवं डिस्पोजल की समस्त लागत सहितदेनी होगी। 6. स्वीकृत कोटेशन दिनांक 31 मार्च, 2027 तक ही मान्य रहेगी। 7. न्यूनतम दरों वाली कोटेशन को प्राथमिकता दी जाएगी तथा उसे स्वीकृत किया जाएगा। कार्य संतोषजनक न पाए जाने अथवा किसी भी प्रकार की अनियमितता या शिकायत आने पर भुगतान तथा MOU बिना किसी भी सूचना के रद्द किये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास रहेगा। 8. भुगतान मासिक आधार पर कार्य की संतोषजनक रिपोर्ट प्राप्त होने के एक माह पश्चात किया जाएगा। 9. अधोहस्ताक्षरी के पास बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय कोटेशन रद्द करने, पुनः आमंत्रित करने अथवा कोई भी अतिरिक्त शर्ते जोड़ने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा। 10. प्लास्टिक जिसका उपयोग सड़क टारिंग या ने किसी कार्य के लिए नहीं किया जा सकता, उसे सीमेंट उद्योग को वेंडर द्वारा अपने खर्चे पर भेजना होगा। 11. अगर सीमेंट उद्योग को भेजे जाने वाला प्लाटिक कचरा उद्योग में प्रयुक्त होने के अनुरूप नहीं पाया जाएगा, तो वेंडर को उसे अपने खर्चे पर वापिस लाना होगा।

**कोटेशन जमा करवाने की अंतिम तिथि :** इस नोटिस के जारी होने की तिथि से 15 दिन के अंदर 10 से 5 बजे तक आवेदनकर्ता स्वयं, अपने किसी प्रतिनिधि अथवा पंजीकृत डाक द्वारा समय में जमा करवा सकता है। कोटेशन प्राप्त करने के अगले दिन कमेटी तथा निविदाकर्ता/उसके प्रतिनिधि के समक्ष प्रातः 11 बजे खोली जाएंगी। इसके लिए कोइ भी सूचना अलग से नहीं दी जाएगी।

इच्छुक व्यक्ति/वेंडर अपने नाम, पूर्ण पता, मोवाइल नंबर, आधार नंबर एवं अनुभव (यदि कोई हो) सहित बंद लिफाफे में कोटेशन कार्यालय खंड विकास अधिकारी, विकास खंड धनोटू (मंडी) में व्यक्तिशः या डाक से जमा करें। लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से ***'प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई संचालन हेतु कोटेशन*** लिखा होना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि/विलम्ब से प्राप्त कोटेशन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। अधिक/अन्य जानकारी हेतू कार्यालय से या फोन पर संपर्क कर सकते हैं।

**मनमोहन शर्मा, खंड विकास अधिकारी**
**विकास खंड धनोटू, जिला मंडी (हि.प्र.)**
**मोबाइल : 94180-23424**



**अनंत Classifieds**

**NAME CHANGE**

I, Tanu (Existing name of spouse as per IAFF-958) is legally wedded spouse of No. 14437116 X Rank: HAV (T/A) Name Vikrant presently resident at Vill Samba, PO Haldra/ Kona, Tehsil Palampur, Distt. Kangra, declare that, I have changed my name from Tanu existing name of spouse as per IAFF-958) to Tanu Devi (Proposed New name of Spouse). Both names Tanu (old) and Tanu Devi (new) pertain to one and the same person.

**नाम दुरूस्ती**

**मैं,** अंजला देवी, पत्नी श्री रण सिंह, निवासी गांव गयूनी, डाकघर चिमनू, तहसील जोगिंद्रनगर, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश, यह घोषित करती हूं कि रिहान राणा मेरा पुत्र है, जो नाबालिग है। उसके आधार कार्ड में गलतीवश उसका नाम हरियान दर्ज हो गया है, जबकि उसके जन्म प्रमाण पत्र एवं बोनाफाइड हिमाचली प्रमाण पत्र में उसका नाम रिहान राणा अंकित है। मेरा पुत्र अपने आधार कार्ड में नाम हरियान से बदलकर रिहान राणा करवाना चाहता है। यदि इस शपथ पत्र में दी गई कोई भी जानकारी असत्य या गलत पाई जाती है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी।

**व अदालत कार्याकारी दंडाधिकारी एवम नायब तहसीलदार नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र.।**

मिसल न0 ना0/2026
ता0 दा0 09-03-2026
तारीख पेशी 18-05-2026

*मुकदमा-इन्द्राज जन्म*

प्रार्थना पत्र प्रार्थीका सुमना कुमारी पुत्री गांधी राम निवासी गांव ठारु डाकघर व तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र.। ....**प्रार्थी पक्ष**

**बनाम**

**आम जनता**

**विषय:-** प्रार्थना पत्र जेर धारा 13 (3) जन्म एवम मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत प्रमाण पत्र लेने बारे प्रार्थना पत्र।

***अखवारी इश्तेहार बनाम आम जनता***

उपरोक्त मुकद्दमा बारे प्रार्थीका सुमना कुमारी पुत्री गांधी राम निवासी गांव ठारु डाकघर व तहसील नगरोटा बगवा जिला कांगड़ा ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) जन्म एवम मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 गुजारा है, जिसके अनुसार प्रार्थीया सुमना कुमारी का जन्म 01-01-1971 को हुआ था। लेकिन अज्ञानतावश प्रार्थीका सुमना कुमारी अपनी जन्म तिथि को ग्राम पंचायत ठारु में दर्ज नहीं करवा सकी प्रार्थीका सुमना कुमारी जन्म तिथि 01-01-1971 को ग्राम पंचायत ठारु में दर्ज करवाना चाहती है। अत: उक्त प्रार्थना-पत्र के सन्दर्भ में यदि आम जनता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथि 01-01-1971 को ग्राम पंचायत ठारु के रिकार्ड में दर्ज करवाने बारे कोई एतराज हो तो बह असालतन या बकालतन इस अदालत में दिनांक 18-05-2026 को दोपहर बाद 2.00 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिति में एकतरफा कार्यावाही अमल में लाई जाकर नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज काबिल-ए समायत न होगा।

आज दिनांक 17-04-2026 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय मोहर से जारी हुआ

**कार्यांकारी दंडाधिकारी**
**एवं नायब तहसीलदार, नगरोटा बगवां**

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी, शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।**

मुकदमा इन्द्राज सेहत नाम

पेशी- 07.05.2026

*मदन लाल पुत्र श्री मखौली राम निवासी गांव व डाकघर ठारु तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।*

**बनाम**

**आम जनता**

**विषय:-** दरुस्ती नाम हि.प्र.रा. अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के तहत महाल ठारु मौजा डढम्ब में नाम दरुस्ती वारे।

उपरोक्त मुकदमा वारे प्रार्थी ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है जिसमें लिखा है उनका सही नाम मदन लाल पुत्र श्री मखौली राम निवासी गांव व डाकघर ठारु तहसील शाहपुर जिला कांगडा हि.प्र. है। जबकि महाल ठारु मौजा डढम्ब में उनका नाम मदन सिंह दर्ज है जो कि गलत इन्द्रराज हुआ है। प्राथी उक्त नाम को दरुस्त करके मदन लाल पुत्र श्री मखौली राम महाल ठारु मौजा डढम्ब में दर्ज करवाना चाहता है।

अत उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में उपरोक्त नाम की दरुस्ती वारे किसी को कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 07.05.2026 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा।

आज दिनांक 16/04/26 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता, प्रथम श्रेणी**
**शाहपुर जिला कांगडा हि.प्र.।**

**व अदालत तहसीलदार एव सहायक समाहेता प्रथम श्रेणी फतेहपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**केस 154/पी/2025**

**किस्म मुकदमा तकसीम**

**पंकज कुमार वनाम रवि कुमार आदि**

प्रार्थना पत्र वराए अन्तगर्त जेर धारा 123 हि.प्र.भू राजस्व अधिनियम 1954 वावत तकसीम भूमि खाता न0 157 खतौनी 496 ता 500 किता 5 रकवा 0-09-92 है.मी. महाल खटियाड तहसील फतेहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. जमावन्दी वर्ष 2018-19

***विषय:- इश्तेहार अखवार वनाम प्रतिवादीगण।***

मुकदमा तकसीम उपरोक्त इस न्यायालय में विचाराधीन है इस कार्यालय द्वारा प्रतिवादीगण उपरोक्त को कई वार समन जारी किये गए, परन्तु सही पता न होने की वजह से उनकी तलवी नहीं की जा सकी है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रतिवादीगण की तलवी साधारण तरीके से किया जाना सम्भव न है।

अत इस इश्तेहार अखवार द्वारा प्रतिवादीगण 1. रवि कुमार 2 नवीन कुमार 3. कुमारी शिवानी 4. कुमारी राधिका पुत्रिया व 5. सुमन कुमारी विध्वा दविन्द्र कुमार पुत्र प्रताप सिहं 6 विजय कुमार 7. सुशील कुमार 8. सुरिन्द्र पाल 9 श्रीमति रक्षा देवी विध्वा रुप लाल 10. निलम कुमारी उपनाम सुनीलम कुमारी पुत्री रुप लाल गांव भोल उप तहसील राजा का तालाब 11. सुनील कुमार 12 राजिन्द्र कुमार पुत्रान 13. सन्ध्या देवी विध्वा देश राज गांव रविदास मोहली छन्नी राम डा छन्नी हिम्मत जम्मू तवी 14. (ए) नरिन्द्र लाल (वी) पवन कुमार 14 (सी)i रेखा रानी विध्वा जुईन्द्र पाल 14 (सी) ii अविनाश कुमार पुत्र नीलम चौधरी पुत्री जुईन्द्र पाल गांव बुधावर तहसील मुकेरिया जिला होशियारपुर 15 सुशील कुमार 16. दीपक 17 (1) कार्तिक चौधरी पुत्र (॥) कमलेश कुमारी विध्वा विजय पुत्र विमला देवी 18. सुनीता रानी पुत्री विमला देवी पत्नी वलवीर सिहं गांव व डा सन्धु मोहल्ला हाजीपुर तहसील मुकेरिया जिला होशियारपुर (पंजाव) के सूचित किया जाता है कि इस केस वारे किसी को कोई उजर एतराज होत तो 21.04.2026 को असालतन या वकालतन हाजिर आकर दर्ज करवा सकता है। हाजिर न आने की सूरत मे नियमानुसार एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ।

आज दिनांक 31.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर सहित मोहर अदालत जारी हुआ ।

**सहायक सम्महर्ता प्रथम श्रेणी फतेहपुर**
**जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**उत्तरदायित्व** में महान बल होता है, जहां कहीं उत्तरदायित्व होता है, वहीं विकास होता है।

-दामोदर सातवलेकर

## संपादकीय

# सख्त कार्रवाई से सशक्त संदेश

हिमाचल प्रदेश में कॉलेज छात्राओं से छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न के मामलों में तीन सहायक प्रोफेसरों को सेवा से बर्खास्त करने का फैसला एक सशक्त संदेश है। यह संदेश साफ है कि शैक्षणिक संस्थानों में अनुशासनहीनता, विशेषकर छात्राओं की गरिमा से खिलवाड़, किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नादौन, शिमला और चौड़ा मैदान जैसे प्रतिष्ठित सरकारी कॉलेजों से जुड़े इन मामलों ने न केवल शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि समाज के उस भरोसे को भी झकझोर दिया है, जो माता-पिता अपने बच्चों को स्कूल-कॉलेज भेजते समय रखते हैं।

शिक्षक समाज का वह स्तंभ होता है, जिस पर न केवल ज्ञान का प्रसार निर्भर करता है, बल्कि नैतिक मूल्यों की नींव भी टिकी होती है। जब वही शिक्षक अपने पद और जिम्मेदारी का दुरुपयोग करते हुए छात्राओं के साथ अनुचित व्यवहार करते हैं, तो यह केवल व्यक्तिगत अपराध नहीं रह जाता, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र को कलंकित कर देता है। इन घटनाओं ने यह साबित किया है कि कुछ लोगों की विकृत मानसिकता किस तरह पूरे सिस्टम की साख पर बट्टा लगा सकती है।

हिमाचल प्रदेश सरकार, विशेषकर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर द्वारा की गई यह कार्रवाई सराहनीय है। उन्होंने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी, और अब उसे धरातल पर उतारकर यह दिखा भी दिया गया है। इससे यह विश्वास जरूर पैदा होता है कि सरकार इस मुद्दे को लेकर गंभीर है और दोषियों को बख्शने के मूड में नहीं है। यह कदम न केवल पीड़ित छात्राओं को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि भविष्य में ऐसे कृत्यों पर अंकुश लगाने के लिए भी एक निवारक उपाय के रूप में काम करेगा।

हालांकि, यह भी सच है कि केवल कठोर कार्रवाई कर देना ही पर्याप्त नहीं है। सवाल यह उठता है कि आखिर ऐसी घटनाएं हो ही क्यों रही हैं? क्या यह सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव का परिणाम है, या समाज में नैतिक मूल्यों का तेजी से हो रहा ह्रास? या फिर यह संस्थागत निगरानी की कमी का संकेत है? इन सवालों के जवाब तलाशना भी उतना ही जरूरी है, जितना दोषियों को सजा देना।

मंडी जिले के सरकाघाट क्षेत्र के गोपालपुर कॉलेज में हाल ही में एक छात्रा की निर्मम हत्या का मामला भी इस बहस को और गंभीर बना देता है। जब इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं, तो स्वाभाविक रूप से अभिभावकों के मन में डर पैदा होता है। वे सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि क्या उनके बच्चे शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षित हैं? यह डर केवल एक परिवार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे समाज में असुरक्षा की भावना को जन्म देता है।

ऐसे में सरकार और शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। केवल दोषियों को सजा देना ही नहीं, बल्कि एक ऐसा सुरक्षित और विश्वासपूर्ण वातावरण तैयार करना भी जरूरी है, जहां छात्र-छात्राएं बिना किसी भय के शिक्षा ग्रहण कर सकें। इसके लिए संस्थानों में आंतरिक शिकायत समितियों को और अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाना होगा। साथ ही, नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम, काउंसलिंग सत्र और नैतिक शिक्षा पर जोर देना भी समय की मांग है।

शिक्षकों की नियुक्ति और उनके आचरण की निगरानी के लिए भी ठोस तंत्र विकसित करने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जो लोग इस पेशे में आ रहे हैं, वे न केवल शैक्षणिक रूप से योग्य हों, बल्कि नैतिक रूप से भी मजबूत हों। समय-समय पर उनके व्यवहार और कार्यशैली का मूल्यांकन किया जाना चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को शुरुआती स्तर पर ही रोका जा सके।

इसके अलावा, छात्रों को भी अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना जरूरी है। उन्हें यह बताया जाना चाहिए कि यदि उनके साथ किसी भी प्रकार की अनुचित घटना होती है, तो वे किस तरह और कहां शिकायत दर्ज कर सकते हैं। एक मजबूत और पारदर्शी शिकायत निवारण प्रणाली न केवल पीड़ितों को न्याय दिलाने में मदद करती है, बल्कि संभावित अपराधियों के मन में भय भी पैदा करती है। सरकार द्वारा पहले भी ऐसे मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है, जब स्कूल शिक्षा निदेशालय ने बीते वर्ष 5 से 10 शिक्षकों की सेवाएं समाप्त की थीं। यह दर्शाता है कि समस्या नई नहीं है, बल्कि समय-समय पर सामने आती रही है। इसलिए, इसे केवल तात्कालिक कार्रवाई तक सीमित रखने के बजाय दीर्घकालिक समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री

**ललिता पवार** हिंदी सिनेमा की बहुमुखी प्रतिभा संपन्न अभिनेत्री थीं, जिनका करियर लगभग सात दशकों तक फैला रहा। उनका जन्म 18 अप्रैल 1916 को महाराष्ट्र के येवला (नासिक के पास) में हुआ था और उनका वास्तविक नाम अंबा लक्ष्मण राव शागुन था। उन्होंने बहुत कम उम्र में ही फिल्मी दुनिया में कदम रखा और मूक फिल्मों के दौर से लेकर बोलती फिल्मों के स्वर्णिम युग तक का सफर तय किया। अपने करियर की शुरुआत उन्होंने बाल कलाकार के रूप में की और प्रारंभिक फिल्मों में 'अंबू' नाम से जानी जाती थीं। एक दुर्घटना के कारण उनकी आंख को गंभीर चोट लगी, जिससे उनका चेहरा प्रभावित हुआ। इस घटना ने उनके करियर की दिशा बदल दी, परंतु उन्होंने हार नहीं मानी और चरित्र भूमिकाओं में नई पहचान बनाई।



ललिता पवार
जन्म : 18 अप्रैल, 1916
मृत्यु : 24 फरवरी, 1998

रामशास्त्री में निभाई गई सख्त सास की भूमिका ने उन्हें एक अलग पहचान दी, जो आगे चलकर उनकी खास छवि बन गई। उन्होंने 'श्री 420' में केला बेचने वाली, 'अनाड़ी' में मिसेज डिसूज़ा और 'आनंद' में मां की संवेदनशील भूमिकाएं निभाकर दर्शकों के दिलों में स्थायी जगह बनाई। ललिता पवार ने फिल्मों के साथ-साथ टेलीविजन में भी अपनी छाप छोड़ी। रामायण में मंथरा का उनका किरदार आज भी याद किया जाता है। उन्होंने लगभग 600 फिल्मों में काम किया और हर प्रकार की भूमिका को जीवंत बनाया।

उन्हें 1959 में 'अनाड़ी' के लिए सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेत्री का पुरस्कार और 1961 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 24 फरवरी 1998 को पुणे में उनका निधन हुआ। ललिता पवार भारतीय सिनेमा की ऐसी कलाकार थीं, जिन्होंने हर युग में अपने अभिनय से गहरी छाप छोड़ी। ■



गज़ल

## शांति की तलाश !

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

गौरिक ठाकुर (कक्षा 7), हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, हॉस्टल, हमीरपुर

**पहाड़ों** की वादी में थी शांति की बहार,
अब क्यों फैल रहा है नफरत का अंधकार।
हिमाचल की धरती थी प्यार का घराना,
अब दिलों में बस गया है दूरी का ठिकाना।
छोटी-छोटी बातों पर बढ़ता जा रहा गुस्सा,
रिश्तों की डोर हो गई है जैसे कुछ ढीली-सी।
मिल-जुल कर रहने की थी पुरानी पहचान,
अब हर चेहरा लगता है जैसे हो अनजान।
भाईचारे की खुशबू फिर से हमें लानी है,
नफरत की दीवारों को मिलकर गिरानी है।
प्यार और सम्मान से बनेगा हर काम,
यही है हमारे प्रदेश की सच्ची पहचान।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# आस्था के नाम पर फैलते छल से बचकर सुरक्षित रहेगी किसान की मेहनत

उत्तर भारत के गांवों में गेहूं की कटाई केवल एक मौसम नहीं, बल्कि जीवन का उत्सव होती है। यह वह समय है जब किसान की महीनों की तपस्या, धूप में जले हाथ, सर्द रातों की पहरेदारी और अनिश्चित मौसम के साथ लड़ी गई जंग अंततः रंग लाती है। खेतों में झूमती सुनहरी बालियां किसी साधारण फसल का दृश्य नहीं, बल्कि आशा, संघर्ष और आत्मसम्मान का प्रतीक होती हैं।

जब यही फसल कटकर घर के आंगन में ढेर बनाती है, तो वह केवल अनाज नहीं होती-वह पूरे साल की सुरक्षा होती है, बच्चों की पढ़ाई का आधार, बीमारियों में सहारा, और भविष्य की अनिश्चितताओं से लड़ने की ताकत होती है। घर की महिलाएं उस अनाज को सहेजती हैं, साफ करती हैं, सुखाती हैं और बड़े जतन से उसे भंडार में रखती हैं, क्योंकि वे जानती हैं कि यही दाने आने वाले समय में घर की नींव को मजबूत बनाए रखेंगे, लेकिन इस सुनहरे और संतोष भरे दृश्य के साथ ही एक ऐसी परछाई भी गांव की गलियों में उतरने लगती है, जो धीरे-धीरे इस खुशी को कम करने लगती है।



**डॉ. सत्यवान सौरभ**
सामाजिक विचारक
मो. 9418302308

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यह परछाई है झोली लेकर घूमने वाले तथाकथित बाबाओं और मोड़ों की, जो इसी मौसम का इंतजार करते हैं। जैसे ही अनाज घरों में आता है, ये लोग अचानक गांवों में दिखाई देने लगते हैं। उनके वस्त्र, उनका रूप और उनकी वाणी सब कुछ इस तरह से रचा गया होता है कि वे श्रद्धा के पात्र प्रतीत हों। माथे पर तिलक, सिर पर पटका या टोपी, रंग-बिरंगे कपड़े और हाथ में एक झोली-यह सब मिलकर एक ऐसा रूप तैयार करते हैं, जिसे देखकर सामान्य ग्रामीण सहज ही प्रभावित हो जाता है। वे घर-घर जाकर दरवाजे पर खड़े होते हैं और मीठे शब्दों में आशीर्वाद देते हैं-'भगवान भला करेगा', 'माता रानी कृपा बनाए रखे'-और बदले में कुछ अनाज या पैसे की अपेक्षा रखते हैं।

गांवों में दान और सेवा की परंपरा सदियों से चली आ रही है। यह परंपरा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक भी है, जो आपसी सहयोग और सह-अस्तित्व की भावना को मजबूत करती है। खासकर महिलाएं इस परंपरा को निभाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे घर की दहलीज पर खड़ी होकर आने-जाने वालों का स्वागत करती हैं और अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान देती हैं। उनके लिए यह केवल एक सामाजिक कर्तव्य नहीं, बल्कि आस्था का हिस्सा होता है, लेकिन यही आस्था कई बार उनकी कमजोरी बन जाती है, जब कुछ लोग इसका लाभ उठाने लगते हैं। एक घर से दी गई एक मुट्ठी गेहूं शायद बहुत छोटी बात लगती है। देने वाले को लगता है कि इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन यही प्रक्रिया जब पूरे गांव में दोहराई जाती है, तो यह छोटी-छोटी मुट्ठियां मिलकर एक बड़े ढेर में बदल जाती हैं।



दिनभर में सैकड़ों घरों से इकट्ठा किया गया अनाज शाम तक एक बड़ी मात्रा में पहुंच जाता है। इसके बाद यह अनाज अक्सर बाजार में बेच दिया जाता है, और उससे प्राप्त धन का उपयोग जरूरी जरूरतों के बजाय नशे, जुए या अन्य अनुचित गतिविधियों में होने की शिकायतें सामने आती हैं। इस प्रकार, जो अनाज किसान ने अपने खून-पसीने से उगाया था, वह धीरे-धीरे ऐसे हाथों में चला जाता है जहां उसका सम्मान नहीं होता। यह केवल आर्थिक नुकसान की बात नहीं है, बल्कि यह विश्वास के टूटने की कहानी भी है। जब कोई व्यक्ति धर्म और आस्था का सहारा लेकर किसी की मेहनत का लाभ उठाता है, तो वह केवल संसाधनों की चोरी नहीं करता, बल्कि सामाजिक मूल्यों को भी कमजोर करता है।

इससे भी अधिक चिंताजनक स्थिति तब होती है जब क्रछ लोग दान न देने पर डराने-धमकाने का सहारा लेते हैं। 'अगर दान नहीं दिया तो अनिष्ट होगा', 'घर में अशांति आ जाएगी'- ऐसे शब्द केवल अंधविश्वास को बढ़ावा नहीं देते, बल्कि लोगों के मन में अनावश्यक भय भी पैदा करते हैं। यह भय खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को प्रभावित करता है, जो पहले से ही धार्मिक मान्यताओं से गहराई से जुड़े होते हैं। हालांकि, इस पूरी तस्वीर का एक दूसरा पहलू भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। समाज में ऐसे लोग भी हैं जो वास्तव में जरूरतमंद हैं-बुजुर्ग, विकलांग या ऐसे व्यक्ति जिनके पास जीवनयापन का कोई साधन नहीं है। उनके लिए भिक्षा मांगना कोई विकल्प नहीं, बल्कि मजबूरी होती है। उनके चेहरे पर बनावटीपन नहीं, बल्कि संघर्ष और थकान की सच्चाई झलकती है। इसलिए हर झोली लेकर आने वाले व्यक्ति को एक ही नजर से देखना उचित नहीं होगा।

समस्या का समाधान केवल विरोध में नहीं, बल्कि समझदारी में है। सबसे पहले जागरूकता जरूरी है, ताकि लोग भावनाओं या डर में आकर दान न करें। खासकर महिलाओं को सही निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाना आवश्यक है। दान हमेशा जरूरतमंदों तक पहुंचना चाहिए-जैसे गरीब परिवार, बुजुर्ग, विधवाएं और बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य। इससे समाज में सहयोग और विश्वास बढ़ता है। सामूहिक निर्णय भी महत्वपूर्ण है। यदि पूरा गांव मिलकर गलत परंपराओं को सीमित करे, तो शोषण स्वतः कम हो जाता है। यह मुद्दा केवल अनाज का नहीं, बल्कि किसान की मेहनत और सम्मान का है। आस्था जरूरी है, लेकिन अंधविश्वास नहीं। विवेक के साथ लिया गया निर्णय ही सच्ची समझदारी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# 'कम विकल्प, ज्यादा बोझ : एकाधिकार का असली सच'

आर्थिक उदारीकरण के बाद भारत में बाजारों के खुलने से प्रतिस्पर्धा बढ़ी और इसका सीधा लाभ आम उपभोक्ता को मिला। सेवाएं सस्ती हुईं, विकल्प बढ़े और गुणवत्ता में भी सुधार देखने को मिला, लेकिन समय के साथ कई क्षेत्रों में यह प्रतिस्पर्धा सिमटती चली गई और बाजार कुछ गिनी-चुनी कंपनियों के हाथों में केंद्रित होता गया।

यही स्थिति एकाधिकार को जन्म देती है, जो लंबे समय में उपभोक्ताओं के लिए बोझ बन सकती है। टेलीकॉम क्षेत्र इस बदलाव का स्पष्ट उदाहरण है। कुछ वर्ष पहले तक देश में कई कंपनियां सक्रिय थीं—जैसे भारती एयरटेल, वोडाफोन, आइडिया सेल्युलर, डोकोमो, एयरसेल, बीएसएनएल जैसे और रिलायंस कम्यूनिकेशन। उस समय प्रतिस्पर्धा के कारण रिचार्ज सस्ते थे और उपभोक्ताओं के पास अनेक विकल्प उपलब्ध थे। ग्रामीण क्षेत्रों और कीपैड मोबाइल उपयोग करने वाले लोगों के लिए भी कम कीमत वाले प्लान मौजूद रहते थे, लेकिन धीरे-धीरे कई कंपनियां बंद हो गईं या आपस में विलय हो गईं। इसके परिणामस्वरूप प्रतिस्पर्धा कम हो गई और विकल्प भी सीमित होते चले गए। आज स्थिति यह है कि केवल कॉल या कम कीमत वाले रिचार्ज प्लान लगभग समाप्त हो चुके हैं। कंपनियां अधिकतर डेटा-केंद्रित महंगे प्लान पेश कर रही हैं, चाहे उपभोक्ता को डेटा की आवश्यकता हो या नहीं। ऐसे में आम उपभोक्ता के पास या तो महंगे प्लान लेने की मजबूरी होती है या फिर सेवा से दूर होना पड़ता है।



**साहिल शर्मा**
ग्राम बाहल अर्जुन, डाकघर चकमोह, जिला हमीरपुर, मो.: 8544705033

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यह बदलाव केवल तकनीकी विकास का परिणाम नहीं, बल्कि बाजार में घटती प्रतिस्पर्धा का भी संकेत है। एयर ट्रैवल सेक्टर में भी कुछ इसी तरह की स्थिति देखने को मिलती है। पहले देश में कई एयरलाइंस यात्रियों को अलग-अलग विकल्प देती थीं, लेकिन समय के साथ कुछ बड़ी कंपनियों का दबदबा बढ़ गया। उदाहरण के तौर पर इंडिगो जैसी एयरलाइंस कई प्रमुख रूट्स पर मजबूत उपस्थिति रखती हैं। जब बाजार में विकल्प कम होते हैं, तो टिकट की कीमतें बढ़ने लगती हैं और यात्रियों के लिए सुविधाएं भी सीमित हो सकती हैं।



एकाधिकार की स्थिति में जवाबदेही भी कम होने लगती है। जब कंपनियों को यह भरोसा हो जाता है कि उपभोक्ता के पास विकल्प सीमित हैं, तो सेवा सुधार का दबाव भी कम हो जाता है। कीमतें धीरे-धीरे बढ़ सकती हैं, लेकिन सेवा की गुणवत्ता उसी गति से नहीं बढ़ती।

इसका सबसे अधिक असर ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों पर पड़ता है, जिनके लिए ये सेवाएं आवश्यकता होती हैं। आर्थिक दृष्टि से भी एकाधिकार नई चुनौतियां पैदा कर सकता है। जब बाजार कुछ बड़े खिलाड़ियों के नियंत्रण में आ जाता है, तो छोटे कारोबारों और नए उद्यमों के लिए जगह बनाना कठिन हो जाता है। इससे प्रतिस्पर्धा कम होती है और नवाचार की गति भी प्रभावित हो सकती है।

ऐसे समय में सरकार और नियामक संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। उनका दायित्व केवल बाजार को खुला छोड़ना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि प्रतिस्पर्धा बनी रहे और उपभोक्ता हितों की रक्षा हो। स्वस्थ अर्थव्यवस्था के लिए यह आवश्यक है कि बाजार में विभिन्न कंपनियों को समान अवसर मिलें और उपभोक्ताओं के पास विकल्प उपलब्ध रहें।

अंततः यह समझना जरूरी है कि जब बाजार में विकल्प कम होते हैं, तो उसका असर सीधे आम आदमी पर पड़ता है। टेलीकॉम हो या एयर ट्रैवल-जहां प्रतिस्पर्धा घटती है, वहां उपभोक्ता को अधिक कीमत और कम विकल्प का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए आवश्यक है कि बाज़ार में संतुलन और प्रतिस्पर्धा बनी रहे, ताकि विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# लोकसभा सीटों का विस्तार : प्रतिनिधित्व और बहुलतावाद का नया चरण

भारत में लोकतंत्र की मजबूती का आधार उसकी प्रतिनिधिक संरचना है। प्रस्तावित 131वां संविधान संशोधन विधेयक के तहत यदि लोकसभा की सीटों को 545 से बढ़ाकर 850 किया जाता है, तो यह केवल संख्यात्मक वृद्धि नहीं बल्कि भारतीय राजनीति के चरित्र में व्यापक परिवर्तन का संकेत होगा। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या इससे प्रभावी नेतृत्व की कमी हो जाएगी या फिर यह बहुलतावादी राजनीति को और मजबूत करेगा।

सबसे पहले, सीटों की वृद्धि का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व को अधिक न्यायसंगत बनाना है। वर्तमान में कई राज्यों में एक सांसद पर अत्यधिक जनसंख्या का भार है, जिससे जनता की समस्याओं का प्रभावी प्रतिनिधित्व कठिन हो जाता है। यदि सीटों की संख्या बढ़ती है, तो प्रत्येक सांसद के निर्वाचन क्षेत्र का आकार अपेक्षाकृत छोटा होगा, जिससे वह स्थानीय मुद्दों पर अधिक ध्यान दे सकेगा। इस दृष्टि से यह कदम लोकतंत्र को जमीनी स्तर पर अधिक सशक्त बना सकता है। हालांकि, इस विस्तार के साथ यह चिंता भी जुड़ी है कि क्या संसद में गुणवत्ता युक्त नेतृत्व की कमी आ सकती है। अधिक सीटों का अर्थ है अधिक प्रतिनिधि, और यह जरूरी नहीं कि सभी प्रतिनिधि समान रूप से सक्षम, अनुभवी या दूरदर्शी हों, लेकिन यह तर्क आंशिक रूप से ही सही है। लोकतंत्र में नेतृत्व की गुणवत्ता केवल संख्या पर निर्भर नहीं करती, बल्कि राजनीतिक दलों की चयन प्रक्रिया, मतदाताओं की जागरूकता और संस्थागत जवाबदेही पर निर्भर करती है। यदि इन तत्वों को मजबूत किया जाए, तो अधिक प्रतिनिधि होने के बावजूद प्रभावी नेतृत्व संभव है।



**विशाल कल्याण**
सहायक प्रोफेसर, महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, बद्दी, सोलन मो. 8221050880/9418233028

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

दूसरी ओर, सीटों की वृद्धि बहुलतावादी राजनीति को बढ़ावा दे सकती है। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में विभिन्न जातीय, भाषाई, क्षेत्रीय और सामाजिक समूहों की आवाज को संसद में स्थान मिलना आवश्यक है। अधिक सीटों के साथ छोटे और हाशिए पर मौजूद समूहों को प्रतिनिधित्व मिलने की संभावना बढ़ेगी। इससे नीति-निर्माण अधिक समावेशी और संतुलित हो सकता है। यह विशेष रूप से उन छोटे राज्यों और क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण है, जहां वर्तमान में प्रतिनिधित्व सीमित है, लेकिन इसके साथ कुछ चुनौतियां भी सामने आएंगी। संसद का आकार बढ़ने से संचालन और समन्वय जटिल हो सकता है। बहसों की गुणवत्ता बनाए रखना, समय प्रबंधन करना और विधायी प्रक्रिया को सुचारु रूप से चलाना कठिन हो सकता है। इसके अलावा, अधिक सांसदों के साथ राजनीतिक दलों के भीतर गुटबाजी और अस्थिरता की संभावना भी बढ़ सकती है। इस स्थिति में संसदीय परंपराओं और नियमों को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता होगी।



एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू परिसीमन है। सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए नए निर्वाचन क्षेत्रों का निर्धारण करना होगा। यह प्रक्रिया यदि पारदर्शी और निष्पक्ष नहीं रही, तो राजनीतिक विवाद उत्पन्न हो सकते हैं। विशेष रूप से दक्षिण और उत्तर भारत के राज्यों के बीच प्रतिनिधित्व के असंतुलन का मुद्दा भी उभर सकता है, क्योंकि जनसंख्या वृद्धि दर में क्षेत्रीय अंतर है।

जहां तक प्रभावी नेतृत्व की कमी का प्रश्न है, यह कहना अतिशयोक्ति होगी कि सीटों की वृद्धि से नेतृत्व स्वतः कमजोर हो जाएगा। वास्तव में, अधिक अवसर मिलने से नए और उभरते हुए नेता सामने आ सकते हैं। युवा, महिलाएं और विभिन्न सामाजिक वर्गों के प्रतिनिधि संसद में प्रवेश कर सकते हैं, जिससे लोकतंत्र और अधिक गतिशील बन सकता है। यह नेतृत्व के लोकतंत्रीकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम हो सकता है। यह कहा जा सकता है कि लोकसभा सीटों को 545 से बढ़ाकर 850 करना भारतीय लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ हो सकता है। यह कदम प्रतिनिधित्व को अधिक समावेशी बनाएगा और बहुलतावादी राजनीति को प्रोत्साहित करेगा। हालांकि, इसके साथ आने वाली चुनौतियों—जैसे संचालन की जटिलता, नेतृत्व की गुणवत्ता और परिसीमन से जुड़े विवाद को गंभीरता से संबोधित करना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# नशा अपने आप में अभिशाप बन चुका है, हर व्यक्ति को नशे से रहना होगा दूर

नशा अपने आप में एक अभिशाप है। नशे की यह बीमारी आज समाज में इस प्रकार से फैल चुकी है कि इसका इलाज अगर समय पर नहीं किया गया तो यह बीमारी पूरे समाज को दीमक की भांति धीरे-धीरे खत्म कर देगी। इस बीमारी ने अधिकतर नवयुवकों पर जोरदार प्रहार किया है और उन्हें इस प्रकार से अपने चंगुल में फंसा दिया है कि अगर कोई इससे छूट कर बाहर निकलना भी चाहे तो आसानी से निकल नहीं पाएगा।

ऐसा नहीं है कि यह नशे की आदत केवल बड़े लोगों में ही देखने को मिलती है, बल्कि यह आदत नवयुवकों में ज्यादा हो गई है। यहां तक कि जो अभी किशोरावस्था में हैं वो भी इस आदत के शिकार हो चुके हैं। जब बच्चा स्कूल जाना आरंभ करता है तभी से वह अच्छी और बुरी आदतों को सीखता है। एक नवयुवक पंद्रह से बीस वर्ष की उम्र में खुद को अच्छे और बुरे रास्ते पर ले जाता है। यह उम्र ऐसी होती है जब बच्चा जवानी की दहलीज पर पांव रखता है। वह भले ही लड़का हो या लड़की। जैसे एक चिड़िया के बच्चों को कुछ समय के पश्चात पंख लगने शुरू हो जाते हैं और वे खुले आकाश में ऊंची उड़ान भरने की कोशिश करते हैं। ठीक इसी प्रकार उम्र के इस पड़ाव में नवयुवक स्वतंत्र हो कर कुछ भी करने की इच्छा रखता है।



**डॉ. पीसी कौंडल**
गांव ददोह, डा. धावन, त. बल्ह, जिला मंडी (हि.प्र.) मो. 70188-85893

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

च्छी और बुरी संगत ही इंसान को अच्छा और बुरा बनाती है। अगर उम्र के इस नाजुक दौर में कोई भी नवयुवक बुरी संगत में पड़ जाए तो उसे उससे बाहर निकलना बहुत मुश्किल हो जाता है, विशेष तौर पर नशे की आदत से। आरंभ में नशा शौकिया तौर पर किया जाता है। जैसे कि किसी का दोस्त नशा करता है तो उसे भी लगता है कि जरा मैं भी देखूं इसमें क्या खास है या कई बार दोस्तों द्वारा जबरदस्ती करने पर कुछ लोग नशा करना शुरू कर देते हैं। यह आदत सिगरेट के एक कैसे शुरू होकर पूरी सिगरेट तक तथा शराब के एक घूंट से शुरू होकर बोतल तक पहुंच जाती है और आगे चलकर यही आदत आदमी को पूरा नशेड़ी बना देती है। शराब, गांजा,अफीम,भांग और कई तरह के नशों से इंसान की सोचने, समझने की शक्ति नष्ट हो जाती है। कुछ तो ऐसे लोग हैं जो दिनभर लोगों को नशा निवारण पर भाषण देते फिरते हैं और रात को उन्हीं अंधेरों में स्वयं खो जाते हैं।




कुछ वर्षों से देखने में आया है कि कुछ युवा वर्ग चिट्टे के नशे का आदि होता जा रहा है। कई युवा तो इस नशे के कारण जान से भी हाथ धो चुके हैं। कुछ युवा तो चिट्टे के खरीद फरोख्त में संलिप्त देखे गए हैं। सरकार द्वारा इस नशे में संलिप्त लोगों के खिलाफ धरपकड़ आरंभ कर दी गई है। कुछ के मामले कोर्ट में भेजे जा चुके हैं। सरकार ने उन व्यक्तियों के विरुद्ध भी जिनके पास चिट्टा पकड़ा जा रहा है, कड़ी से भी कड़ी करवाई अमल में लाई जा रही है। नशा भले ही चिट्टे का हो, शराब का हो, गांजा, अफीम, भांग या सिगरेट आदि का हो, नशा तो नशा ही है। नशा व्यक्ति के दिल और दिमाग को प्रभावित करता है। नशे के आदि व्यक्ति की सोचने, समझने की शक्ति क्षीण हो जाती है। नशा व्यक्ति को मौत की ओर धकेलता जाता है। अब प्रश्न यह उठता है कि इस नशे की आदत से छुटकारा कैसे पाया जाए? नशे से बचने का एक ही मात्र उपाय है, स्वयं को संयमित रखना अर्थात अनुशासन में रहना। जो व्यक्ति अनुशासन में रहेगा,अपने आप पर अंकुश लगाएगा,वह अपने आप को हर बुरी आदत से बचा सकता है।

हर इन्सान को परमात्मा ने बुद्धि अथवा विवेक की शक्ति दी है। वह सोच सकता है कि उसके लिए क्या अच्छा है और क्या बुरा है। अगर इंसान अपने आप पर पूर्ण अंकुश लगाए रखे और संयमित हो कर चले तो कोई भी बुराई उस पर हावी नहीं हो सकती।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# जरल खड्ड-समराहन सिंचाई योजना का हस्तांतरण, 57 किसानों को मिलेगा लाभ

## मंडी में 8.5 हेक्टेयर भूमि को मिली सिंचाई सुविधा, कृषि उत्पादन बढ़ने की उम्मीद

अनंत ज्ञान



620 मीटर कूहल निर्माण के साथ सिंचाई योजना पूरी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण-II) के अंतर्गत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई मंडी द्वारा निर्मित जरल खड्ड-समराहन प्रवाह सिंचाई योजना का हस्तांतरण कर दिया गया है। इस योजना से लगभग 8.5 हेक्टेयर भूमि सिंचाई सुविधा से जुड़ी है, जिससे 57 किसान सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे।

जिला परियोजना प्रबंधक डॉ. हेमराज वर्मा ने बताया कि यह सिंचाई योजना क्षेत्र के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। योजना के तहत 620 मीटर लंबी कूहल का निर्माण किया गया है तथा खड्ड से पानी को खेतों तक सुचारु रूप से पहुंचाने के लिए मजबूत संरचना (हेड वियर) तैयार की गई है। इससे किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में सिंचाई जल उपलब्ध हो सकेगा, जिससे खेती की उत्पादकता में वृद्धि होगी।

उन्होंने किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ नकदी फसलों को अपनाने तथा बाजार से जुड़कर सरकार की कृषक हितैषी नीतियों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने फसल विविधीकरण को अपनाने पर विशेष बल देते हुए कहा कि इससे खेती अधिक लाभकारी बनेगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी। डॉ. वर्मा ने कृषक विकास संघ को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि किसानों को नियमित रूप से बैठकें आयोजित करनी चाहिए और एक सामूहिक फंड बनाना चाहिए, ताकि बरसात या अन्य प्राकृतिक कारणों से कूहल को होने वाले नुकसान की समय पर मरम्मत की जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस योजना के रखरखाव की जिम्मेदारी किसानों के संगठन (कृषक विकास संघ) की होगी और सभी किसानों के सहयोग से यह योजना लंबे समय तक सफलतापूर्वक चलती रहेगी तथा क्षेत्र की कृषि को नई दिशा देगी।

इस अवसर पर विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. खुब राम तथा खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

## 639 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार एसटीएफ की टीम बीते देर शाम मंडी के बिंद्रवणी क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पंडोह की ओर से पैदल मंडी की तरफ आ रहे एक युवक पर शक होने पर उसके बैग की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बैग से 639 ग्राम चरस बरामद हुई। एसटीएफ कुल्लू के डीएसपी हेमराज वर्मा ने बताया कि आरोपी की पहचान आयुष (20), पुत्र सुरेंद्र कुमार, निवासी गांव व डाकघर जिया, पालमपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना सदर मंडी में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की आगे की जांच थाना सदर मंडी द्वारा की जा रही है।

# पांगणा में देवरथ की उपस्थिति में नवगृह प्रवेश युवा मेहर ठाकुर ने पेश की अनुकरणीय मिसाल



पांगणा में देवरथ की उपस्थिति में नवगृह प्रवेश के दौरान महिलाएं व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**करसोग।** पांगणा की सुईं कुफरीधार पंचायत के सुईं गांव में समाजहित की भावना रखने वाले युवा मेहर सिंह ठाकुर ने सुकेत अधिष्ठात्री राज-राजेश्वरी महामाया पांगणा के देवरथ की पावन उपस्थिति में नवगृह प्रवेश कर एक अत्यंत मंगलकारी एवं आध्यात्मिक पहल प्रस्तुत की। इस आयोजन ने क्षेत्र में एक नई प्रेरणादायक परंपरा स्थापित करते हुए समाज के समक्ष एक अनूठी मिसाल पेश की है।

यह आयोजन इस तथ्य को दर्शाता है कि गृह प्रवेश केवल ईंट-पत्थर के भवन में प्रवेश नहीं, बल्कि ईश्वर की निरंतर सेवा और साधना के लिए अनुकूल पवित्र वातावरण में प्रवेश है। गृह प्रवेश का मूल उद्देश्य घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना तथा महामाया की कृपा से उसे आध्यात्मिक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। कार्यक्रम के दौरान सुईं गांव की महिलाओं ने मुख्य द्वार पर खड़े होकर पारंपरिक देव गीतों का मधुर गायन किया तथा देवरथ पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। देवरथ की उपस्थिति में भक्तों को अभय प्रदान करना ईश्वरीय कृपा का प्रत्यक्ष अनुभव रहा।

इस अवसर पर देवी के देवरथ ने पारंपरिक ढोल-नगाड़े, करनाल, रणसिंघे, शहनाई और गुज्हु की गूंजती धुनों पर देव नृत्य कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। महिलाओं द्वारा महामाया के गुणगान ने पूरे माहौल को भक्ति और श्रद्धा से ओत-प्रोत कर दिया। देवी के गुरों ने श्रद्धालुओं को चावल के दानों की गणना के आधार पर रक्षा कवच प्रदान कर उन्हें आशीर्वाद दिया। इसके उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## न्यूज ब्रीफ

### भाषण प्रतियोगिता में मीनू ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जमणी में विश्व हीमोफीलिया दिवस प्रधानाचार्य अच्छरू राम की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन खंड चिकित्सा अधिकारी बलद्वाड़ा डॉ. अनिल कुमार के सहयोग से हुआ। प्रशिक्षित स्वास्थ्य शिक्षक अचला कुमारी ने हीमोफीलिया को आनुवंशिक रक्त विकार बताते हुए इसके लक्षण और प्रकारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हीमोफीलिया ए फैक्टर 8 और हीमोफीलिया बी फैक्टर 9 की कमी से होता है, जिसमें खून देर तक बहता है। बचाव के लिए सावधानी और नियमित व्यायाम जरूरी है। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता में मीनू प्रथम, कृतिका द्वितीय और अंचल तृतीय रहे। कला प्रतियोगिता में अभिमन्यु प्रथम और अहम द्वितीय स्थान पर रहे।

### विकास कार्यों को समय पर करें पूरा: एसडीएम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट में विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए एसडीएम राजेंद्र कुमार गौतम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों को पारदर्शिता, गुणवत्ता और तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि आम लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में खंड विकास अधिकारी गोपालपुर कार्तिकेय डोगरा, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग लेख राज शर्मा, एसएमएस कृषि विभाग भूप सिंह, एसडीएससीओ ओम प्रकाश सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### जितेंद्रा को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिला ई-वाउचर

**अनंत ज्ञान, गोहर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाण्ड़ी की छात्रा जितेंद्रा कुमारी, पुत्री श्री तेज सिंह, ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में बोर्ड की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने 500 में से 468 अंक (93.6%) प्राप्त कर अपनी मेहनत और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर उन्हें श्रीनिवास रामानुजन स्टूडेंट्स डिजिटल योजना के तहत ₹16,000 का ई-वाउचर प्रदान किया गया, जिससे वे टैबलेट या अन्य डिजिटल उपकरण खरीद सकेंगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चंद बन्याल ने छात्रा को बधाई देते हुए इसे गर्व का विषय बताया और अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

### विद्यार्थियों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी स्थित वल्लभ राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को नशा विरोधी जागरूकता अभियान के तहत 'द व्हाइट ट्रुथ' वेब सीरीज़ का विशेष प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हिमाचल प्रदेश ज्ञान विज्ञान समिति के सहयोग से किया गया। शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुसार इस वेब सीरीज़ का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। इसमें लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में राज्य सचिव सत्यान पुंडीर, सुमित्रा चंदेल, सुनीता कुमारी और विजय कुमारी ने संसाधन व्यक्ति के रूप में नशा मुक्ति के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. हरीश कुमार चौहान ने की। इस अवसर पर डॉ. चमन प्रेमी और डॉ. बनिता सकलानी भी उपस्थित रहे। अंत में विद्यार्थियों को नशा मुक्त समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

### सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के इंटरव्यू 20 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 120 पदों को भरने के लिए 20 अप्रैल से साक्षात्कार प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि 20 अप्रैल को सरकाघाट, 21 अप्रैल को नेरचौक (बल्ह), 22 अप्रैल को गोहर और 28 अप्रैल को करसोग में सुबह 10:30 बजे साक्षात्कार आयोजित होंगे। इन पदों के लिए 10वीं पास या फेल पुरुष अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों की आयु 19 से 40 वर्ष, लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर और वजन 55 से 95 किलोग्राम होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को 8 घंटे की ड्यूटी के लिए लगभग 17,500 रुपए और 12 घंटे के लिए 23,500 रुपए तक वेतन मिलेगा। साथ ही ईपीएफ, ईएसआई, बीमा और अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी।

# ग्रयोह में तीन दिन में तीन मौतों से पसरा मातम, क्षेत्र में शोक की लहर

अनंत ज्ञान

◆ **लगातार हार्ट अटैक के मामलों से सहमे लोग कारणों की पड़ताल जरूरी**

**सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल के धाड़ता क्षेत्र की ग्रयोह पंचायत में तीन दिन के भीतर हुई तीन मौतों ने पूरे इलाके को गहरे सदमे में डाल दिया है। लगातार हुई इन असामयिक मौतों के कारण क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है और लोग स्तब्ध हैं।

जानकारी के अनुसार, ग्रयोह गांव निवासी 56 वर्षीय इंजीनियर विजय गुलेरिया, जो लोक निर्माण विभाग में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत थे, का दो दिन पहले अचानक निधन हो गया। इसके अगले ही दिन गांव के 95 वर्षीय पूर्व सैनिक सूबेदार धर्म सिंह गुलेरिया का हृदयाघात से देहांत हो गया। वहीं, बीती रात जडियार निवासी और बीएसएफ में सेवारत 55 वर्षीय प्रकाश चंद (पप्पी) की भी दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। इन तीनों में से दो लोग 60 वर्ष से कम आयु के थे और अभी सेवा में कार्यरत थे, जिससे लोगों में चिंता और भी बढ़ गई है। लगातार हार्ट अटैक से हो रही मौतों को लेकर स्थानीय लोगों ने इसके कारणों की गहन जांच और शोध की आवश्यकता जताई है। पूर्व ज़िला पार्षद एवं माकपा नेता भूपेंद्र सिंह किसान सभा के रसमचंद ठाकुर, टेकसिंह, ओमचंद, बाला राम, रणताज राणा, रणबीर शास्त्री, मेहर चंद, प्रकाश सकलानी एफपीओ के सत्तपाल चौहान, कुलदीप गुलेरिया, युद्धवीर ठाकुर, अरुण अत्री, रजनी सकलानी, सरोजनी बिष्टनशा मुक्ति अभियान समिति के भूपिंद्र भूप्पी, अंतिम ठाकुर, यशपाल पठानिया डिंपल ठाकुर मनरेगा मजदूर यूनियन के करतार सिंह चौहान, लुददर सिंह, प्रकाश वर्मा, सोहन सिंह, मिलाप चंदेल हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के भोलादत कशयप, सतीश कुमार, कंचना, सपना, बबली, रजिता, परजीत ठाकुर, ओंकार सिंह, राजीव आर्य, बक्शी राम, रमेश तपवाल, सुरेंद्र पाल आदि ने इन असामयिक मौतों पर शोक व्यक्त किया और श्रधांजलि अर्पित की और परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है।

# परिवहन असुविधा दूर करने की मांग, बस रूट बहाली को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व प्रत्याशी सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र रमेश चंद भारद्वाज ने उपमंडल अधिकारी (ना0) के माध्यम से मुख्यमंत्री, लोक निर्माण मंत्री तथा धर्मपुर और सरकाघाट के विधायकों को ज्ञापन भेजकर परिवहन व्यवस्था को सुधारने की मांग की है। उन्होंने क्षेत्र में बंद पड़े छह बस रूटों को तुरंत बहाल करने और नई बस सेवाएं शुरू करने की अपील की है। ज्ञापन में उन्होंने थाना-गोपालपुरा-सरकाघाट, रोहड़ू-शिमला, दिल्ली-हमीरपुर-सरकाघाट सहित अन्य रूटों को पुनः शुरू करने की मांग की है। इसके साथ ही धराशाई-खरोह से सरकाघाट मार्ग पर कॉलेज के विद्यार्थियों, सरकारी कर्मचारियों और आम जनता की सुविधा के लिए नियमित बस सेवा चलाने की बात कही गई है। उन्होंने शाम के समय अवाहदेवी से रोशो जाने वाली बस को वाया रखोह या सरकाघाट तक विस्तारित करने की मांग भी उठाई। इसी तरह जाहु से अवाहदेवी वाया चन्द्रुही, बूंगा, कमलू रा गलू और चोलथरा मार्ग पर भी बस सेवा शुरू करने की अपील की गई है। गौरतलब है कि सरकाघाट से अवाहदेवी-रखोह-टिहरा मार्ग पर शाम 6:10 बजे के बाद तथा टिहरा-अवाहदेवी से सरकाघाट के लिए शाम 4:45 बजे के बाद कोई बस सेवा उपलब्ध नहीं है, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

# सरकाघाट में एसएफआई ने सिया गुलेरिया के परिवार के लिए जुटाई आर्थिक सहायता




जनसहयोग से जुटाई राशि, 21 अप्रैल को परिवार को सौंपी जाएगी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की मंडी जिला कमेटी ने दिवंगत कॉमरेड सिया गुलेरिया के परिवार की सहायता के लिए सरकाघाट बाजार में चंदा संग्रह अभियान चलाया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया और कार्यकर्ताओं ने जन-सहयोग से एक सम्मानजनक राशि एकत्रित की। एसएफआई पदाधिकारियों ने बताया कि एकत्रित पूरी राशि 21 अप्रैल को सिया गुलेरिया के घर जाकर उनके परिवार को सौंपी जाएगी।

सिया गुलेरिया सरकाघाट कॉलेज में द्वितीय वर्ष की छात्रा और एसएफआई की सक्रिय कार्यकर्ता थीं। हाल ही में वह गोपालपुर बस स्टॉप पर कॉलेज जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थीं, तभी एक नशे के आदी युवक ने दराट से हमला कर उनकी हत्या कर दी, जिससे क्षेत्र में गहरा आक्रोश फैल गया।

इस अभियान में एसएफआई जिला अध्यक्ष कॉमरेड रित्विक, जिला सचिव कॉमरेड दीपक, सरकाघाट कॉलेज अध्यक्ष कॉमरेड आयुष भारद्वाज, तथा कॉमरेड सोनिया, अमान, शगुन, शिवानी, सूर्यास, शमी, सलोनी व रिया सहित कई कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। संगठन ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और न्याय की मांग जारी रखेगा।

# डीएवी मंडी का परिणाम शत-प्रतिशत, 45 छात्रों ने 90% से अधिक अंक किए हासिल




डीएवी मंडी ने सीबीएसई के दसवीं के परिणामों में फिर लहराया सफलता का परचम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में अपनी धाक जमाते हुए डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर मंडी ने सीबीएसई कक्षा दसवीं (सत्र 2025-26) के परिणामों में एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है, जो संस्थान की अनुशासित शिक्षण प्रणाली और बेहतर शैक्षणिक माहौल का प्रमाण है।

इस वर्ष विद्यालय से कुल 156 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे और सभी ने सफलतापूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण की है। विद्यालय की गुणवत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 45 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। पूरी कक्षा का औसत गुणवत्ता सूचकांक (QPI) 81.37 रहा, जो स्कूल के उच्च शैक्षणिक मानकों को दर्शाता है। परीक्षा परिणामों में रान्या शर्मा ने 96.8% अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं, कनिष्क मल्होत्रा 96.4% अंक लेकर दूसरे और शंशीता गौतम 95.8% अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आदरणीय केएस गुलेरिया ने सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने छात्रों के अथक परिश्रम और अनुशासित दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि इस सफलता के पीछे शिक्षकों का समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों का निरंतर सहयोग रहा है। इस उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल है।

# मैगल, द्रंग और नसलोह क्षेत्रों में बिजली बिल जमा करने के कैश काउंटर बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सहायक अभियंता विद्युत उप मण्डल-3 हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड ई. होशियार सिंह राणा ने बताया कि विद्युत उप मण्डल-3 के अंतर्गत आने वाले मैगल, द्रंग तथा नसलोह क्षेत्रों में संचालित बिजली बिल भुगतान के कैश काउंटर अप्रैल 2026 से बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 125 यूनिट तक घरेलू उपभोक्ताओं को निःशुल्क बिजली मिलने के कारण कैश काउंटरों पर केवल 5 से 10 उपभोक्ता ही भुगतान के लिए पहुंच रहे थे, जिसके चलते इन काउंटरों को बंद करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे अपने बिजली बिलों का भुगतान ऑनलाइन माध्यम, लोकमित्र केंद्र अथवा विद्युत उपमंडल कार्यालय में आकर कर सकते हैं।

सहायक अभियंता ने विद्युत उपमंडल-3 के अंतर्गत आने वाले भिउली, पुरानी मण्डी, खलियार, बिजनी, मैगल, पाखरी, द्रंग, नगरोटा, रोपरू, नसलोह, स्कोर, रेहराधार, बारी, गुमाणु तुंग तथा चौकी भलेड क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे अपने लंबित बिजली बिल 30 अप्रैल तक कार्यालय में जमा करवा दें। निर्धारित तिथि तक भुगतान न करने की स्थिति में विद्युत मीटर काटने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# सिर्फ घोषणाओं की सरकार, जमीन पर पूरी तरह फेल: राकेश जम्वाल

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर में भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ द्वारा जिला मंडी और सुंदरनगर की संयुक्त परिचय बैठक एवं अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संयोजक प्रो. रविंद्र ठाकुर, विधायक इंद्र सिंह गांधी, जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा, जिला महामंत्री ओम प्रकाश, डॉ. ओम राज शर्मा और भीखम राम सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की घोषणाओं पर भरोसा नहीं करती, क्योंकि पिछले ढाई वर्षों में सरकार ने केवल वादे किए हैं, उन्हें धरातल पर उतारने का कोई ठोस प्रयास नहीं हुआ। जम्वाल ने आरोप लगाया कि सरकार बिना किसी स्पष्ट विजन के काम कर रही है और केवल समय काटने की राजनीति में लगी है। उन्होंने कहा कि दूरदराज क्षेत्रों—लाहौल, पांगी, डोडरा-क्वार और किन्नौर—में जाकर घोषणाएं करना यह दर्शाता है कि सरकार पूरे प्रदेश के बजाय चुनिंदा इलाकों तक सीमित हो गई है, जो जनता के साथ छलावा है।

सरकार के फैसलों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि बिना सोच-समझकर लिए गए निर्णय बार-बार वापस लेने पड़ रहे हैं, जिससे सरकार की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। वेतन कटौती जैसे मुद्दों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश की छवि धूमिल हो रही है। अंत में उन्होंने प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता जताई और कहा कि अपराध बढ़ रहे हैं, जबकि सरकार जिम्मेदारी लेने के बजाय विपक्ष को दोषी ठहरा रही है।

# गोहर में स्वच्छता पखवाड़े का आगाज

## अधिकारियों और स्वयंसेवियों ने मिलकर चलाया सफाई अभियान

अनंत ज्ञान



गोहर में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत अधिकारी व अन्य। अनंत ज्ञान

**गोहर।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विकास खंड गोहर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। उपमण्डलाधिकारी (नागरिक) गोहर देवीराम के दिशा-निर्देशानुसार आयोजित इस अभियान में उपमण्डल के समस्त विभागों ने सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। अभियान का मुख्य केंद्र ग्राम पंचायत चच्योट, चैलचौक, नैहरा (गणई), बासा और गोहर में व्यापक स्तर पर स्वच्छता गतिविधियां संचालित की गईं।

स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता लाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व उपमण्डलाधिकारी (नागरिक) गोहर देवीराम, खण्ड विकास अधिकारी डॉ. मनु वर्मा (भा.प्र.से.) और वनमंडलाधिकारी नाचन सुरेंद्र कश्यप ने किया। अधिकारियों ने स्वयं धरातल पर उतरकर साफ-सफाई की और समाज को स्वच्छता का संदेश दिया। संबंधित ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक और ग्राम रोजगार सेवक, सामाजिक संगठन स्थानीय महिला मण्डल, युवक मण्डल और पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों सहित क्षेत्र के लगभग 200 स्वयंसेवियों ने श्रमदान कर अभियान को सफल बनाया।

अभियान के सुचारू संचालन में स्थानीय व्यापारियों और समाजसेवियों, चैलचौक व्यापार मण्डल के अध्यक्ष राजकुमार, हिल थ्रिल बाढ़ू, साई मैडिकल स्टोर गोहर, समाजसेवी गगन शर्मा, समाजसेवी व व्यापारी जगजीवन सिंह, समृद्धि युवा संगठन बस्सी तथा स्वयंसेवी संस्था भीमा इको ने सफाई दस्ताने, मास्क और कचरा संग्रहण के लिए प्लास्टिक बैग भेंट किए। अभियान के दौरान क्षेत्र के लगभग एक दर्जन चिन्हित स्थानों और नालों से ठोस अपशिष्ट एकत्रित कर सुरक्षित निस्तारण किया गया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग के लिए उपमंडलाधिकारी (ना0) देवी राम व वन मंडलाधिकारी सुरेंद्र कश्यप ने सभी का आभार प्रकट किया। खंड विकास अधिकारी गोहर डॉ. मनु वर्मा (भा.प्र.से.) ने कहा कि इस तरह के अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

# मंडी में आदि शंकराचार्य जयंती महोत्सव शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** देवभूमि छोटी काशी मंडी शहर में जगद्गुरु भगवान आदि शंकराचार्य जी की जयंती महोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ शुरू हुआ। वेदांत कुटीर में आयोजित पांच दिवसीय उत्सव के प्रथम दिन शहर की गलियां भगवा ध्वजों और शंखध्वनि से गूंज उठीं। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थाध्यक्ष साध्वी सेवानंद सरस्वती की अध्यक्षता में हुआ, जहां मंत्रोच्चारण के बीच प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। देशभर से आए संतों का भव्य स्वागत किया गया। सुबह 11 बजे वेदांत कुटीर से निकली शोभायात्रा भूतनाथ गली, सेरी बाजार, चौहट्टा, इंदिरा मार्केट होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरकर वापस वेदांत कुटीर पहुंची, जहां पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इसके बाद संतों और भक्तों के लिए प्रीति भोज का आयोजन हुआ। आयोजन के दौरान प्रतिदिन कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग सम्मेलन भी होंगे तथा मुख्य उत्सव पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

**प्रतिभा की झलक** सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेलकूद प्रतियोगिताओं में दिखाया हुनर

# पधर किसान मेले में दिखी नारी शक्ति की झलक

अनंत ज्ञान

**कविता, पधर।** जिला स्तरीय किसान मेला पधर का तीसरा दिन महिलाओं के नाम रहा। मेले के दौरान जहां एक ओर पारंपरिक लोक संस्कृति की छटा बिखरी, वहीं दूसरी ओर खेलकूद प्रतियोगिताओं में महिलाओं के जोश और जज्बे ने दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया।

मेले के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों में महिला मंडलों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ मैदान पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें मटका फोड़, रस्साकस्सी और चेयर रेस जैसी स्पर्धाएं आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। महिलाओं ने इन खेलों में न केवल बढ़-चढ़कर भाग लिया, बल्कि बेहतरीन खेल भावना का परिचय भी दिया। प्रतियोगिता को निष्पक्ष बनाए रखने के लिए चेयर रेस को दो अलग-अलग वर्गों में विभाजित किया गया था।




पधर किसान मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान हुनर दिखातीं महिलाएं। अनंत ज्ञान

महिला मंडल वर्ग में अनीता देवी ने कड़े मुकाबले में प्रथम स्थान हासिल किया। दया कुमारी दूसरे और बीना देवी तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं प्रशासनिक महिला वर्ग की श्रेणी में अनुपमा ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुशमा शर्मा ने द्वितीय और उर्मिला ने तृतीय स्थान हासिल किया।

मेला कमेटी अध्यक्ष एवं एसडीएम पधर, सुरजीत सिंह ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि मेलों का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करना भी है।

उन्होंने कहा कि ऐसी खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और सामाजिक सहभागिता के साथ आपसी भाईचारा भी सुदृढ़ होता है।

## न्यूज ब्रीफ

### 18 पदों पर बैचवाइज भर्ती, 20 तक करें पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, हिमाचल प्रदेश द्वारा फार्मेसी ऑफिसर (एलोपैथी) जॉब ट्रेनी के 18 पद बैच आधार पर भरे जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया विभिन्न श्रेणियों व बैच के अनुसार निर्धारित की गई है। इनमें अनारक्षित श्रेणी के 7 पद मार्च 1999 बैच, अनारक्षित श्रेणी के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में 2 पद दिसंबर 1999 बैच से, अनुसूचित जाति की अनारक्षित श्रेणी में 4 पद मार्च 2004 बैच से, अनुसूचित जाति की अंत्योदय/बीपीएल श्रेणी में 1 पद दिसंबर 2009 बैच से, अन्य पिछड़ा वर्ग की अनारक्षित श्रेणी में 2 पद सितंबर 2002 बैच से और अन्य पिछड़ा वर्ग की अंत्योदय/बीपीएल श्रेणी में 1 पद दिसंबर 2002 बैच से तथा एसटी श्रेणी के अनारक्षित वर्ग में 1 पद दिसंबर 2006 बैच से भरे जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि पात्र अभ्यर्थी, जिनका नाम अभी तक रोजगार कार्यालय में पंजीकृत नहीं है, वे 20 अप्रैल से पहले अपना नाम संबंधित रोजगार कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर दर्ज करवा लें, ताकि भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सके। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय ऊना के दूरभाष नंबर 01975-226063 पर संपर्क कर सकते हैं।

### उपमुख्यमंत्री ऊना जिला के 3 दिवसीय प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 18 से 20 अप्रैल तक ऊना जिले के तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। अपने प्रवास के दौरान वे हरोली, कुटलैहड़ व चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में पेयजल व सिंचाई योजनाओं के लोकार्पण, विकास कार्यों के निरीक्षण तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकों में भाग लेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। उपमुख्यमंत्री 18 अप्रैल (शनिवार) को हरोली विधानसभा क्षेत्र के तहत 10.30 बजे जलापूर्ति योजना ढुलेहड़, 11 बजे उठाऊ सिंचाई योजना पोलियां(मोहल्ला झोला), 11.30 बजे ढुग्गे, लूथरे, डिग्गन व ढिलमा के लिए अलग जलापूर्ति योजना, 12 से 12.30 बजे तक उठाऊ सिंचाई योजना बढ़ कलां व पलकवाह, एक बजे लोअर बढेड़ा में वाटर सप्लाई स्कीम के सुदृढ़ीकरण कार्य व 1.30 बजे रख गांव में मोहल्ला ढंडिया में ट्यूबवेलों निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे। साथ ही, उपमुख्यमंत्री दोपहर बाद 3.30 बजे कुटलैहड़ विस क्षेत्र में चमियाड़ी-सिहाना उठाऊ पेयजल योजना का लोकार्पण किया जाएगा। वहीं, अग्निहोत्री 19 अप्रैल को जिला ऊना में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे। साथ ही जल शक्ति विभाग, सहकारिता विभाग, एलएसी, एचआरटीसी तथा परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री 20 अप्रैल को चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के तहत दोपहर 12 बजे अरुणवाल गुरेट तथा कोहरछन्न में उठाऊ पेयजल योजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

### स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल में मेधावियों का सम्मान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला मुख्यालय स्थित स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। वीरवार को परिणाम घोषित होने के बाद स्कूल परिसर में उत्सव का माहौल रहा व विद्यार्थियों व शिक्षकों ने खुशी मनाई। प्रतिभा ने 94.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि वेदांत बहल व पलक क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। अर्चना, सत्यम, श्रेया, आरुष सहित कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रबंध निदेशक धीरज शर्मा ने इसे विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताते हुए सभी को बधाई दी।

### संवेदना संस्था को मिला सामाजिक सहयोग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं के सरकारी चिकित्सालय में सेवा कार्य कर रही संवेदना संस्था को सामाजिक सहयोग मिला है। संस्था लंबे समय से मरीजों के साथ आने वाले परिजनों के लिए रात्रि ठहराव हेतु गद्दे, दरी, चादर, कंबल व तकिए जैसी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। इसी सेवा में सहयोग देते हुए शिव शरण श्रीराम सत्य सनातन सेवा समिति ने 120 चादरें भेंट कीं। साथ ही भविष्य में सामान रखने के लिए रैक आदि की व्यवस्था का पूरा खर्च उठाने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर दोनों संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे। संवेदना संस्था ने इस सहयोग के लिए समिति का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सेवा भावना को मजबूत करते हैं।

### महादेव मंदिर कोटला कलां में 19 को मल्टी चेकअप कैंप

**अनंत ज्ञान, ऊना।** समाज सेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए रोटरी क्लब ऊना द्वारा 19 अप्रैल, रविवार को महादेव मंदिर, कोटला कलां में निशुल्क मल्टी चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर महंत स्वामी मंगलानंद की प्रेरणा, मार्गदर्शन व आशीर्वाद से आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है। रोटरी क्लब ऊना के अध्यक्ष यशपाल सिंह व सचिव रंजीत जसवाल ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। जालंधर से आए हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. रमन चावला, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. केआर आर्य, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. नमिशा विष्ट तथा एमडी डॉ. दीपक आर्य सहित अन्य अनुभवी चिकित्सक मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श देंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में आने वाले मरीजों के ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर (बीपी) और हृदय संबंधी जांच निशुल्क की जाएगी। इसके अलावा जरूरतमंद मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों से अधिक संख्या में पहुंचकर इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और लोगों को समय रहते अपनी स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित करते हैं।

### हीमोफीलिया के लक्षण, बचाव व उपचार की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विश्व हीमोफीलिया दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग, बिलासपुर द्वारा क्रेसेंट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रधानाचार्य दिनेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल ने हीमोफीलिया को एक अनुवांशिक रक्तस्राव संबंधी बीमारी बताते हुए इसके लक्षणों व बचाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस रोग में खून का थक्का बनने में अधिक समय लगता है, जिससे छोटी चोट पर भी लंबे समय तक रक्तस्राव होता है। कार्यक्रम में एचपीवी वैक्सीन, मानसिक स्वास्थ्य, स्वच्छता और टीबी उन्मूलन पर भी जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को समय पर पहचान और उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया।

### बिलासपुर में 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के विभिन्न न्यायालय परिसरों में 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर प्रतिभा गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर बिलासपुर, घुमारवीं तथा झंडूता न्यायालय परिसर में किया जाएगा। इस लोक अदालत के माध्यम से पूर्व मुकद्दमेबाजी के मामलों के साथ-साथ न्यायालयों में लंबित वादों का भी आपसी समझौते के आधार पर त्वरित व सरल निपटारा किया जाएगा। लोक अदालत में बैंक से संबंधित विवाद, श्रम विवाद, बिजली व पानी के बिलों से जुड़े मामले, वैवाहिक विवाद सहित अन्य सुलह योग्य मामलों को लिया जाएगा, जिन व्यक्तियों के उपरोक्त श्रेणियों में मामले न्यायालयों में लंबित हैं, वे अपने प्रकरण को लोक अदालत में सूचीबद्ध करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, जिन व्यक्तियों का मामला वर्तमान में किसी न्यायालय में विचाराधीन नहीं है, यदि वे आपसी सहमति के आधार पर अपने विवाद का समाधान लोक अदालत के माध्यम से कराना चाहते हैं, तो वे भी निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं और जल्द निर्णय प्राप्त कर सकते हैं। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क कानूनी सहायता या परामर्श के लिए नागरिक टोल फ्री नंबर 15100 (हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के दूरभाष नंबर 01978-221452, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति बिलासपुर के दूरभाष नंबर 01978-224887 तथा उपमंडलीय विधिक सेवा समिति घुमारवीं के दूरभाष नंबर 01978-254080 पर संपर्क कर सकते हैं।

### मृदुभाषी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजिंदर शर्मा नहीं रहे

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** गगरेट क्षेत्र से जुड़े पत्रकार हनीश कौशल के चाचा व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजिंदर शर्मा का बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की गहरी लहर दौड़ गई है और हर आंख नम नजर आई। राजिंदर शर्मा लंबे समय से गगरेट क्षेत्र में न्यूज पेपर एजेंट के रूप में सक्रिय रहे व अपने शांत स्वभाव, सरलता व मिलनसार व्यक्तित्व के कारण समाज के हर वर्ग में सम्मानित स्थान रखते थे। वे न केवल राजनीतिक रूप से सक्रिय थे, बल्कि सामाजिक सरोकारों से भी गहराई से जुड़े रहे। शुक्रवार को उन्होंने पीजीआई में अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक का माहौल छा गया। वे अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और दो बेटियां छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को शिवभूमि शिवबाड़ी में पूरे धार्मिक रीति रिवाजों के साथ किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। इस मौके पर एससी मोर्चा के चेयरमैन कुलदीप, विधायक राकेश कालिया, पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा, पूर्व विधायक राजेश, पूर्व विधायक बलबीर सिंह चौधरी, नपं पार्षद ओम प्रकाश शर्मा, व्यापार मंडल पदाधिकारियों सहित कई प्रमुख लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

---

### एससी समुदाय से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के लिए लगाया जागरूकता शिविर

# एससीडीपी घटक बजट के प्रभावी उपयोग पर दिया जा रहा विशेष बल: कुलदीप धीमान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने बचत भवन, बिलासपुर में अनुसूचित जाति समुदाय के कल्याण के लिए कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), नगर परिषद एवं नगर पंचायतों के प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा आशा कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न संस्थाओं के साथ बैठक एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने की। इस अवसर पर आयोग के सदस्य अधिवक्ता दिग्विजय मल्होत्रा, विजय डोगरा तथा शालिनी जम्वाल भी उपस्थित रहे। शिविर को संबोधित करते हुए अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने कहा कि अनुसूचित जाति आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जिसका उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारों की रक्षा तथा उनके समग्र



जागरूकता शिविर के दारौन सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि आयोग का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम (एससीडीपी) घटक के बजट का प्रभावी एवं पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित करना है, ताकि योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध पहुंच सके। उन्होंने कहा कि अनुसूचित आयोग का जागरूकता शिविर आयोजित करने प्रमुख उद्देश्य जहां विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाना है तो वहीं संवैधानिक प्रावधानों बारे भी जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का भी विशेष बल एससी आयोग के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्ग की समस्याओं को गंभीरता से सुनना तथा समुदाय को जागरूक करना भी है।

उन्होंने एससी समुदाय के उत्थान व कल्याण के लिए कार्य कर रही सभी संस्थाओं से एक होकर कार्य करने का आह्वान किया ताकि अनुसूचित जाति आयोग के उद्देश्यों और लक्ष्यों को हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अनुसूचित जाति वर्ग से बहुत कम लोग आयोग के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराने पहुंचते हैं। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए आयोग ने निर्णय लिया है कि जिला स्तरीय समीक्षा बैठकों से एक दिन पूर्व संबंधित समुदाय की शिकायतों की सुनवाई की जा रही है, ताकि समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासनिक एवं विभागीय समीक्षा बैठकों में ठोस निर्णय लिए जा सकें।

उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य एससी वर्ग की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। कुलदीप ने कहा कि आयोग का लक्ष्य जिला स्तर पर अनुसूचित जाति समुदाय की समस्याओं के समाधान के साथ-साथ उनसे फीडबैक प्राप्त कर योजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार लाना है, ताकि समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम प्रदेश के प्रत्येक जिले में आयोजित किए जा रहे हैं और आयोग के गठन के एक वर्ष से अधिक समय में पीड़ित वर्ग तक पहुंचकर संवाद स्थापित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

---

# हिमकोफेड निदेशक बने आशीष का बिलासपुर में भव्य स्वागत

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिले से संबंध रखने वाले युवा कांग्रेस नेता आशीष ठाकुर को हिमकोफेड का निदेशक नियुक्त किए जाने पर शुक्रवार को शहर में भव्य आभार रैली का आयोजन किया गया।

इस दौरान पूरा शहर उत्सव के रंग में रंगा नजर आया और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। रैली की शुरुआत गुरुद्वारा मार्केट से हुई, जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, समर्थक व स्थानीय लोग एकत्रित हुए। इसके बाद रैली शहर के प्रमुख बाजारों और मार्गों से गुजरती हुई श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर तक पहुंची। पूरे मार्ग में ढोल-नगाड़ों की गूंज व समर्थकों की जोरदार नारेबाजी से माहौल जीवंत बना रहा। रैली के दौरान जगह-जगह आशीष ठाकुर का फूल-मालाओं व पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। व्यापारियों, युवाओं व बुजुर्गों सहित समाज के हर वर्ग ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते हुए अपना समर्थन जताया। कई स्थानों पर समर्थकों ने रैली को रोककर उनका अभिनंदन किया, जिससे आयोजन की भव्यता और भी बढ़ गई। इस अवसर पर आशीष ठाकुर ने जनता व प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हिमकोफेड के निदेशक के रूप में वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि बिलासपुर सहित पूरे क्षेत्र के विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे और युवाओं, किसानों व आम जनता के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। रैली के समापन पर समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने उम्मीद जताई कि आशीष ठाकुर अपने पद पर रहते हुए क्षेत्र के विकास को नई दिशा देंगे और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे।

---

### विधायक विवेक ने 90 लाख से पिपलू में बन रहे खेल मैदान का किया निरीक्षण

# पिपलू मेले से पहले मैदान को तैयार करने के निर्देश

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने पिपलू में बन रहे खेल मैदान का बंगाणा अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मैदान की समतलीकरण प्रक्रिया, ड्रेनेज व्यवस्था, दर्शक दीर्घा के प्रस्तावित स्थान व खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि तीन दिवसीय जिला स्तरीय पिपलू मेले से पहले हर हाल में खेल मैदान को उपयोग के योग्य बनाया जाए, ताकि मेले के दौरान यहां खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया जा सके। उन्होंने कहा कि खेल मैदान का निर्माण क्षेत्र के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात साबित होगा व इससे खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने



अधिकारियों से कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी व समय सीमा के भीतर सभी आवश्यक कार्य पूरे किए जाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित ठेकेदार व तकनीकी कर्मचारियों से भी बातचीत कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया। विधायक ने कहा कि भविष्य में इस मैदान को एक मिनी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के रूप में विकसित करने की भी योजना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की योजनाएं युवाओं के विकास व क्षेत्र की पहचान को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार पौराणिक संस्कृति व पारंपरिक मेलों को जीवित रखने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि पीपलू मेला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि क्षेत्र की आस्था, परंपरा व सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मेलों के आयोजन व बुनियादी ढांचे के विकास पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपनी संस्कृति से जुड़ी रहें। उन्होंने कहा कि मेलों के माध्यम से भाईचारा व सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है व स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। विधायक ने कहा कि खेल मैदान के निर्माण से मेले की भव्यता में और अधिक वृद्धि होगी तथा क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि यह मैदान आने वाले वर्षों में क्षेत्र के लिए एक आदर्श खेल स्थल बन सके।

---

# फोरलेन पर अव्यवस्था: टनल-2 के आगे कटिंग कार्य से रोज लग रहा जाम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** फोरलेन परियोजना के तहत टनल-2 के दूसरी ओर चंडीगढ़ की ओर इंफ्रा कंपनी द्वारा जेसीबी मशीनों से पहाड़ी कटिंग का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य उस संवेदनशील क्षेत्र में चल रहा है, जहां पहले भी स्लाइडिंग की घटनाएं सामने आती रही हैं। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों का कहना है कि सुबह के समय 8 से 10 बजे के बीच अक्सर यहां जाम की स्थिति पैदा हो जाती है।

इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपने दफ्तरों और स्कूलों के लिए निकलते हैं, लेकिन सड़क पर एक ही साइड से यातायात चलने व जेसीबी के सड़क पर खड़े होने के कारण लंबा जाम लग जाता है। कई बार यह जाम करीब दो घंटे तक बना रहता है। लोगों ने बताया कि इस वजह से उन्हें अपने कार्यालय और स्कूलों में समय पर पहुंचना मुश्किल हो जाता है। कई कर्मचारी अपनी ऑनलाइन हाजिरी तक नहीं लगा पाते, जिससे उन्हें अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



लोगों का यह भी कहना है कि निर्माण कार्य जरूरी है, लेकिन इसे ऐसे समय पर किया जाना चाहिए, जब ट्रैफिक कम हो। उन्होंने मांग की है कि सुबह के व्यस्त समय (ऑफिस और स्कूल टाइम) में इस तरह का काम रोका जाए या फिर वैकल्पिक यातायात व्यवस्था बनाई जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करने और मौके पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि जाम की समस्या से निजात मिल सके।

---

# स्टूडेंट्स को आग से बचाव, सुरक्षा उपायों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अग्निशमन सप्ताह के तहत शुक्रवार को आर्य पब्लिक स्कूल में छात्रों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अग्निशमन विभाग की टीम ने विद्यार्थियों को आग से बचाव, सुरक्षा उपायों और आपातकालीन स्थिति में सही कदम उठाने की जानकारी दी। कार्यक्रम में इंचार्ज वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में फायरमैन छिंदू कुमार, विजय कुमार तथा चालक पवन जसवाल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। टीम ने छात्रों को आग लगने के कारण, उससे बचने के उपाय तथा आग लगने पर घबराने के बजाय सतर्कता से काम लेने के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि आग लगने की स्थिति में तुरंत सुरक्षित स्थान पर पहुंचना, फायर ब्रिगेड को सूचना देना व दूसरों को सचेत करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर अग्निशमन उपकरणों, विशेषकर एबीसी टाइप अग्निशामक यंत्र के उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया।

---

# गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल कटौहड़ कलां के दसवीं के छात्र छाए

**अनंत ज्ञान, अंब।** गुरुकुल इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटौहड़ कलां ने सीबीएसई कक्षा दसवीं के परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। पूरे ऊना जिले में भी विद्यालय का परिणाम उत्कृष्ट रहा। सोनम ठाकुर ने 97 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि श्रेष्ठा शर्मा, सेजल सोनी व अरनव राणा ने 96 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। अक्षय व रिद्धि बस्सी 95 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। अदिति ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कुल 6 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक व 15 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। एमडी राजेश गौतम ने इस सफलता पर सभी को बधाई दी।

---

# महिला आरक्षण कानून से नीति-निर्माण में बढ़ेगी महिलाओं की भागीदारी: बलवीर सिंह

अनंत ज्ञान



**अंब।** पूर्व विधायक बलवीर सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण कानून) लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने वाला एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि यह कानून महिलाओं को 'दर्शक' से 'निर्णयकर्ता' बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के तहत अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग की महिलाओं के लिए भी आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जिससे समाज के सभी वर्गों की महिलाओं को प्रतिनिधित्व मिलेगा।

बलवीर सिंह ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना राष्ट्र निर्माण अधूरा है। इस कानून के लागू होने से देश के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की शिक्षा व प्रशासनिक क्षेत्रों में भागीदारी में बढ़ोतरी हुई है, वहीं बेटियों के प्रति समाज की सोच में भी सकारात्मक बदलाव आया है। इसका प्रमाण जन्म अनुपात में सुधार और उच्च शिक्षा में महिलाओं की बढ़ती उपस्थिति है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिला आरक्षण को लेकर प्रतिबद्ध है और इसे लागू करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि 16 से 18 अप्रैल तक विशेष संसद अधिवेशन बुलाया गया है, जो महिला आरक्षण लागू करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।

---

### सरकाघाट छात्रा हत्याकांड के विरोध में संस्कार सोसायटी ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

# फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की मांग

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** घुमारवीं की समाजसेवी संस्था संस्कार सोसयटी द्वारा सरकाघाट में छात्रा की निर्मम हत्या के जघन्य अपराध के विरोध में राज्यपाल को एसडीएम घुमारवीं के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया।

इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों ने घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कहा कि सरकाघाट में कॉलेज जाने वाली छात्रा की दिनदहाड़े हुई निर्मम हत्या अत्यंत निंदनीय व शर्मनाक है। यह घटना न केवल मानवता को झकझोरने वाली है, बल्कि प्रदेश की कानून व्यवस्था व सामाजिक मूल्यों पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। उन्होंने कहा कि संस्कार सोसायटी इस जघन्य अपराध की कड़ी निंदा करती है व मांग करती है कि इस मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर दोषी को जल्द कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय मिल सके। महेंद्र ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में नशे का बढ़ता प्रकोप अत्यंत चिंताजनक है। नशे के कारण समाज में अपराधों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जो कि प्रशासन और सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। उन्होंने आशंका जताई कि सरकाघाट की इस दर्दनाक घटना के पीछे भी आरोपी की



नशे की प्रवृत्ति एक प्रमुख कारण मानी जा रही है। ऐसे में नशे के खिलाफ सख्त और प्रभावी कदम उठाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने राज्यपाल से मांग करते हुए कहा कि इस जघन्य हत्याकांड की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनिश्चित की जाए, ताकि न्याय में देरी न हो और दोषी को जल्द सजा मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि केवल औपचारिक आयोजनों और इवेंट मैनेजमेंट तक सीमित रहने के बजाय महिला सुरक्षा को लेकर जमीनी स्तर पर ठोस कदम उठाए जाएं। प्रदेश में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी नीतियां लागू की जाएं और उनकी सख्ती से निगरानी हो।

---

# कांग्रेस ने संगठन मजबूत करने के लिए ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में कांग्रेस पार्टी ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से चारों ब्लॉकों में नए अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी हाईकमान व जिला नेतृत्व की सहमति से झंडूता ब्लॉक का दायित्व विजय कौशल, घुमारवीं ब्लॉक की कमान कैप्टन चमेल सिंह, बिलासपुर ब्लॉक की जिम्मेदारी मस्तराम वर्मा तथा श्री नयना देवी ब्लॉक का नेतृत्व अमरजीत बंगा को सौंपा गया है। इन नियुक्तियों को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

खास बात यह रही कि ब्लॉक अध्यक्षों के चयन के दौरान जिले के सभी वरिष्ठ व प्रभावशाली नेताओं का पूरा मान-सम्मान रखा गया है। संगठन में संतुलन बनाए रखते हुए विभिन्न नेताओं के समर्थकों को भी समुचित रूप से एडजस्ट किया गया है, जिससे पार्टी के भीतर एकजुटता का संदेश गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, जिन नेताओं को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है, उनकी अपने-अपने क्षेत्रों में मजबूत पकड़ है और वे जनता के बीच अच्छी छवि रखते हैं। यही कारण है कि संगठन ने ऐसे चेहरों पर भरोसा जताया है, जो न केवल पार्टी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चल सकें, बल्कि आम जनता के बीच भी कांग्रेस की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इन नियुक्तियों से कांग्रेस पार्टी को आगामी विधानसभा चुनावों में सीधा लाभ मिल सकता है।

जमीनी स्तर पर संगठन की मजबूती व कार्यकर्ताओं की सक्रियता चुनावी परिणामों को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, और कांग्रेस ने इसी दिशा में यह रणनीतिक कदम उठाया है। कुल मिलाकर, इन नियुक्तियों के जरिए कांग्रेस ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि पार्टी आगामी चुनावों को लेकर पूरी तरह गंभीर है और संगठन को मजबूत कर जीत की रणनीति पर काम कर रही है।

---

# चिंतपूर्णी बाजार को पॉलीथिन मुक्त बनाने का अभियान तेज दुकानदारों को दी सख्त चेतावनी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** चिंतपूर्णी बाजार को पॉलीथिन मुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को मंदिर अधिकारी संजीव प्रभाकर ने बाजार में विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया और दुकानदारों को जागरूक किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार द्वारा पॉलीथिन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है व इसका इस्तेमाल करने पर भारी जुर्माने का प्रावधान है।

उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली पॉलीथिन का पूरी तरह त्याग करें और वैकल्पिक साधनों का उपयोग करें। संजीव प्रभाकर ने बताया कि बाजार में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया गया है। साथ ही उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी कि भविष्य में यदि किसी भी दुकान पर प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग पाया गया, तो प्रशासन को सख्त कार्रवाई करते हुए चालान काटने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ दुकानदारों द्वारा गुप्त रूप से पॉलीथिन के इस्तेमाल की सूचना मिली थी, जिसके बाद यह अंतिम चेतावनी जारी की गई है। इसके बावजूद यदि सुधार नहीं होता है, तो नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

---

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को मिलेगा नया आयाम: मनोज डोगरा

अनंत ज्ञान

**अंब।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा मीडिया प्रभारी मनोज डोगरा ने महिला आरक्षण बिल को देश की राजनीति में ऐतिहासिक बदलाव लाने वाला कदम बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के तहत लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है, जिससे देश की आधी आबादी को सीधे तौर पर निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी मिलेगी।



उन्होंने इसे 'नारी शक्ति वंदन' की दिशा में एक मजबूत पहल बताते हुए कहा कि इससे राजनीति में महिलाओं की संख्या ही नहीं बढ़ेगी, बल्कि उनके दृष्टिकोण, अनुभव व संवेदनशीलता को भी नीति निर्माण में स्थान मिलेगा। मनोज डोगरा ने कहा कि इस बिल के लागू होने से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की महिलाएं नेतृत्व की मुख्यधारा में आएंगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर अधिक प्रभावी निर्णय लिए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि इससे महिलाओं को राजनीतिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा और समाज में उनकी स्थिति और अधिक सशक्त होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में महिलाओं के उत्थान के लिए कई ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गई हैं। उज्ज्वला योजना के तहत करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली, जन धन योजना के माध्यम से उन्हें बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया, 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान ने बेटियों के प्रति सोच में सकारात्मक बदलाव लाया, जबकि मातृत्व लाभ और पोषण से जुड़ी योजनाओं ने महिलाओं के स्वास्थ्य को मजबूती दी है। महिला आरक्षण बिल इन सभी प्रयासों की कड़ी है, जो महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं बल्कि नीति निर्माता के रूप में स्थापित करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह कदम भारतीय लोकतंत्र को और अधिक समावेशी, मजबूत और संतुलित बनाएगा तथा आने वाले समय में देश की राजनीति में महिलाओं की निर्णायक भूमिका सुनिश्चित करेगा।

---

# 75 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन मे प्रयास संस्था के सहयोग से संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम ने बिलासपुर की विधानसभा सदर क्षेत्र के ग्राम पंचायत व गांव सोलग में 75 लोगो के स्वास्थ्य की जांच की गई । स्वास्थ्य शिविर के संयोजक शम्मी शर्मा ने इस स्वास्थ्य शिविर की जानकारी देते हुए कहा की एक तरफ जहा बदलते मौसम का प्रकोप बढ़ रहा है बही बदलते मौसम की वजह से खाँसी, जुखाम के साथ साथ अन्य बीमारियों से जनता ग्रसित हो रही है । जनता को इन बीमारियों से राहत प्रदान करने के उदेश्य से घर द्वार पर नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाओ को सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम द्वारा उपलबद्ध करवाया जा रहा है। सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने डॉ. सुनिधि के नेतृत्व मे 75 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इस स्वास्थ्य शिविर मे बजुर्गों, महिलाओ व बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच करते हुए रोगियों को उचित उपचार सलाह देते हुए दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया गया तथा निशुल्क टेस्ट भी किए गए। टीम लैब टेक्नीशियन जोगिंदर फार्मासिस्ट सपना शर्मा उपस्थित रहे।

# रोहतांग सहित लाहौल की चोटियों पर गिरे बर्फ के फाहे

## बागवानों की बढ़ी चिंता, मनाली में पुलिस बल की कमी के चलते कई घंटे लग रहा जाम

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/केलांग।** कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिले में मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है।

पांच दिन मौसम साफ रहने के बाद शुक्रवार को रोहतांग सहित लाहौल की ऊंची चोटियों में सुबह से रुक-रुक कर बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। वहीं, निचले क्षेत्रों में हल्की बारिश का दौर जारी है, जिससे कड़ाके की ठंड भी पड़ गई है। मौसम में ठंडक और बारिश बर्फबारी जहां पर्यटन कारोबारियों के लिए राहत लेकर आई है। वहीं, इसके अलावा मौसम में आए बदलाव से घाटी के बागवानों की चिंता बढ़ गई है। सेब के बगीचों में फ्लोवरिंग होने से नुकसान की आशंका है। मौसम में आए बदलाव से सेब की सेटिंग पर संकट छा गया है। मौसम विभाग ने ओलावृष्टि का भी पूर्वानुमान जताया है। कुल्लू जिला में इन दिनों सेब की सेटिंग हो रही है। खराब मौसम से फसल का उत्पादन प्रभावित होने का अनुमान है। मौसम के बिगड़े मिजाज ने बागवानों को डरा दिया है। वहीं, शुक्रवार को पर्यटकों ने कुल्लू व लाहौल घाटी के विभिन्न पर्यटन स्थलों में जमकर मस्ती की। अटल टनल के उस पास लाहौल घाटी में बर्फ देखने के लिए पर्यटक भारी संख्या में अटल टनल, सिस्सू व कोकसर पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को भी यहां पर्यटकों की ठीकठाक भीड़ जुटी रही। पर्यटकों ने बर्फ के बीच जमकर मस्ती की। कोकसर में पर्यटक बर्फ के बीच एटीवी, जिप लाइन, स्कीइंग, घुड़सवारी आदि का जमकर ले रहे हैं। पर्यटन कारोबारी रत्न सिंह, मनोज कुमार, रोहित ने कहा कि दो तीन दिनों से रौनक़ बढ़ गई है। वहीं, वीकेंड के चलते पर्यटकों की संख्या में और इजाफा हुआ है। मनाली होटलियर एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर का कहना है कि होटलों में ऑक्यूपेंसी 60 प्रतिशत के लगभग हो चुकी है। उन्होंने चिंता जताई कि मनाली में पुलिस बल की कमी के चलते कई पर्यटक स्थलों पर घंटों जाम लग रहा है। पुलिस विभाग को एसोसिएशन द्वारा दो बार पत्र भी लिख चुके हैं, मगर विभाग के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है द्य उन्होंने पुलिस विभाग से पुन: आग्रह किया है कि मनाली में पुलिस बल बढ़ाया जाए ताकि ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू हो सके।



रोहतांग की ऊंची चोटियों पर हुई बर्फबारी। अनंत ज्ञान

# मनाली पहुंचे साउथ सुपरस्टार नागार्जुन

## अपनी 100वीं फिल्म की शूटिंग के लिए लाहौल व नग्गर में डालेंगे डेरा

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** पर्यटन नगरी मनाली एक बार फिर फिल्मी सितारों की चमक से गुलजार हो उठी है।

दक्षिण भारतीय फिल्मों के दिग्गज अभिनेता व सुपरस्टार नागार्जुन अपनी बहुप्रतीक्षित 100वीं फिल्म की शूटिंग के लिए मनाली पहुंच गए हैं। उनके साथ अभिनेत्री ऐश्वर्या रमेश भी इस प्रोजेक्ट के लिए हिमाचल की वादियों में मौजूद हैं। मनाली पहुंचने पर नागार्जुन का बड़ागढ़ रिजॉर्ट एंड स्पा में भव्य स्वागत किया गया। रिजॉर्ट के महाप्रबंधक रणजीत सिंह ने टीम की अगुवाई की। इस दौरान नागार्जुन ने अपने पुराने मित्र व उत्कृष्टता पुरस्कार विजेता, बड़ागढ़ रिजॉर्ट के निदेशक नकुल खुल्लर से विशेष मुलाकात की। स्थानीय समन्वयकों अनिल काइस्था व रॉनी काइस्था ने फिल्म के बारे में कुछ अहम जानकारियां साझा की हैं। उन्होंने बताया कि यह नागार्जुन के फिल्मी करियर की 100वीं फिल्म है, जो उनके प्रशंसकों के लिए बेहद खास है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म का निर्माण मशहूर अन्नपूर्णा स्टूडियो के बैनर तले हो रहा है। फिल्म का निर्देशन कार्तिक आर कर रहे हैं, जबकि कैमरे की कमान राजा महादेवन के हाथों में है। सनद रहे कि पर्यटन नगरी मनाली के साथ ही लाहुल घाटी भी फिल्म निर्देशकों की पहली पसंद रही हैं। नागार्जुन जैसे बड़े स्टार की मौजूदगी से स्थानीय पर्यटन और फिल्म इंडस्ट्री को एक बार फिर बड़ा प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।



साउथ सुपरस्टार नागार्जुन का स्वागत करते हुए प्रसिद्ध व्यवसायी नकुल खुल्लर। अनंत ज्ञान

### इन खूबसूरत लोकेशन्स पर होगी शूटिंग

**फिल्म** की यूनिट द्वारा अगले कुछ दिनों तक मनाली और ऐतिहासिक नग्गर किला और आसपास की वादियों के अलावा अटल टनल के दूसरी ओर स्थित लाहुल घाटी के कोकसर की बर्फीली और पथरीली लोकेशन्स पर भी फिल्म के दृश्य फिल्माए जाएंगे।

# नदियों की ड्रेजिंग के लिए क्षेत्रों की पहचान व सर्वे पर जोर

अनंत ज्ञान

### अवैध खनन पर रहेगा 'तीसरी आंख' का पहरा

**डीसी** ने अवैध खनन के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सभी चिन्हित खनन स्थलों का पूर्ण विवरण व छायाचित्र नियमित रूप से उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक कार्यालय को भेजने होंगे। खनन साइटों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर अंकुश लगाया जा सके।

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में नदियों में बाढ़ के खतरे को कम करने और आपदा न्यूनीकरण के उद्देश्य से गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि इस समिति का प्राथमिक उद्देश्य उन क्षेत्रों की पहचान करना है जहां ड्रेजिंग की आवश्यकता है। इसके लिए राजस्व दस्तावेजों को तैयार करने और सटीक निर्देशांक सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। ड्रेजिंग की जाने वाली सामग्री की मात्रा का सही आकलन करने के लिए वन विभाग के माध्यम से 'रैपलेनिशमेंट स्टडी' करवाई जाएगी। उद्योग विभाग ड्रेजिंग के लिए 3 मीटर की गहराई तक खनन योजना को मंजूरी प्रदान करेगा। ड्रेजिंग की गहराई का निर्धारण स्थल

◆ **डीसी की अध्यक्षता में ड्रेजिंग व खनन को लेकर समिति की बैठक संपन्न**

की भौगोलिक आवश्यकता और वैज्ञानिक अध्ययन की सिफारिशों के आधार पर ही होगा। ड्रेजिंग कार्यों के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य वन विकास निगम द्वारा आधार मूल्य निर्धारित कर नीलामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बैठक में टेंडर दस्तावेजों को भी अनुमोदन दिया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में पुलिस अधीक्षक मदन लाल कौशल, एसडीएम निशांत ठाकुर, जिला राजस्व अधिकारी सुरभि नेगी, डीएफओ एंजेल चौहान, जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता अमित कुमार, खनन अधिकारी वाई.आर. आजाद और एनएचएआई के उप प्रबंधक देवव्रत सिंह सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



**बाढ़** के खतरे को कम करना हमारी प्राथमिकता है। ड्रेजिंग कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी से निगरानी और वैज्ञानिक अध्ययन का सहारा लिया जाएगा।

**अनुराग चंद्र शर्मा, उपायुक्त कुल्लू**

# बीर सिंह ठाकुर बने मनाली ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** बीर सिंह ठाकुर मनाली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने अध्यक्ष बनाए गए हैं। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विनोद जिंटा ने इसकी अधिसूचना जारी की।

बता दें बीर सिंह ठाकुर बडाग्रां गांव के रहने वाले हैं। वे क्षेत्र में एक युवा, तेजतर्रार व निडर नेता के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। दिलेराम ठाकुर के घर जन्मे बीर सिंह ने अपने छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय भूमिका निभानी शुरू कर दी थी। कॉलेज के दौरान वे स्टूडेंट सेंट्रल एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे। इसके साथ ही अपर वैली छात्र संघ के अध्यक्ष पद पर भी उन्होंने कार्य किया। बाद में वे एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष बने और लगातार 11 वर्षों तक युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निभाते रहे। वर्ष 2021 में उन्होंने नसोगी वार्ड से जिला परिषद का चुनाव जीतकर स्थानीय राजनीति में मजबूत उपस्थिति दर्ज करवाई। इसके बाद उन्हें जिला परिषद का उपाध्यक्ष चुना गया। वर्तमान में वर्ष 2026 में वे मनाली ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं। कोरोना काल के दौरान बीर सिंह ठाकुर ने जरूरतमंद प्रवासियों को भोजन उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसकी क्षेत्र में सराहना हुई। इसके अलावा वे गौसेवा में भी सक्रिय रहते हैं। डोहलूनाला टोल प्लाजा हटाने के आंदोलन में उनकी अहम भूमिका रही, जिससे उन्हें प्रदेश स्तर पर पहचान मिली। 15 अगस्त 2021 को उन्होंने कुल्लू के गैमन पुल से मनाली तक करीब 500 बाइकों की तिरंगा यात्रा निकाली।



# पशु मित्र के आवेदकों का शारीरिक परीक्षण 21 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** सदस्य सचिव, पीएमईसी एवं वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी उपमंडलीय पशु चिकित्सालय काजा डॉ. डाकपा तेंजिन ने बताया कि पशु मित्र नीति-2025 की संशोधित अधिसूचना संख्या: एएचवाई-बी (12)-1/2024 दिनांक 6-3-2026 के अंतर्गत उप-मंडलीय पशु चिकित्सालय काजा के अधीनस्थ पशु चिकित्सा संस्थानों में पशु मित्रों के कुल 2 पद भरे जाने हैं जिसके लिए 51 इच्छुक आवेदकों के आवेदन उप-मडलीय पशु चिकित्सालय काजा में प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि पशु मित्र भर्ती के लिए सभी 51 आवेदकों का शारीरिक परीक्षण किया जाना है और यह शारीरिक परीक्षण 21 अप्रैल, 2026 मंगलवार को 9 बजे प्रात: लादरचा मेला मैदान काजा (काजा पब्लिक स्कूल के समीप) में आयोजित किया जाएगा। पुरुष अभ्यर्थियों का शारीरिक परीक्षण सुबह 9 से 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

# 'बिरशु मेले' में भाग लेकर देवालय लौटे कटराई के देवता बीरनाथ

अनंत ज्ञान



**पतलीकूहल।** तीर्थ राज वशिष्ठ में तीन दिवसीय सालाना बिरशू मेले का समापन हो गया।

बिरशु में भाग लेने के पश्चात कटराईं गांव के आराध्य देवता बीरनाथ शुक्रवार शाम हारियानों सहित अपने गांव लौट आए। जानकारी देते हुए देवता बीरनाथ के कुठियाला राजेंद्र महंत तथा पुजारी रविंद्र गिर ने बताया कि वशिष्ठ गांव में हर वर्ष तीन दिन तक चलने वाले बिरशू मेले का भव्य आयोजन होता है, जिसमें स्थानीय देवताओं के साथ- साथ कटराईं के देवता गौहरी भी विशेष रूप से आमंत्रित रहते हैं। उन्होंने बताया कि प्राचीन धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ऋषि वशिष्ठ व देवता बीरनाथ में गुरु चेले का संबंध रहा है अत: रिश्ते के सम्मान पूर्वक निर्वहन के लिए देवता बीरनाथ लगभग हर वर्ष ऋषि वशिष्ठ के बिरशू मेले में शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी वशिष्ठ गांव में विरशू मेला पूरे हर्षोल्लास तथा देवरीति से मनाया गया। स्थानीय ग्रामवासियों ने देवता के साथ मेले में पधारे तमाम हारियानों का हार्दिक स्वागत किया तथा तीन दिनों तक विभिन्न व्यंजनों तथा पकवानों से मेहमान हारियानों की खूब खातिरदारी की गई। क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की आशीष तथा अगले वर्ष फिर आने का वादा कर देवता बीरनाथ शुक्रवार को अपने देवघर लौट आए।

# कैंपस प्लेसमेंट : कुल्लू कॉलेज में 'कैप्शन फैशन' ने 18 छात्रों को परखा

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के कॉन्फ्रेंस हॉल में शुक्रवार को व्यावसायिक विभाग द्वारा लेबरनेट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से एक भव्य कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में उत्तर भारत की नामी रिटेल कंपनी कैप्शन फैशन प्राइवेट लिमिटेड ने शिरकत कर युवाओं को रोजगार के बेहतरीन अवसर प्रदान किए। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल डॉ. राजेश कुमार और विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. मानसिंह राणा ने विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि व्यावसायिक विभाग में आने वाले नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। उन्होंने नए विद्यार्थियों से इस विभाग का हिस्सा बनने का आह्वान किया, जहाँ कौशल आधारित शिक्षा के माध्यम से छात्रों को सीधे कॉर्पोरेट जगत के लिए तैयार किया जाता है। इस ड्राइव में कुल्लू और मंडी महाविद्यालय के कुल 18 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विभाग के मुख्य प्रशिक्षक अजय गुलेरिया ने इस पूरे आयोजन में अहम भूमिका निभाई और अंतिम वर्ष के प्रशिक्षुओं का नेतृत्व किया।

उनके साथ विभाग के अन्य प्रशिक्षक समृद्धि नलवा और गोपाल ठाकुर ने भी विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में लेबरनेट के कोऑर्डिनेटर श्री राजेश रंजन झा, हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म विभाग के प्रशिक्षकों और विभाग के लैब अटेंडेंट का भी विशेष सहयोग रहा। कंपनी के रीजनल मैनेजर मनप्रीत सिंह और एचआर मैनेजर अंजलि कुमारी ने साक्षात्कार के बाद कहा कि व्यावसायिक विभाग के विद्यार्थियों में रिटेल इंडस्ट्री की जरूरतों के हिसाब से बेहतरीन समझ और आत्मविश्वास है। कॉलेज प्रशासन ने विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए एक ठोस कदम बताया।

# चचोगा में बढ़ती कचरे की समस्या पर ग्रामीणों ने उठाई आवाज

अनंत ज्ञान

**मनाली।** चचोगा गांव में बढ़ती कचरे की समस्या अब विकराल रूप धारण करने लगी है। इस गंभीर मुद्दे को लेकर स्थानीय गैर-सरकारी संगठन 'स्वास्तिक ग्रुप' के एक प्रतिनिधिमंडल ने मनाली के एसडीएम गुंजित सिंह चीमा से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व स्वास्तिक ग्रुप के प्रधान हेम राज ने किया।

इसमें सदस्य जय राज नेगी, सोनू व भानु नेगी मुख्य रूप से शामिल रहे। ग्रुप के प्रधान हेम राज ने एसडीएम को अवगत कराया कि पंचायत में कचरे की समस्या लंबे समय से सिरदर्द बनी हुई है। उन्होंने निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि कुछ शरारती तत्व रात के अंधेरे में सार्वजनिक स्थानों व रास्तों पर कूड़ा फेंक देते हैं, जिससे गंदगी व बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है। पंचायत में कूड़ा इकट्ठा करने वाली गाड़ी समय पर नहीं आ रही है, जिस कारण लोगों के घरों में कचरा जमा हो जाता है व मजबूरन वह बाहर सड़कों पर पहुंच रहा है। पंचायत द्वारा पहले भी कचरे के निपटारे के प्रयास किए गए थे, लेकिन नए हॉटस्पॉट (कूड़े के ढेर) बनने से स्थिति फिर से खराब हो गई है। ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए एसडीएम मनाली गुंजित सिंह चीमा ने सकारात्मक रुख अपनाया। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे जल्द ही ग्राम पंचायत चचोगा का व्यक्तिगत दौरा करेंगे। मौके पर स्थिति का जायजा लेने के बाद कचरे के वैज्ञानिक व स्थायी समाधान के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। स्वास्तिक ग्रुप के सदस्यों व ग्रामीणों ने प्रशासन के इस त्वरित संज्ञान पर संतोष व्यक्त किया है। ग्रामीणों को अब उम्मीद है कि एसडीएम के हस्तक्षेप के बाद चचोगा को कचरा मुक्त बनाने के लिए ठोस योजना तैयार की जाएगी और कूड़ा फेंकने वालों पर भी सख्ती बरती जाएगी।



कूड़े की समस्या को लेकर एसडीएम मनाली से मिलते हुए चचोगा गांव के लोग। अनंत ज्ञान

# नए स्वरूप में रथ पर विराजमान हुई माता तारा भटंति सोने से सुसज्जित हुआ माता का मुख्य मोहरा व छत्र

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** मणिकर्ण घाटी के पड़ेई गांव में विराजमान क्षेत्र की आराध्य देवी माता तारा भटंति अब नए भव्य स्वरूप में रथ पर विराजमान हुई हैं।

देवी के मोहरों व छत्रों का विधिवत पुनर्निर्माण किया गया है, जिसमें पारंपरिक स्वरूप को यथावत रखते हुए उन्हें आधुनिक व अधिक आकर्षक रूप दिया गया है। इस धार्मिक कार्य की सबसे विशेष बात यह रह कि माता का मुख्य मोहरा, जो पहले चांदी का था, अब सोने से निर्मित किया गया है। इसके साथ ही माता के छत्र भी सोने के बनाए गए हैं, जिससे देवी का स्वरूप और अधिक दिव्य व भव्य दिखाई दे रहा है। यह पूरा कार्य 29 दिनों तक विधि-विधान व पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न किया गया। कार्य पूर्ण होने के उपरांत भव्य प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रतिष्ठा के बाद परंपरा के अनुसार विरशू मेला भी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचे। भक्तों ने माता के दरबार में हाजिरी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया व अपनी मनोकामनाएं मांगीं। माता के पुजारी नीटू ने बताया कि यह समस्त कार्य माता की आज्ञा से और क्षेत्र के हारीयानों व श्रद्धालुओं के सहयोग से संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि कई पीढ़ियों के बाद इस प्रकार का कार्य संपन्न हुआ है, जिससे क्षेत्र में खुशी व उत्साह का माहौल है। उन्होंने बताया कि माता का मुख्य मोहरा सोने व अष्टधातु से निर्मित किया गया है, जो पारंपरिक आस्था व शिल्पकला का अद्भुत संगम है। इस दौरान पड़ेई स्थित माता के सुंदर मंदिर में माता के साथ गौतम ऋषि भी विराजमान रहे, जिससे इस धार्मिक आयोजन का महत्व और बढ़ गया। माता तारा भटंति की मान्यता दूर-दूर तक है। श्रद्धालु यहां आकर अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं व पूर्ण होने पर पुनः माता के दरबार में शीश नवाते हैं। यही कारण है कि इस आयोजन में भारी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही और पूरे क्षेत्र में भक्ति व उल्लास का माहौल देखने को मिला।



# नेहरू पार्क में एमआरएफ निर्माण का विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सीनियर सिटीजन्स काउंसिल, कुल्लू ने सरवरी स्थित नेहरू पार्क में प्रस्तावित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) के निर्माण का कड़ा विरोध जताया है। काउंसिल का कहना है कि यह प्रस्ताव न केवल अनुचित है, बल्कि पूर्व में जारी प्रशासनिक निर्देशों के भी विरुद्ध है, जिनमें इस पार्क को सार्वजनिक उपयोग के लिए सुरक्षित रखने की बात कही गई थी। काउंसिल के अनुसार, सार्वजनिक धन से विकसित इस पार्क की हाल के समय में लगातार उपेक्षा हो रही है। पार्क परिसर में निर्माण सामग्री और अनुपयोगी ढांचे डाले जाने से इसकी उपयोगिता प्रभावित हो रही है, जिसका सीधा असर बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों पर पड़ रहा है। काउंसिल ने जिला प्रशासन से मांग की है कि नेहरू पार्क में प्रस्तावित एमआरएफ योजना को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए और इसके लिए किसी वैकल्पिक स्थान का चयन किया जाए। साथ ही, पार्क परिसर को तुरंत साफ करने, उसके नियमित रखरखाव और पुनर्विकास को सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई गई है।

# ब्यास नदी के कटाव से बढ़ा खतरा, पारला भुंतर के लोगों ने डीसी से लगाई सुरक्षा दीवार निर्माण तेज करने की गुहार

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** ब्यास नदी के तेज बहाव से बढ़ते खतरे को लेकर पारला भुंतर वार्ड नंबर-7 के लोगों ने प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप की मांग उठाई है।

इसी कड़ी में क्षेत्र का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा से मिला और सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य में तेजी लाने की गुहार लगाई। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व पार्षद दिनेश शर्मा, भुंतर सुधार समिति की उपाध्यक्ष नीना घई तथा प्रवक्ता नीलम घई, तेजींद्र कौर, विक्की सहित अन्य स्थानीय लोग शामिल रहे। प्रतिनिधियों ने डीसी को अवगत कराया कि ब्यास नदी के किनारे निर्माणाधीन सुरक्षा दीवार का कार्य धीमी गति से चल रहा है, जिससे नदी का कटाव लगातार बढ़ रहा है और आसपास की आबादी तथा सड़क को खतरा पैदा हो गया है।उन्होंने बताया कि गुरुद्वारा साहिब के समीप गड़सा मार्ग की सड़क लगातार धंसती जा रही है। हालिया बारिश व नदी के बहाव के कारण स्थिति और गंभीर हो गई है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से मांग की कि सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा किया जाए तथा धंस रही सड़क की तुरंत मरम्मत कर क्षेत्रवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे और मौके का निरीक्षण कर शीघ्र उचित कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले मानसून में खतरा और बढ़ सकता है।

**गंभीरता** विधायक सुंदर ठाकुर ने लिया घटीगाड़ भूस्खलन क्षेत्र का जायजा

# बैली ब्रिज डालकर वैकल्पिक मार्ग तैयार किया जाए

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** मणिकर्ण घाटी की बरशैणी पंचायत के अंतर्गत घटीगाड़ में पिछले कई दिनों से हो रहे भूस्खलन ने प्रशासन व स्थानीय जनता की चिंता बढ़ा दी है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने प्रशासनिक अधिकारियों की टीम के साथ प्रभावित क्षेत्र का विस्तृत दौरा किया व राहत कार्यों की समीक्षा की।

विधायक ने कहा कि हालांकि भूस्खलन से क्षेत्र को काफी क्षति पहुंची है, लेकिन संतोषजनक बात यह है कि अभी तक किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि नहीं हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में किसी भी बड़े खतरे को टालने के लिए सुरक्षा के कड़े कदम उठाना अनिवार्य है। स्थानीय जनता व पर्यटकों की आवाजाही को सुचारू करने के लिए विधायक ने मौके पर ही अधिकारियों को निम्नलिखित निर्देश दिए। उन्होंने शीला रोड के साथ एक बैली ब्रिज डालकर तुरंत वैकल्पिक मार्ग तैयार किया जाए। ग्राम सभा की मंजूरी व फॉरेस्ट राइट एक्ट की औपचारिकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने को कहा गया है। सड़क बहाली के लिए लाडा फंड से तुरंत बजट का प्रावधान किया जाएगा। साथ ही, एनएचपीसी ने इस कार्य के लिए भारी मशीनरी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। विधायक ने लोक निर्माण विभाग व जिला प्रशासन को सख्त हिदायत दी है कि वैकल्पिक मार्ग के निर्माण में किसी भी तरह की ढिलाई न बरती जाए। इस मार्ग के बनने से घटीगाड़ और आसपास के ग्रामीणों सहित मणिकर्ण आने वाले पर्यटकों को भी बड़ी राहत मिलेगी।



विधायक सुंदर सिंह ठाकुर घटीगढ़ में स्थिति का जायजा लेते हुए। अनंत ज्ञान

### मौके पर डटा रहा प्रशासनिक अमला

**निरीक्षण** के दौरान विधायक के साथ एडीसी कुल्लू, एनएचपीसी के प्रोजेक्ट हेड रणजीत सिंह, डीएफओ (फोरेस्ट), राजस्व विभाग व लोक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारी मौजूद रहे। विधायक ने पहाड़ी से हो रहे भूस्खलन के कारणों और उससे हुए नुकसान का बारीकी से अवलोकन किया।

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर प्रभावित व्यक्ति के साथ मजबूती से खड़ी है, जैसे ही पंचायत प्रस्ताव देगी, भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी कर युद्ध स्तर पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**सुंदर सिंह ठाकुर, विधायक कुल्लू।**

# जाहलमा नाला चैनेलाइजेशन कार्य का निरीक्षण कर दिए तेजी लाने के निर्देश

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने अपने लाहौल प्रवास के दौरान विभिन्न पंचायतों का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जहां एक ओर आमजन की समस्याओं को सुना।

वहीं, दूसरी ओर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जमीनी हकीकत भी जांची। विधायक ने तांदी पंचायत सहित जोबरंग, शांशा, रपडिंग, कोठी, जाहलमा, हालिंग, जुंडा फुडा व तलजोन क्षेत्रों का दौरा कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। जनसमस्याओं पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने मौके पर उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर और प्रभावी ढंग से किया जाए। इस प्रवास के दौरान उनके साथ जिला परिषद अध्यक्ष वीना, प्रधान कृष्णा, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी व पार्टी के गणमान्य प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। विधायक ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि वे लाहौल के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य करती रहेंगी। दौरे के दौरान विधायक ने जाहलमा नाले पर चल रहे चैनेलाइजेशन कार्यों का विशेष रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न किया जाए व परियोजना की गति को बढ़ाया जाए, ताकि समय रहते जनता को इसका लाभ मिल सके।

**क्षेत्र** का समग्र व संतुलित विकास मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान व विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना ही हमारा लक्ष्य है।

**अनुराधा राणा, विधायक लाहौल-स्पीति।**

### चेस्टर हिल प्रोजेक्ट पर घमासान : मुखर हुई किसान सभा

# मिट्टी की अवैध डंपिंग से सूखे जल स्रोत, आंदोलन की चेतावनी

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश किसान सभा की सोलन ब्लॉक कमेटी ने चेस्टर हिल प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य के दौरान पड़ग पंचायत के अंतर्गत बेर गांव के ग्रामवासियों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को लेकर डीसी सोलन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अवैध मिट्टी डंपिंग, पर्यावरणीय क्षति और निजी जमीनों पर प्रतिकूल प्रभाव जैसे गंभीर मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया है। किसान सभा ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों के साथ आंदोलन शुरू किया जाएगा।



डीसी सोलन को मांग पत्र सौंपते किसान सभा के पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

> **मामले** को गंभीरता से लिया जाएगा। एसडीएम को तुरंत मौके पर भेजा जाएगा और विस्तृत रिपोर्ट ली जाएगी। अवैध डंपिंग पाए जाने पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
>
> **मनमोहन शर्मा**
> **डीसी सोलन**

**बिना अनुमति हो रही मिट्टी की अवैध डंपिंग**

हिमाचल प्रदेश किसान सभा की सोलन ब्लॉक कमेटी के अध्यक्ष मोहित शर्मा ने बताया कि प्रोजेक्ट के ठेकेदार बिना किसी अनुमति के मिट्टी की अवैध डंपिंग कर रहे हैं, जो कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने कहा, यदि प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई नहीं की तो हम ग्रामीणों को साथ लेकर आंदोलन करेंगे। डंपिंग बंद होनी चाहिए, अन्यथा बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे, जिन्होंने अपनी परेशानियां साझा की।

चेस्टर हिल प्रोजेक्ट के निर्माण के दौरान हो रही अवैध डंपिंग से बेर गांव के प्राकृतिक जल स्रोत पूरी तरह दब चुके हैं। इससे ग्रामीणों को सिंचाई के लिए गंभीर संकट का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बेर गांव की सिंचाई योजना मिट्टी की भारी डंपिंग से बुरी तरह प्रभावित हो गई है, जिससे फसलें सूखने की नौबत आ गई है। ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है, क्योंकि उनकी निजी जमीनें भी इस डंपिंग से क्षतिग्रस्त हो रही हैं। पर्यावरण को होने वाले नुकसान ने स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को खतरे में डाल दिया है।

किसान सभा ने मांग की है कि प्रोजेक्ट के ठेकेदारों पर जुर्माना लगाया जाए और प्रभावित जल स्रोतों को पुर्नस्थापित किया जाए। ग्रामीण उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन का आश्वासन मात्र कागजी नहीं रहेगा।

## कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का सीबीएसई कक्षा 10वीं का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

अनंत ज्ञान

**कसौली।** कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनवारा ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के सीबीएसई कक्षा 10 के परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100% परिणाम हासिल किया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। इस वर्ष कुल 25 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 12 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन हासिल की। विद्यालय में प्रथम स्थान देवांश मान ने 95% अंक प्राप्त कर हासिल किया, जबकि द्वितीय स्थान गिरिशा ने 94% अंक के साथ प्राप्त किया। तृतीय स्थान विवान सेठी ने 90% अंक प्राप्त कर हासिल किया। विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्या एवं समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया।



परीक्षा में अव्वल रहे कीप्स के छात्र

## लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल मंझ्यात का सीबीएसई कक्षा 10वीं का उत्कृष्ट परिणाम

*अनंत ज्ञान, अर्की। लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल मंझ्यात ने एक बार फिर सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। इस वर्ष सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय का सर्वोच्च अंक 88 प्रतिशत रहा, जो छात्रों की मेहनत, लग्न और शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम है। अंग्रेजी विषय में भी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। पुलकित ने 95 अंक, काव्या ने 93 अंक, जबकि हिमांशी और सिद्धार्थ ने 90-90 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। इस सफलता ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को उजागर किया है। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के समर्पण की सराहना की, जिनके संयुक्त प्रयासों से यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाया।*

## न्यूज ब्रीफ

### उद्योग मंत्री का सिरमौर प्रवास कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान आज व कल जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि उद्योग मंत्री 18 अप्रैल को दोपहर 12 बजे लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह रोहनाट में जन समस्याएं सुनेंगे तथा दोपहर बाद कोटी- बौंच में बैशाखी मेले के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। प्रवक्ता ने बताया कि उद्योग मंत्री 19 अप्रैल को प्रातः ग्राम पंचायत माशू में संपर्क मार्ग जोंगपुल-सोनुआ बास का उद्घाटन करेंगे तथा जन समस्याएं भी सुनेंगे। इसके उपरांत थाना में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे।गत करते आयोजक।

### 21 व 22 अप्रैल को नाहन में कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला रोजगार अधिकारी देविंद्र कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड नाहन द्वारा क्लर्क के 2 पद तथा सेल्स मार्केटिंग के लिए डेवलपमेंट मेनेजर के 8 पदों को कैम्पस इंटरव्यू के माध्यम से भरा जा रहा है। इन 10 पदों में से 4 पद एक्स-सर्विसमेन के लिए आरक्षित है। इन पदों के लिए साक्षात्कार 22 अप्रैल, 2026 को जिला रोजगार कार्यालय नाहन में प्रातः 10 बजे आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए आयु 25-45 वर्ष, शैक्षणिक योग्यता 12वीं/ग्रेजुएशन रखी गई है। वेतनमान 20,800 रुपये दिया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नं. 9797597375 पर भी संपर्क कर सकते है।

### चायल के पूर्व प्रधान पर हुआ जानलेवा हमला

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** उपमंडल की ग्राम पंचायत चायल के पूर्व प्रधान नवीन कुमार पर वीरवार रात जानलेवा हमला होने का मामला सामने आया है। नवीन कुमार ने बताया कि घटना उस समय हुई, जब वह अपनी चायल की दुकान बंद करके चायल समीप मिहानी गांव में अपने घर जा रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उसी गांव के प्रेम सिंह नामक व्यक्ति ने उन पर पीछे से आरी से हमला कर दिया। हमले के दौरान आरोपी के पास एक बैग भी था, जिसमें आरी व दराट रखे हुए थे। उन्होंने बताया कि बचाव का प्रयास किया, जिसमें उनके हाथ की छोटी उंगली व बाईं आंख पर चोटें आईं। घटना के बाद घायल अवस्था में उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस चौकी में दर्ज करवाई हैं। चायल पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कुसुम कौशल ने शमशेर जमा दो स्कूल नाहन में संभाला प्रिंसिपल का पद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** कुसुम कौशल ने राजकीय शमशेर आदर्श जमा दो स्कूल की प्रिंसिपल का किया पद ग्रहण। इससे पूर्व श्रीमती कौशल निहोग स्कूल की मुख्य अध्यापिका के पद अपनी सेवाएं दे रही थीं। हाल ही में हुई पद्दोन्नति के बाद सरकार में शमशेर स्कूल में प्रिंसिपल के पद पर तैनात किया है। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ ने नवनियुक्त प्रिंसिपल का स्वागत किया।

### डीए घनाहट्टी ने किंग्स कंडा को हराकर जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्जुन खेल मैदान शालाघाट मे लगभग एक माह से चल रही कॉन्ट्रैक्टर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में सेमीफाइनल मुकाबले में बतौर मुख्यातिथि एडवोकेट भीम सिंह ठाकुर शामिल हुए। प्रतियोगिता में हिमाचल की 82 टीमों ने भाग लिया है। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला जाएगा। पहला सेमी फाइनल डीए घनाहट्टी व किंग्स कंडा इलेवन के बीच खेला गया, जिसमें घनाहट्टी टीम ने पहले खेलते हुए 12 ओवर में दूसरी टीम को 131 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए किंग्स कंडा इलेवन 102 रन ही बना सकी। डीए घनाहट्टी नें इस मैच में 28 रनों से जीत हासिल की। समिति के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने मुख्य अतिथि को शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## 20 अप्रैल से सिरमौर में निजी बस ऑपरेटरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर में निजी बस ऑपरेटरों और एचआरटीसी के बीच विवाद अब बढ़ता नजर आ रहा है। सिरमौर बस ऑपरेटर यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि बस संचालक पर दर्ज मामला 20 अप्रैल से पहले वापस नहीं लिया गया, तो जिले भर में निजी बसों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। यूनियन अध्यक्ष बलविंदर सिंह पुरेवाल ने कहा कि शिलाई-शिमला रूट पर हाल ही में शुरू हुई बस सेवा को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एचआरटीसी द्वारा मनमाने तरीके से टाइम टेबल में बदलाव किया गया है, जिससे निजी बस ऑपरेटरों के सामने संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को नया टाइम टेबल तय करने के लिए पत्र भेजा गया है। यदि समय रहते बैठक आयोजित कर समाधान नहीं निकाला गया, तो 20 अप्रैल से निजी बस ऑपरेटर हड़ताल पर चले जाएंगे और संबंधित बस को निर्धारित समय पर चलने नहीं दिया जाएगा।



पत्रकार वार्ता के दौरान निजी बस ऑपरेटर। अनंत ज्ञान

**यह है मामला**

**पांवटा** साहिब से टटियाना के लिए निजी बस 2:45 बजे चलती है, जबकि दो मिनट बाद एचआरटीसी की बस का समय है। इसके बीच 2:46 बजे नई बस सेवा शुरू कर दी गई है, जिससे महज कुछ मिनट के अंतराल में तीन बसें एक ही रूट पर चल रही हैं। इससे न केवल प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है।

**आरोप : निजी ऑपरेटरों के साथ सौतेला व्यवहार**

**यूनियन** ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित बस को अभी स्थायी परमिट नहीं मिला है और उसे विशेष अनुमति के तहत चलाया जा रहा है, जबकि निजी ऑपरेटरों के साथ सख्ती बरती जाती है। उन्होंने सरकार पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस स्थिति में हड़ताल ही एकमात्र विकल्प बचता है।

## 50 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 22 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एलआईसी ऑफ इंडिया परवाणू में बीमा सखी के 50 पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू 22 अप्रैल को उपरोजगार कार्यालय कसौली में आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं व आयु 18 से 70 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह पद केवल महिलाओं के लिए है। उन्होंने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यता संबंधी सभी अनिवार्य प्रमाण पत्रों व दस्तावेजों सहित उपरोजगार कार्यालय कसौली में 22 अप्रैल को प्रातः 10.30 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने के लिए कोई यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा।

## सेवाभाव से मानवता की सेवा में जुटी जिला रेडक्रॉस समिति : मनमोहन शर्मा

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन में आयोजित जिला रेडक्रॉस समिति की समीक्षा बैठक में उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने समिति की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस का मूल उद्देश्य नि:स्वार्थ भाव से पीड़ित मानवता की सेवा करना है, और सोलन की रेडक्रॉस समिति इस दिशा में निरंतर सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने जानकारी दी कि क्षेत्रीय अस्पताल में स्थापित सहायता कक्ष के माध्यम से अब तक 213 लोगों को शारीरिक सहायता और 2 लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। वहीं वित्त वर्ष 2025-26 में 42 जरूरतमंदों को 2.73 लाख रुपए से अधिक की मदद दी गई है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा शिविरों की जानकारी रेडक्रॉस के साथ साझा की जाए, ताकि संयुक्त रूप से अधिक प्रभावी सेवाएं प्रदान की जा सकें।

- **समीक्षा बैठक में समिति की कार्यप्रणाली की उपायुक्त ने की सराहना**
- **निर्देश: चिकित्सा शिविरों की जानकारी रेडक्रॉस के साथ की जाए साझा**

उन्होंने सभी उपमंडलों में रक्तदान शिविर आयोजित करने, दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर लगाने और नशा-निवारण के लिए शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया। बैठक में रेडक्रॉस के लिए नए अस्पताल भवन में सराय और कमरों की व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने समाजसेवी बुधराम वर्मा द्वारा दिए गए एक लाख रुपये के योगदान के लिए आभार जताया और लोगों से अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की।

## एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित घबराने की जरूरत नहीं : सीएमओ

### सोलन स्वास्थ्य विभाग ने तोड़ी भ्रांतियां, 581 युवतियों को लगी वैक्सीन

अनंत ज्ञान

**सोलन।** एचपीवी वैक्सीन को लेकर सीएमओ सोलन डॉ. अजय पाठक ने भ्रांतियों को लेकर स्पष्ट किया है कि वैक्सीन पूरे तरीके से सुरक्षित है। इसे लगाने में कोई परेशानी किसी को भी नहीं होगी। सीएमओ ने प्रेस वार्ता कर वैक्सीन लगाने से होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अजय पाठक ने जानकारी दी कि यह वैक्सीन सुरक्षित है। कई प्रकार के मापदंड पार करने के बाद ही यह वैक्सीन युवतियों को लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि 29 मार्च से शुरू हुए इस कैंपेन में अब तक लगभग 581 युवतियों को एचपीवी वैक्सीन लगा दी गई है। हालांकि यह टारगेट कोसो दूर है, लेकिन अब इसे डेली बेस पर लगाया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी की जिला सोलन में कुल 7501 युवतियों को यह वैक्सीन लगानी है। इसके लिए जिला में 22 कोल्ड चेन सेंटर है। खास बात यह है की अब जिला में वेक्सीन डेली लगाई जाएगी। ताकि रफ़्तार बढ़ाई जा सके। पाठक ने बताया कि वैक्सीन पहले से ही प्राइवेट हॉस्पिटल में लगाई जाती है। लेकिन उसे महंगे दामों पर लगाया जाता है। खैर अब अब सरकार से इसे फ्री में लगा रही है। इसमें घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।




पत्रकार वार्ता करते सीएमओ। अनंत ज्ञान

## मेहनत, अध्ययन और प्रस्तुति से ही मिलता है न्याय : अविनाश

अनंत ज्ञान

**सोलन/कंडाघाट।** सोलन के कंडाघाट स्थित बह्रा यूनिवर्सिटी में आयोजित 5वीं मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व सांसद और वरिष्ठ विधिवेत्ता अविनाश राय खन्ना के करकमलों से हुआ। इस अवसर पर उन्होंने विधि के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एक सफल वकील वही होता है जो अपने केस की गहन तैयारी, प्रभावशाली प्रस्तुति और स्पष्ट दृष्टिकोण के माध्यम से न्याय दिलाने में सक्षम हो। उन्होंने वकालत को केवल पेशा नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ बताया। खन्ना ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक ही कानून और तथ्यों के बावजूद अलग-अलग वकील अपनी दलीलों और प्रस्तुति के आधार पर केस का परिणाम बदल सकते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि निरंतर अध्ययन, केस की गहरी समझ और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है।

- **वरिष्ठ विधिवेत्ता अविनाश राय खन्ना ने किया पांचवीं मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ**

उन्होंने यह भी बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और मेहनत से कमजोर दिखने वाले मामलों को भी जीता जा सकता है। उन्होंने मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं को छात्रों के लिए वास्तविक न्यायिक प्रक्रिया का अभ्यास बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन उन्हें व्यावहारिक ज्ञान और प्रस्तुति कौशल विकसित करने का अवसर देते हैं।

## शास्त्रीय संगीत संस्था ने तय की वार्षिक सम्मेलन की तिथि

**अनंत ज्ञान, सोलन।** लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में गुरु-शिष्य परम्परा एवं शास्त्रीय संगीत संस्था की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के संचालक डॉ. राम स्वरूप शांडिल ने की। बैठक में प्रमुख निर्णय लिया गया कि संस्था का वार्षिक शास्त्रीय संगीत सम्मेलन 13 और 14 जून 2026 को आईटीआई सोलन के सभागार में आयोजित होगा। इस आयोजन से शास्त्रीय संगीत प्रेमियों को भरपूर लाभ होगा। बैठक में संस्था के प्रधान सीता राम शर्मा, कोषाध्यक्ष मनोज ठाकुर, सचिव नंद किशोर सहित अन्य प्रबुद्ध सदस्य उपस्थित रहे।

- **13-14 जून को आईटीआई सोलन के सभागार में आयोजित होगा सम्मेलन**

## नाहन के बाजार में दो जगह लगी आग

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शहर में आग लगने की दो घटनाएं हाल ही में सामने आई हैं। पहली घटना में शहर के बड़ा चौक बाजार में स्थित पिंडी ट्रेडर्स के जूतों के गोदाम में शुक्रवार सुबह 5:30 बजे भयंकर आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि इसे काबू करने में साढ़े तीन घंटे से अधिक का समय लगा। अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश की। अभी तक नुकसान का आकलन नहीं हो पाया है।

दूसरी घटना कल रात की है, जहां नाहन के छोटा चौक बाजार में बिजली की लाइनों में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। हालांकि समय रहते स्थिति पर काबू पा लिया गया और बड़ा हादसा टल गया। बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए घंटों की मशक्कत करनी पड़ी। दोनों ही घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## फेसबुक पर जातिसूचक जहर उगलना पड़ा भारी, एसी/एसटी एक्ट में केस दर्ज

अनंत ज्ञान

**बद्दी/सोलन।** सोशल मीडिया पर जातिसूचक और आपत्तिजनक टिप्पणियां करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी ऋषि ठाकुर पुत्र हंसराज भारद्वाज निवासी वार्ड नंबर-2 बद्दी के खिलाफ प्रतिनिधित्वमंडल की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया है।

- **आरोप: भड़काऊ टिप्पणियों से फैला भारी रोष, माहौल बिगाड़ने की कोशिश**

शिकायतकर्ता रंजीत सिंह, निवासी गांव मानपुरा ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि आरोपी ऋषि ठाकुर ने फेसबुक पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर और अनुसूचित जाति समाज के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक व भड़काऊ टिप्पणियां कीं। इन टिप्पणियों से समाज में भारी रोष फैल गया और माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई।

बताया जा रहा है कि आरोपी लगातार सोशल मीडिया पर ऐसी पोस्ट और कमेंट करता रहा, जिससे सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचा। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एसी/एसटी एक्ट की धाराओं 3(1)(r), 3(1)(s) व 3(1)(u) के तहत केस दर्ज कर लिया है।

बताया जा रहा है कि ऋषि ठाकुर सोशल मीडिया पर जातिवाद का जहर फैलाने ओर हिन्दू मुस्लिम करने के लिए ही फेसबुक का प्रयोग करता है। इस बार भी ऋषि ठाकुर ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए ऐसा कमेंट किया जिस पर कबीर पंथी समाज सुधार सभा ओर समुदाय के लोगों को मोर्चा खोलना पड़ा।

**राजगढ़ बैसाखी मेला** | **हिमाचली कलाकारों की धमक से गूंज उठी राजगढ़ मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या**

## बॉलीवुड के बिना भी झूमे दर्शक, पहाड़ी नाटियों और गीतों ने बांधा समां

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** जिला स्तरीय राजगढ़ मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में दर्शकों ने पंजाबी, हिंदी और पहाड़ी नाटियों पर डटकर डांस करके ठुमके लगाए अर्थात मेला समिति के प्रयासों से अंतिम सांस्कृतिक संध्या सुपरहिट गई जबकि इस नाईट में कोई बॉलीवुड कलाकार नहीं बुलाए गए थे। इसी के साथ ही तीन दिवसीय मेला संपन हो गया।

इस सांस्कृतिक संध्या में सिरमौर के दो प्रसिद्ध पहाड़ी कलाकार अज्जू तोमर और अजय चौहान, दीपक चौहान, सुम्मी प्रिंस, मदन झालटा, प्रवेश निहालटा ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों को बांधे रखा । अज्जू तोमर और अजय चौहान ने मंच संभालते ही फास्ट नाटियों की बौछार कर दी जिस पर युवाओं ने झूम झूम कर नृत्य किया । इसी प्रकार दीपक चौहान तेरा मेरा प्यार अडिए बचपन रा और मदन झालटा ने ढीलीए बीखे हो कुब्जा प्रस्तुत करके वाही वाही लुटी । सुम्मी प्रिंस ने एक से एक पंजाबी गाने गाकर युवा को झूमने पर मजबूर कर दिया । इसके अतिरिक्त प्रवेश निहालटा, आशु तोमर, बिमला चौहान, रोशनी जस्टा, रमेश चंद, लेख राम पॉल, रीता शर्मा सहित दर्जनों कलाकारों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करवाया।




## विस अध्यक्ष ने किया बैसाखी मेला राजगढ़ का समापन

अनंत ज्ञान

**राजगढ़/नाहन।** राजगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय बैसाखी मेले का समापन बड़े उत्साह और सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ। समापन समारोह की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह मेला क्षेत्र के आराध्य देव शिरगुल महाराज के नाम पर आयोजित होता है और धार्मिक, सामाजिक व व्यापारिक दृष्टि से इसकी विशेष पहचान है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश को देवी-देवताओं की भूमि बताते हुए कहा कि यहां की समृद्ध संस्कृति विश्वभर में प्रसिद्ध है। राजगढ़ क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र सौभाग्यशाली है, जहां लोगों को अपनी परंपराओं के साथ जीवन जीने का अवसर मिलता है।

उन्होंने मेले को राज्य स्तरीय दर्जा दिलाने के लिए प्रयास करने का आश्वासन भी दिया। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि ऐसे मेले समाज में आपसी भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा देते हैं।

# ट्रंप का दावा- ईरान यूरेनियम सौंपने को तैयार

## ईरानी मीडिया ने इस दावे को बताया गलत, कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति हवाई किले बना रहे

**एजेंसी, तेल अवीव**



**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान अपने एनरिच्ड (संवर्धित) यूरेनियम का भंडार अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार हो गया है। एनरिच्ड यूरेनियम का इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने में होता है।

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से यह भी कहा कि दोनों देश शांति समझौते के काफी करीब हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह डील हो जाती है तो तेल की सप्लाई शुरू हो जाएगी और हालात सामान्य हो जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर समझौता इस्लामाबाद में होता है तो वे पाकिस्तान भी जा सकते हैं। हालांकि ईरानी मीडिया ने ट्रंप के दावे को गलत बताया है और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति हवाई किले बना रहे हैं। वहीं, होर्मुज संकट को लेकर 40 देशों की वर्चुअल बैठक होगी। फ्रांस और ब्रिटेन इसकी अध्यक्षता करेंगे। यह बैठक होर्मुज में नाकेबंदी और उससे दुनिया में तेल और सप्लाई पर पड़ रहे असर को लेकर होगी। इस बैठक में अमेरिका शामिल नहीं होगा।

### परमाणु हथियार बनाने के बहुत करीब ईरान

**यूरेनियम** एक ऐसा पदार्थ है, जिससे परमाणु ऊर्जा भी बनाई जा सकती है और परमाणु बम भी। फर्क सिर्फ इस बात से पड़ता है कि उसे कितना एनरिच यानी शुद्ध किया गया है। प्राकृतिक यूरेनियम में काम का हिस्सा बहुत कम होता है, इसलिए उसे मशीनों (सेंट्रीफ्यूज) के जरिए स्टेप बाय स्टेप शुद्ध किया जाता है। इसी प्रक्रिया को 'यूरेनियम एनरिचमेंट' कहते हैं। अंतरराष्ट्रीय एजेंसी आईएईए की रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान के पास कुल मिलाकर करीब 5 से 6 टन के बीच एनरिच्ड यूरेनियम मौजूद है। हालांकि, यह इतना एनरिच्ड नहीं है कि इससे परमाणु हथियार बन सके। अभी 120 से 130 किलोग्राम के आसपास यूरेनियम को 60% तक एनरिच्ड किया जा चुका है। अगर यह एनरिच्डमेंट 90% तक कर लिया गया तो इससे परमाणु हथियार बनाए जा सकते हैं। इसलिए अमेरिका और इसराइल, ईरान पर परमाणु कार्यक्रम सीमित करने और एनरिच्ड यूरेनियम सौंपने का दबाव बनाते रहे हैं।

### ईरान ने अस्थायी सीजफायर मानने से किया इनकार

**ईरान** ने कहा कि वह किसी भी अस्थायी सीजफायर को स्वीकार नहीं करेगा। एक डिप्लोमेसी फोरम में ईरान के उप विदेश मंत्री सईद खातिबजादेह ने कहा कि पूरे क्षेत्र में एक साथ युद्ध खत्म होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी सीजफायर तभी मान्य होगा, जब लेबनान से लेकर रेड सी तक जंग हमेशा के लिए खत्म होगी। इसे उन्होंने ईरान की रेड लाइन बताया। उन्होंने यह भी कहा कि होर्मुज स्ट्रेट ऐतिहासिक रूप से खुला रहा है और लंबे समय से सभी के लिए उपलब्ध है। ईरान ने अमेरिका और इजराइल पर क्षेत्र में अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है।

**लेबनान में सीजफायर लागू होते ही लोग घर लौटने लगे :** लेबनान में सीजफायर लागू होते ही हजारों विस्थापित लोग अपने घरों की ओर लौटने लगे है। इससे कई प्रमुख सड़कों पर लंबा जाम लग गया। शुक्रवार सुबह से बेरूत के दक्षिणी इलाकों और दक्षिणी शहरों-गांवों की ओर लोगों की आवाजाही तेज हो गई। बेरूत-सिडोन-टायर को जोड़ने वाले तटीय हाईवे पर गाड़ियों की लंबी कतारें नजर आईं। घर लौटते लोगों में खुशी भी दिखी, कुछ ने जीत के संकेत दिखाए, हालांकि हालात को लेकर सतर्कता बनी हुई है। (अनंत ज्ञान)

# संभल मस्जिद की 35 फुट मीनार ढहाई बुलडोजर से तोड़े जा रहे बाकी हिस्से



**एजेंसी, संभल।** संभल में मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे गिरा दी गई। अब बुलडोजर मस्जिद के बाकी हिस्सों को तोड़ रहा है। इससे पहले, सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मस्जिद के बाहर की पांच दुकानों को तोड़ा गया। मस्जिद की मीनार तोड़ने के लिए प्रशासन ने दो हाइड्रा मशीनें बुलाईं। एक मजदूर मीनार पर चढ़कर रस्सी को बांधा, फिर उसके दूसरे सिरे को दोनों हाइड्रा मशीनों से बांधा। इसके बाद मशीनों से खींचकर मीनार को गिरा दिया। मामला मुबारकपुर बंद गांव का है। प्रशासन के मुताबिक, 15 साल पहले सरकारी जमीन पर मस्जिद का निर्माण कराया गया था। फिलहाल, डीएम राजेंद्र पेंसिया और एसपी केके बिश्नोई समेत 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी मौके पर हैं। गांव वाले जुटने लगे तो विरोध की आशंका को देखते हुए पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। 12 दिन पहले यानी 5 अप्रैल को मस्जिद पर कार्रवाई होनी थी, लेकिन उस समय बुलडोजर चालक ने मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार तोड़ने से मना कर दिया था। तर्क दिया था कि मीनार बुलडोजर के ऊपर गिर सकती है। हालांकि उस दिन मदरसा, पांच दुकानें और मस्जिद का गेट तोड़ दिया गया था। दुकानों का करीब 20 फीसदी हिस्सा बच गया था, जिसे आज गिराया गया। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 505 और निफ्टी में भी 157 अंक की तेजी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




**हफ्ते** के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को सेंसेक्स 505 अंक (0.65%) की तेजी के साथ 78,494 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 157 अंकों (0.65%) की तेजी रही, ये 24,354 पर पहुंच गया। आज के कारोबार में एमएमसीजी, मीडिया और मेटल शेयरों में खरीदारी रही, जबकि आईटी शेयरों में बिकवाली रही।

शेयर बाजार में 16 अप्रैल को गिरावट रही। सेंसेक्स 123 अंक (0.16%) गिरकर 77,989 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 35 अंक (0.14%) बढ़कर 24,197 पर आ गया। कारोबार में मेटल और आईटी शेयरों में खरीदारी रही, जबकि ऑटो और प्राइवेट बैंक में सबसे ज्यादा बिकवाली रही। बीएसई का सेंसेक्स 12.55 अंक की मामूली कमजोरी के साथ 77,976.13 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल भी ऊपर नीचे होने लगी। खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स उछल कर 78,169.61 अंक के स्तर तक पहुंचा, वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर इसने 77,726.23 अंक के स्तर तक गोता भी लगाया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 151.09 अंक की उछाल के साथ 78,139.77 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। (अनंत ज्ञान)

# नेपाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे बड़ी जांच हुई शुरू

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार ने 5 सदस्यीय न्यायिक पैनल बनाया है, जो 2006 से लेकर 2025-26 तक सार्वजनिक पदों पर रहे लोगों की संपत्ति की जांच करेगा।

◆ **7 पूर्व पीएम, तीन राष्ट्रपति, राजा की संपत्ति की जांच, 100 मंत्री व अधिकारी भी दायरे में**

जांच के दायरे में 2005-06 के बाद के सभी 7 प्रधानमंत्रियों को भी शामिल किया गया है। इनमें सुशील कोईराला, पुष्प कमल दहल, माधव कुमार नेपाल, झलनाथ खनाल, बाबूराम भट्टराई, केपी शर्मा ओली और शेर बहादुर देउबा शामिल हैं। इसके साथ ही दो अंतरिम सरकारों के प्रमुख खिलराज रेग्मी और सुशीला कार्की भी जांच के दायरे में आएंगे। इसमें पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह भी आएंगे। इसके अलावा तीन राष्ट्रपति राम बरन यादव, विद्या देवी भंडारी और मौजूदा राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल भी जांच के घेरे में होंगे। यह जांच सिर्फ बड़े नेताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें मंत्री, संवैधानिक पदों पर बैठे 100 से ज्यादा लोग और वरिष्ठ नौकरशाह भी शामिल होंगे। (अनंत ज्ञान)

# मणिपुर में उग्रवादी संगठन प्रीपाक के कैडर समेत छह सदस्य गिरफ्तार

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर के अलग-अलग हिस्सों में पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान प्रतिबंधित संगठन प्रीपाक (प्रो) का एक कैडर जहां गिरफ्तार हुआ है। वहीं, छह आरोपितों को 10 दो पहिया वाहनों के साथ गिरफ्तार किया गया है।

मणिपुर पुलिस मुख्यालय ने शुक्रवार को बताया कि 16 अप्रैल को सुरक्षाबलों ने उग्रवादी संगठन प्रीपाक (प्रो) के एक सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया। उसे थौबल जिले के हेइरोक थाना क्षेत्र के तहत हेइरोक पार्ट-III, इंगंगलॉक इलाके से पकड़ा गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान लाइश्राम बोइचा सिंह उर्फ चाइबा (29) के रूप में हुई है, जो काकचिंग जिले के वांगू चैरेल माखा लेइकाई का रहने वाला है। उसके पास से एक मोबाइल फोन और सिम कार्ड जब्त किया गया। (अनंत ज्ञान)

# सोना 1748 और चांदी के दाम 3362 रुपए गिरे



**एजेंसी, नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान जंग के बीच आज सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,748 रुपए घटकर 1.51 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले गुरुवार को यह 1.53 लाख पर था। वहीं, एक किलो चांदी 3,362 रुपए घटकर 2.48 लाख रुपए रह गई, जो 16 अप्रैल को 2.51 लाख रुपए पर थी। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना 49 दिन में 7,739 और चांदी 18,770 सस्ती हुई है। जंग शुरू होने से एक दिन पहले 27 फरवरी को सोना 1.59 लाख/10 ग्राम और चांदी 2.67 लाख रुपए किलो थी। साल की शुरुआत में सोने में तेजी थी, लेकिन हाल के हफ्तों में मुनाफावसूली और ईरान जंग से गिरावट आई है। उच्चतम स्तर से सोना 25 हजार सस्ता होकर अब 1.51 लाख/10 ग्राम आ चुका है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव रहा और यह ऑल टाइम हाई से तेजी से नीचे आई है। (अनंत ज्ञान)

# शाह ने समझाया, लोकसभा की सीटें कैसे होंगी 850

**एजेंसी, नई दिल्ली**

◆ **दक्षिण के 5 राज्यों की सीटें 129 से 195 हो जाएंगी; सबसे ज्यादा फायदा यूपी, महाराष्ट्र को**



**लोकसभा** में महिला आरक्षण से जुड़े संशोधन बिलों पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने समझाया कि परिसीमन से किसी राज्य को नुकसान नहीं होगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा की सीटें 543 से 850 कैसे होंगी। दरअसल, चर्चा के दौरान विपक्ष आरोप लगा रहा था कि परिसीमन से उत्तरी राज्यों को फायदा होगा, जबकि दशकों से जनसंख्या वृद्धि में अंतर की वजह से दक्षिणी राज्य पीछे रह जाएंगे। कांग्रेस ने कहा कि ये बिल महिला आरक्षण के लिए नहीं बल्कि यह चोर दरवाजे से परिसीमन के लिए हैं।

शाह ने कहा कि मान लीजिए 100 सीटें हैं और 33% महिलाओं के लिए आरक्षण देना है। यदि कुल सीटों में 50% वृद्धि कर दी जाए, तो यह 150 हो जाती हैं। और जब 150 का 33% आरक्षण लागू होता है, तो यह लगभग 100 सीटों के बराबर हो जाता है।' 'अभी लोकसभा में 543 सदस्य हैं। परिसीमन के बाद सीटों में 50% वृद्धि की जाएगी और कुल संख्या 816 हो जाएगी। इसमें से 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। 850 एक राउंड फिगर है, वास्तविक संख्या 816 होगी।'

**तमिलनाडु की सीटें 39 से 59 हो जाएंगी:** दक्षिण के पांच राज्यों की कुल लोकसभा सीटें 129 से बढ़कर 195 हो जाएंगी। उनका प्रतिशत 23.76 से बढ़कर 23.87 हो जाएगा। इस तरह प्रस्तावित 50% सीट वृद्धि से दक्षिण भारत के हर राज्य को अधिक सीटें मिलेंगी। तमिलनाडु को 20, केरल को 10, तेलंगाना को 9 और आंध्र प्रदेश को 13 अतिरिक्त सीटें मिलेंगी। उत्तर प्रदेश के बाद लोकसभा में दूसरे सबसे अधिक सांसदों वाला राज्य महाराष्ट्र है, जिसे 24 अतिरिक्त सीटें मिलेंगी। (अनंत ज्ञान)

# बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय ब्रह्मचारी को एक और मामले में मिली जमानत

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश में चट्टोग्राम ( पुराना नाम चटगांव) की एक अदालत ने हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को एक मामले में जमानत प्रदान कर दी। चिन्मय ब्रह्मचारी नवंबर 2024 से सलाखों के पीछे हैं। न्यायिक मजिस्ट्रेट शखावत हुसैन ने जमानत आदेश जारी किया। हिंदू संत के खिलाफ अनेक मामले दर्ज हैं, इसलिए अभी उन्हें न्यायिक हिरासत में ही रहना होगा। उन्हें चट्टोग्राम जेल में रखा गया है। इससे पहले उन्हें ढाका उच्च न्यायालय से बहुचर्चित देशद्रोह मामले में जमानत प्राप्त हो चुकी है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, जिस मामले में हिंदू संत को जमानत प्रदान की गई है, उसे बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) नेता और पूर्व मंत्री मीर मोहम्मद नासिर उद्दीन ने 2023 में दायर किया था। उन्होंने अपनी शिकायत में ब्रह्मचारी पर हाथजारी उपजिला के मेखला इलाके में जमीन पर कब्जा करने, धमकाने और मारपीट करने का आरोप लगाया था। इस मामले में चिन्मय कृष्ण दास और पांच अन्य लोगों को आरोपी बनाया था। ब्रह्मचारी के खिलाफ वकील सैफुल इस्लाम अलीफ की हत्या का मामला भी चल रहा है। उनपर कम से कम छह अन्य मामले भी विचाराधीन हैं। अदालत ने सात अप्रैल को बीएनपी नेता नासिर उद्दीन के मामले में हिंदू संत को औपचारिक रूप से गिरफ्तार करने याचिका को मंजूरी दी थी। उल्लेखनीय है कि 26 नवंबर, 2024 को राष्ट्रीय ध्वज के कथित अपमान को लेकर राजद्रोह का मामला सामने आने के बाद हिंसा भड़क उठी थी। इस दौरान वकील सैफ़ुल इस्लाम अलिफ की भीड़ ने पीट-पीटकर और चाकू मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद उनके पिता जमाल उद्दीन ने 31 लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया था। (अनंत ज्ञान)

# विद्यार्थियों ने एआई-संचालित प्रोजेक्ट्स के साथ एनिमैट्रिक्स में किया शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ एनीमेशन एंड डिजाइन द्वारा एनिमैट्रिक्स के तहत एक भव्य डिजिटल डिजाइन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा पूरे सेमेस्टर के दौरान किए गए रचनात्मक प्रोजेक्ट्स को प्रदर्शित किया गया।

भारत के पहले एआई-सक्षम एनीमेशन और डिजाइन स्कूल के रूप में अपनी पहचान बनाते हुए, इस प्रदर्शनी में 150 से अधिक उद्योग-तैयार प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए गए। इनमें ब्रांडिंग कैंपेन, विजुअल इफेक्ट्स, 3डी मोशन ग्राफिक्स, गेम एसेट्स और आर्किटेक्चरल विजुअलाइजेशन शामिल थे। प्रदर्शनी में सुव्यवस्थित व आधुनिक क्रिएटिव पाइपलाइंस की झलक देखने को मिली, जहां एआई टूल्स ने आइडिया डेवलपमेंट और कार्यक्षमता को मजबूत किया, जबकि डिजाइन और कहानी से जुड़े निर्णय मानवीय सोच पर आधारित रहे। इस अवसर का मुख्य आकर्षण सेमेस्टर 3 के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किया गया 3डी इंटरएक्टिव कैंपस टूर रहा, जो ओपन-वर्ल्ड गेमिंग से प्रेरित था और जिसमें इंटरएक्टिव नेविगेशन तथा कैरेक्टर-आधारित स्टोरीटेलिंग की विशेषता थी।

डायरेक्टर परमिंदर सिंह रूबल ने एआई-समर्थित शिक्षा के साथ नियमित अभ्यास के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह संयोजन विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करता है। प्रदर्शनी का उद्घाटन वाइस-चांसलर प्रो. (डॉ.) संजय कुमार और प्रो वाइस-चांसलर प्रो. (डॉ.) सतीश कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर चेयरमैन गुरविंदर सिंह बाहरा और वाइस-चेयरमैन गुरिंदर सिंह बाहरा भी उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यार्थियों की नवाचार क्षमता की सराहना की। प्रो. संजय कुमार ने प्रोजेक्ट्स की प्रशंसा करते हुए कहा कि रचनात्मक शिक्षा में एआई का सार्थक समावेश भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप एक महत्वपूर्ण कदम है।

# केंद्र सरकार ने पंजाब-चंडीगढ़ में गेहूं खरीद नियमों में दी ढील

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** केंद्र सरकार ने पंजाब और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की मंडियों से गेहूं खरीद के नियमों में ढील देते हुए किसानों को बड़ी राहत दी है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने रबी विपणन सत्र (आरएमएस) 2026-27 के लिए संशोधित अधिसूचना जारी की है। यह निर्णय बेमौसम बारिश से प्रभावित गेहूं की फसल को देखते हुए लिया गया है। नई व्यवस्था के तहत गेहूं के लस्टर लॉस (चमक में कमी) की सीमा में 70 प्रतिशत तक ढील दी गई है। वहीं सिकुड़े और टूटे दानों की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी गई है। इससे किसानों को अपनी उपज बेचने में आसानी होगी और मंडियों में खरीद प्रक्रिया तेज होगी। इस मामले में केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू और राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को ज्ञापन सौंपकर मानकों में ढील की मांग की थी। इसके बाद केंद्र सरकार ने 70 मंडियों का निरीक्षण कर 300 से अधिक सैंपल का मूल्यांकन कराया। राज्य सरकार ने भी 9 अप्रैल 2026 को अनुरोध पत्र भेजा था।

# टैक्स चोरी पर नकेल व फील्ड कार्रवाई होगी मजबूत: चीमा

**अनंत ज्ञान**



**मोहाली।** पंजाब के वित्त, आबकारी और कर मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आबकारी व कर विभाग की कार्यशील गतिशीलता और एनफोर्समेंट क्षमताओं को मजबूत करने के लिए 25 नई बोलेरो गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस कदम से फील्ड में मौजूदगी में काफी वृद्धि होगी, टैक्स चोरी को नकेल डाली जाएगी और पंजाब सरकार के लिए राजस्व एकत्र करने को बढ़ावा मिलेगा।

प्रेस को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, 'आज हमारे राज्य प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि हम आबकारी और कर विभाग की कार्यशील गतिशीलता और एनफोर्समेंट क्षमताओं को महत्वपूर्ण ढंग से बढ़ाने के लिए आधिकारिक तौर पर 25 नए बोलेरो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर कार्रवाइयों को मजबूत करने और व्यापक भौगोलिक पहुंच की आवश्यकता पर जोर देते हुए वित्त मंत्री ने कहा, 'अधिकतम भौगोलिक कवरेज व कार्यशील दक्षता को सुनिश्चित करने के लिए, विभाग ने लगभग 2.21 करोड़ रुपए की कुल लागत से ये 25 बोलेरो वाहन खरीदे हैं। इन वाहनों को विभिन्न जिलों, एनफोर्समेंट विंगों और हमारी महत्वपूर्ण मोबाइल यूनिट्स में तैनात किया जाएगा। पंजाब के वित्त को मजबूत करने में विभाग द्वारा निभाई गई अहम भूमिका को उजागर करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, 'आबकारी व कर विभाग पूरे राज्य में टैक्स कानूनों की सख्ती से पालन सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, विभाग ने शानदार प्रदर्शन किया और पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के मुकाबले टैक्स संग्रह में स्वस्थ वृद्धि दर्ज की गई। मजबूत राजस्व वृद्धि का विवरण देते हुए उन्होंने कहा, 'कुल टैक्स राजस्व में साल-दर-साल मजबूत वृद्धि देखने को मिली है। कुल जीएसटी कलेक्शन 11.87% बढ़कर 24,799.18 करोड़ रुपए से 27,744.05 करोड़ रुपए हो गया है, जबकि शुद्ध जीएसटी कलेक्शन 12.52% की वृद्धि के साथ 23,642.08 करोड़ रुपए से 26,601.12 करोड़ रुपए हो गया है। इसी तरह, हमारे आबकारी राजस्व में 9.15% की वृद्धि हुई है, जो 2024-25 में 10,752.80 करोड़ रुपये के मुकाबले 11,736.57 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। एनफोर्समेंट के परिणामों में हुए बड़े सुधार को रेखांकित करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, 'एक शानदार उपलब्धि एनफोर्समेंट गतिविधियों में स्टेट इंटेलिजेंस एंड प्रिवेंटिव यूनिट्स का बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में, सड़क चेकिंग और निरीक्षणों के माध्यम से लगाया गया कुल जुर्माना 321.04 करोड़ रुपए था।

# वेलवेट क्लार्क्स एक्सोटिका जीरकपुर में एंग्लो-इंडियन फूड फेस्टिवल शुरू

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़/जीरकपुर।** वेलवेट क्लार्क्स एक्सोटिका के इल्यूजन आउटलेट में 17 अप्रैल से 27 अप्रैल तक एंग्लो-इंडियन फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह 11 दिवसीय फूड फेस्टिवल रोजाना शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक चलेगा, जिसमें मेहमानों को ब्रिटिश और भारतीय स्वादों के अनोखे संगम का अनुभव मिलेगा। इस खास फेस्टिवल में एंग्लो-इंडियन व्यंजनों की समृद्ध विरासत को पेश किया जाएगा, जो औपनिवेशिक काल के दौरान विकसित हुई थी।

मेन्यू में मुलिगटॉनी सूप, रेलवे मटन कटलेट और रेलवे वेज कटलेट जैसे पारंपरिक व्यंजन शामिल हैं, जो पुराने रेलवे सफर की यादें ताजा करते हैं। मुख्य व्यंजनों में नॉन-वेज बॉल करी विद येलो राइस, रेलवे चिकन करी, चिकन स्टू, वेज जालफ्रेजी और वेज कोलकाता बिरयानी जैसे खास पकवान परोसे जाएंगे। इसके साथ ही मेहमानों के लिए शिमला ईवनिंग स्प्रिट्ज और द एंग्लो हर्ब स्प्लैश जैसे खास मॉकटेल भी उपलब्ध रहेंगे। डेजर्ट में कैरेमल कस्टर्ड और ब्रेड पुडिंग विद वनीला सॉस जैसे क्लासिक मीठे व्यंजन इस अनुभव को खास बनाएंगे। आयोजकों के अनुसार, यह फेस्टिवल सिर्फ खाने का नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक अनुभव भी होगा, जो परिवारों, कॉर्पोरेट मेहमानों और फूड लवर्स के लिए खास तौर पर तैयार किया गया है। शेफ योगेश ने कहा कि एंग्लो-इंडियन खाना 'इतिहास को प्लेट पर परोसने' जैसा है, जहां हर डिश अपनी कहानी बयां करती है। वहीं होटल के जनरल मैनेजर मनींदरजीत सिंह सिबल ने बताया कि यह फेस्टिवल एक अनोखी खानपान विरासत को समर्पित है, जो विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ता है। आयोजकों ने शहरवासियों से इस खास फूड फेस्टिवल का आनंद लेने की अपील की है।

# पोषण, प्रारंभिक शिक्षा व सामुदायिक भागीदारी को मिला बढ़ावा

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न केंद्रों पर पोषण, प्रारंभिक बाल देखभाल तथा सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनेक गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया।

आरसी धनास-1 में 'डू-इट-योरसेल्फ खिलौना निर्माण' विषय पर एक रोचक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर एक जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें अभिभावकों को घर में उपलब्ध साधारण सामग्रियों से सुरक्षित, कम लागत वाले एवं शिक्षाप्रद खिलौने बनाने के बारे में जानकारी दी गई। विकास नगर में 3-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे उनके शारीरिक विकास, समन्वय एवं टीम भावना को मनोरंजक तरीके से प्रोत्साहन मिला। पलसौरा में नवचेतना फ्रेमवर्क (0-3 वर्ष) के अंतर्गत 'घर पर प्रारंभिक शिक्षा के लिए कम लागत वाली सामग्री का उपयोग' विषय पर सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र के दौरान अभिभावकों को सरल व स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से बच्चों के प्रारंभिक सीखने एवं विकास को प्रोत्साहित करने के तरीके बताए गए। इन प्रमुख गतिविधियों के अतिरिक्त विभिन्न केंद्रों पर कई सहायक पहलें भी संचालित की गईं। इनमें सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु युवा समूह बैठकें, बेहतर पोषण के लिए मिलेट्स का प्रचार-प्रसार, 'पोषण वाटिका' (किचन गार्डन) अभियान, मिलेट्स के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए घर-घर जागरूकता अभियान, तथा आंगनवाड़ी केंद्रों को सीखने के केंद्र के रूप में प्रोत्साहित करना शामिल रहा। इन गतिविधियों में समुदाय की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिसने पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक बाल विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# डिजिटल प्लेटफॉर्म की सरलता, सुलभता और सुरक्षित प्रकृति को रेखांकित किया

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** जनगणना 2027 में जनभागीदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, डॉ. सागर प्रीत हुड्डा, आईपीएस, पुलिस महानिदेशक, यूटी चंडीगढ़ ने ऑनलाइन जनगणना पोर्टल के माध्यम से सफलतापूर्वक स्वयं-गणना प्रक्रिया पूर्ण की।

इस प्रक्रिया को डॉ. नवजोत खोसा, आईएएस, निदेशक, जनगणना संचालन निदेशालय, यूटी चंडीगढ़ तथा सुश्री खुशप्रीत कौर, एसडीएम (सेंट्रल), यूटी चंडीगढ़ द्वारा सुगम बनाया गया। स्वयं-गणना प्रक्रिया अपनाते हुए पुलिस महानिदेशक ने डिजिटल प्लेटफॉर्म की सरलता, सुलभता एवं सुरक्षित प्रकृति को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की नागरिक-केंद्रित पहलें न केवल गणना प्रक्रिया को सरल बनाती हैं, बल्कि आंकड़ों के संकलन में अधिक सटीकता और पारदर्शिता भी सुनिश्चित करती हैं। उन्होंने आगे सभी पुलिस कर्मियों एवं आम जनता से अपील की कि वे स्वयं-गणना सुविधा का अधिकाधिक उपयोग करते हुए जनगणना 2027 में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी बताया कि समयबद्ध एवं सटीक जानकारी का संकलन प्रभावी नीति-निर्माण, संसाधनों के कुशल आवंटन तथा सुशासन को सुदृढ़ करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनगणना 2027 की एक प्रमुख विशेषता 'स्वयं-गणना' है, जो नागरिकों को अपने घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से अपनी जनसांख्यिकीय एवं सामाजिक-आर्थिक जानकारी प्रस्तुत करने की सुविधा प्रदान करती है। यह पहल भौतिक संपर्क की आवश्यकता को कम करते हुए प्रक्रिया की दक्षता, कवरेज एवं विश्वसनीयता को बढ़ाती है।

# 8 .47 करोड़ से 174 विकास कार्य प्रगति पर

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला साहिबजादा अजीत सिंह नगर में 'रंगला पंजाब' मिशन के तहत लगभग 8.47 करोड़ रुपए की लागत से 174 विकास कार्य प्रगति पर हैं।

यह जानकारी कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने संबंधित अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान दी। इस अवसर पर पंजाब यूथ डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन परमिंदर सिंह गोल्डी तथा जिला योजना समिति की चेयरपर्सन इंजीनियर प्रभजोत कौर भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूर्ण किए जाएं। डीसी कोमल मित्तल ने बताया कि कुल 174 कार्यों में से 45 कार्य पूरे किए जा चुके हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 2.5-2.5 करोड़ रुपए की अतिरिक्त किश्त प्राप्त हो चुकी है। मोहाली, खरड़, डेराबस्सी व बनूड़ क्षेत्रों में चल रहे इन विकास कार्यों में कम्युनिटी सेंटर, पंचायत घर, धर्मशालाएं, खेल मैदान, गलियां, ड्रेनेज सिस्टम, श्मशान घाटों की चारदीवारी, गांवों के प्रवेश द्वार, डिस्पेंसरी की मरम्मत, स्कूल कक्षों का निर्माण, सोलर लाइटों की स्थापना तथा कच्चे मकानों को पक्के मकानों में परिवर्तित करना शामिल है। मंत्री ने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए अतिरिक्त 5 करोड़ रुपए जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को निरंतर सुदृढ़ कर रही है, जिसमें सड़क नेटवर्क, नहर सिंचाई, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस दौरान 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई, जो 'रंगला पंजाब' मिशन का एक अहम हिस्सा है। एसपी (पीबीआई) दीपिका सिंह और एसपी (मुख्यालय) मोहित अग्रवाल ने बताया कि लगभग 333 गांवों/वार्डों में रक्षा समितियां सक्रिय रूप से लोगों को जागरूक कर रही हैं। इसके अतिरिक्त नशा प्रभावित क्षेत्रों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है तथा नशा मुक्ति केंद्रों के माध्यम से प्रभावित व्यक्तियों का उपचार भी सुनिश्चित किया जा रहा है। बैठक में अन्य अधिकारियों में नगर निगम मोहाली के कमिश्नर संदीप सिंह गाढ़ा, एडीसी (ग्रामीण विकास) सोनम चौधरी, डिप्टी इकोनॉमिक एंड स्टैटिस्टिकल एडवाइजर गुरमिंदर कौर तथा खरड़, डेराबस्सी और माजरी के बीडीपीओ भी उपस्थित थे।

